

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, रविवार 13 अक्टूबर 2024 ■ आश्विन शुक्ल पक्ष-11 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-195 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 14 अक्टूबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## आत्मसमर्पित नक्सलियों का घर बसाएगी सरकार

### स्वरोजगार के लिए मिलेगा लोन

■ रायपुर 13 अक्टूबर

आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास की नीति राज्योत्सव के अवसर पर लांच होगी। इसके प्रमुख प्रविधानों के अनुसार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार मुख्यधारा से जुड़ने वालों का घर बसाएगी। उन्हें उनकी जरूरत की सभी चीजें दी जाएंगी। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों और उनके स्वजन विकास के लिए सरकार अलग से बजट भी निर्धारित करेगी।

पुनर्वास की नीति के ज्यादातर प्रविधान असम से लिए गए हैं।



प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा ने असम का दौरा करके यहां अध्ययन किया है और वहां की नीति का 80 प्रतिशत हिस्सा छत्तीसगढ़ में भी लागू किया जा सकता है।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि आत्मसमर्पित नक्सलियों के लिए हमारी सरकार उनके आवास की व्यवस्था करेगी। सरकार की सभी योजनाओं के लाभ तो मिलेगा ही साथ ही उनके लिए विशेष नीति हम जल्द ही लांच कर लेंगे।

रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार जिस तरह से पूर्वोत्तर राज्यों में खासकर असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और त्रिपुरा में आतंकवादियों के आत्मसमर्पण व पुनर्वास की नीति के बाद यहां आतंकवाद में नियंत्रण पाया गया है, उसी फार्मूले से छत्तीसगढ़ में भी नक्सलियों का अंत किया जा सकता है।

इसके लिए पुनर्वास नीति बहुत जरूरी है, क्योंकि ऐसे गुमराह युवक जो कि हार्डकोर नक्सलियों के दुष्चक्र में फंस गए हैं। उन्हें मुख्यधारा में लाने के बाद वह दोबारा नक्सलियों के चंगुल में न फंसे इसे रोकने की चुनौती होगी।

नक्सलियों के खिलाफ साय सरकार लगातार कार्रवाई कर रही है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार जनवरी से लेकर अब तक छत्तीसगढ़ में 194 नक्सलियों को मुठभेड़ में मारा गया है। 801 नक्सली गिरफ्तार और 742 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है।

## महाराष्ट्र में कानून-व्यवस्था पूरी तरह फेल: राहुल

■ मुंबई 13 अक्टूबर

मुंबई में शनिवार रात को एनसीपी के दिग्गज नेता बाबा सिद्दीकी की तीन शूटर्स ने गोली मारकर हत्या कर दी गई. वारदात को अंजाम देने वाले तीनों शूटर्स में से दो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. बाबा की मौत के बाद राजनीतिक जगत से लेकर बॉलीवुड जगत तक शोक की लहर है. अब उनकी हत्या पर राहुल गांधी ने भी दुख जाहिर किया और न्याय की मांग की है.



राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए महाराष्ट्र की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए. उन्होंने लिखा, बाबा सिद्दीकी जी की मौत चौंकाने वाली और दुखद है. इस मुश्किल समय में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं. महाराष्ट्र में कानून व्यवस्था पूरी तरह से फेल है, जिसे यह भयावह घटना उजागर करती है. सरकार को इस घटना की जिम्मेदारी लेनी चाहिए और न्याय मिलना चाहिए।

## संक्षेप

### ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से तीन लोगों की मौत

**जशपुर 13 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है, बताया जा रहा है कि एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गया, हादसे में 2 महिला समेत 3 लोगों की मौत हो गई. वहीं आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए. जिसमें से दो घायलों की हालत गंभीर है. वहीं घटना के बाद कोहराम मच गया है. मिली जानकारी के अनुसार, दहशरा पर्व के मौके पर सुरेशपुर हर्रामार गांव में नाटक का आयोजन किया गया था. जिसे देखने के लिए पंडरीपानी से करीब 30 ग्रामीण ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार होकर गए थे. नाटक देखने के बाद लौटते समय रविवार की तड़के 4 बजे ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर मिर्जापुर गांव के समीप सड़क के किनारे पलट गई. हादसे में 2 महिला समेत 3 लोगों की मौत हो गई. वहीं आठ लोग घायल हो गए. तत्काल सभी घायलों को सिविल अस्पताल पत्थलगांव में भर्ती कराया गया हैं.

### मां के सामने चार साल के बेटे को सौतेले पिता ने पटक-पटककर उतारा मौत के घाट

**कोरबा 13 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. उरगा थाना क्षेत्र के पहरी पारा में एक सौतेले पिता ने अपने चार साल के बेटे को बेरहमी से मार डाला. घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है. घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मार्ग कायम कर जांच में जुट गई है. वहीं आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है. जानकारी के अनुसार, उरगा थाना क्षेत्र पहरी पारा निवासी मंजीत कुर्रे बीते शनिवार की रात नशे में धुत होकर अपने घर पहुंचा. घर पहुंचते ही वह अपनी पत्नी से झगड़ा करने लगा और उसे कमरे से बाहर निकाला और कमरे में बंदकर 4 साल के सौतेले बेटे बिहान को पटक-पटक कर मार डाला. बताया जा रहा है कि आरोपी मंजीत ने कुछ महीने पहले ही रामशिला नाम की महिला से प्रेम विवाह किया था और उसे अपने बच्चे के साथ अपने घर में रखा हुआ था. वह अपनी पत्नी को हमेशा बच्चे को दादा-दादी के पास छोड़कर आने को कहता था. लेकिन पत्नी अपने बच्चे को छोड़ना नहीं चाहती थी. जिससे गुस्साया पति मंजीत शराब के नशे में कल देर रात घर आया और पत्नी से 'तेरी जान है बेटा' कहकर विवाद करने लगा. इसी बीच मंजीत ने पहले अपनी पत्नी को कमरे से बाहर निकाला और फिर अपने बेटे को पटक-पटक कर मौत की नींद सुला दिया. इस घटना की सूचना फौरन पुलिस को दी गई. सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई करते हुए आरोपी पिता मंजीत को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की कार्रवाई जारी है.

### जेब में रखा मोबाइल गर्म होकर फटा

**रायगढ़ 13 अक्टूबर।** मिली जानकारी के अनुसार पड़ोसी राज्य उड़ीसा से रायगढ़ दुर्गा पूजा में कार्यक्रम पेश करने आए कलाकारों में से एक के जेब में रखा रेडमी कम्पनी का मोबाइल अचानक गर्म होकर फट गया। सब कुछ इतनी जल्दी में हुआ कि जब तक युवक कुछ समझ पाता तब तक मोबाइल फट गया। बताया जा रहा है कि उड़ीसा के हीराकुंड का रहने वाला कलाकार रवि लोहार उम्र 15 वर्ष अपने कलाकार साथियों के साथ रायगढ़ जिला मुख्यालय में आयोजित दुर्गा पूजा कार्यक्रम में भाग लेने आया था। सुबह जब वो आपस में बात कर रहे थे,तभी उसकी जींस की जेब में रखा रेडमी मोबाइल गर्म होने लगा। जब तक वो उसे जेब से निकाल कर बाहर फेंक पाता मोबाइल फट गया। जिससे युवक आंशिक रूप से घायल हो गया। घटना के बाद उसके साथ खड़ा कलाकार साथ उमाकांत सोनार उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचा। यहां युवक का इलाज जारी हैं।

## स्काई लिफ्ट पलटने से राम, लक्ष्मण और हनुमान चोटिल

**जांजगीर-चांपा 13 अक्टूबर।** रावण दहन कार्यक्रम के दौरान रावण संवाद के लिए लगाया गया स्काई लिफ्ट पलट गया. हादसे में राम, लक्ष्मण और हनुमान को जहां चोट आई, वहीं तीन दर्शक को गंभीर रूप से घायल हो गए. इनमें से एक को बिलासपुर रेफर किया गया है. आशीष तिवारी चांपा के भालेराय मैदान में शनिवार को रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गया था.



कार्यक्रम में सांसद कमलेश जांगड़े के अलावा कलेक्टर आकाश छिकारा और एसपी विवेक शुक्ला मौजूद थे. रावण संवाद के लिए बेन स्काई लिफ्ट लाया गया था, जो अचानक पलट गया.

हादसे में राम, लक्ष्मण और हनुमान का पात्र निभा रहे कलाकार को हल्की चोट आई, वहीं नीचे खड़े तीन दर्शक गंभीर रूप से घायल हो गए. इनमें से एक अवधेश सिंह के दोनों पैर का घुटना टूट गया, जिसे उपचार के लिए बिलासपुर रेफर किया गया.

स्काई लिफ्ट के नीचे गिरने की घटना कुछ देर तक दर्शकों को समझ में नहीं आई. जब स्काई लिफ्ट की बात फैली तो दर्शकों में अफरा-तफरी मची. घायलों को किसी तरह से बाहर निकाल उपचार के लिए रवाना किया गया.

इस तरह से 15-20 मिनट की हलचल के बाद रावण दहन का कार्यक्रम संपन्न किया गया. सांसद, कलेक्टर और एसपी की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में आयोजक समिति की इस तरह की लापरवाही पर लोग सवाल उठा रहे हैं।

## बिलासपुर-नागपुर वंदे भारत में बढ़ेंगे कोच

■ रायपुर 13 अक्टूबर

छत्तीसगढ़ में दो वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन हो रहा है. बिलासपुर-नागपुर वंदे भारत लगभग हाउस फुल चल रही है. इस ट्रेन का परिचालन मात्र 8 कोच के साथ किया जा रहा है. ऐसे में बर्थ की संख्या भी कम है. हालात यह है कि ट्रेन की एक्यूपेसी 117 प्रतिशत तक पहुंच जाती है. मतलब कई दिन तो ट्रेन में वेटिंग लिस्ट चलती है. दूसरी तरफ दुर्ग विशाखापट्नम वंदे भारत ट्रेन का परिचालन 16 कोच के साथ किया जा रहा है. इस ट्रेन में सफर करने के लिए यात्री नहीं मिल रहे है. लगभग पूरी ट्रेन खाली रहती है.

बताया जा रहा है कि 83 प्रतिशत बर्थ खाली जा रही है. ऐसे में रेलवे को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है. रेलवे अब छत्तीसगढ़ दुर्ग-विशाखापट्नम में 16



कोच, 83 प्रतिशत बर्थ रहती है खाली प्रतिशत एक्यूपेंसी की इन दोनों बंदे भारत टेन के रैकों की बदला-बदली करने पर विचार कर रहा है. मतलब दुर्ग-विशाखापट्नम ट्रेन के 16 रैक को बिलासपुर-नागपुर वंदे भारत ट्रेन के 8 रैंक के साथ बदला जाएगा. इसका सीधा लाभ बिलासपुर-नागपुर बंदे भारत ट्रेन के यात्रियों को मिलेगा.

ट्रेन में पर्याप्त बर्थ होने से यात्रियों को कंफर्म टिकट मिलेगी. दूसरी दुर्ग- विशाखापट्नम वंदे भारत को 8 रैंक के साथ चलाने पर एक्यूपेसी 50 प्रतिशत से अधिक हो जाएगी. मतलब ट्रेन की 50 प्रतिशत से ज्यादा बर्थ में यात्री नजर आएंगे. रैकों के एक्सचेंज का फायदा रेलवे को भी है. रैंकों की अदला-बदला से रेलवे को अपने नुकसान की भरपाई करने में मद्द मिलेगी.

दुर्ग-विशाखापट्नम वंदे भारत ट्रेन की लगभग खाली चल रही है. ऐसे में रेलवे दूसरे विकल्प पर भी विचार कर रही है. दुर्ग-विशाखापट्नम वंदे भारत ट्रेन सुबह 6.13 बजे रायपुर पहुंची है. इसके करीब 2 घंटे बाद बिलासपुर-नागपुर बंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन सुबह 8.01 बजे रायपुर रेलवे स्टेशन पहुंचती है. रेलवे इन दोनों ट्रेनों के टाइम टेबल में परिवर्तन करना चाहती है. मतलब बिलासपुर-नागपुर वंदे भारत ट्रेन के रायपुर पहुंचे के 5 मिनट बाद दुर्ग-विशाखापट्नम वंदे भारत ट्रेन रायपुर पहुंचे. इससे बिलासपुर के यात्रियों को विशाखापट्नम तक के लिए वंदे भारत ट्रेन की सुविधा मिलेगी. दूसरी तरफ दुर्ग-विशाखापट्नम वंदे भारत एक्सप्रेस लगभग हाउस फुल चलने लगेगी।

## पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान भारत के बुनियादी ढांचे में क्रांति लाने की पहल

**नई दिल्ली 13 अक्टूबर।** पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान (पीएमजीएस-एनएमपी) को तीन साल पूरे हो गए। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह प्लान भारत के बुनियादी ढांचे में क्रांतिकारी बदलाव लाने के उद्देश्य से एक परिवर्तनकारी पहल के रूप में उभरा है। बता दें, प्रधानमंत्री ने 13 अक्टूबर 2021 को पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान की शुरुआत की थी। इसका उद्देश्य विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों को मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी उपलब्ध कराना था।

प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को अपने 'एक्स' पर एक पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने लिखा, पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान भारत के बुनियादी ढांचे में क्रांति लाने के उद्देश्य से एक परिवर्तनकारी पहल के रूप में उभरा है। इसने मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाया है, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में तेज और अधिक प्रभावी विकास हुआ है। उन्होंने आगे कहा, विभिन्न हितधारकों के निर्बाध एकीकरण से लॉजिस्टिक्स को बढ़ावा मिला है, देरी कम हुई है और कई लोगों के लिए नए अवसर पैदा हुए हैं।




एक अन्य पोस्ट में पीएम मोदी ने लिखा, गतिशक्ति की बदौलत भारत विकसित भारत के हमारे विज़न को पूरा करने के लिए गति बढ़ा रहा है। यह प्रगति, उद्यमशीलता और नवाचार को प्रोत्साहित करेगा।

मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को भी टैग किया। गोयल ने इस पहल के तीन साल पूरे होने पर इसकी सराहना की। गोयल ने कहा, आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी के लिए पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान शुरू किए तीन साल पूरे हो गए हैं। लॉजिस्टिक्स को सुव्यवस्थित करने और कनेक्टिविटी को आगे बढ़ाकर, यह अग्रणी पहल तेजी से और अधिक कुशल परियोजना कार्यान्वयन सुनिश्चित करती है। उन्होंने कहा कि यह एक आधुनिक, परस्पर जुड़े बुनियादी ढांचे के नेटवर्क को विकसित करने, विकसित भारत के निर्माण के दृष्टिकोण को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

## नया रायपुर में बनेगी 250 करोड़ की लागत से फिल्म सिटी

**राज्य सरकार ने फिल्म सिटी बनाने का निर्णय लिया, केन्द्र सरकार को भेजा जाएगा प्रस्ताव**

**रायपुर 13 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ में बॉलीवुड की बढ़ती दिलचस्पी के बाद राज्य में फिल्म सिटी निर्माण की लेकर सुगबुगाहट तेज हो गई है। राज्य सरकार ने फिल्म सिटी बनाने का निर्णय लिया है। फिल्म सिटी बनाने के लिए संस्कृति विभाग ने एक प्रस्ताव तैयार किया है, जिसे केंद्र सरकार की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा।

फिल्म सिटी निर्माण के लिए 250 करोड़ रुपए का प्रस्ताव बनाया गया है। नवा रायपुर में प्रारंभिक तौर पर इसके लिए करीब दो सौ एकड़ जमीन भी चिन्हित कर ली गई है। उल्लेखनीय है कि, छत्तीसगढ़ी फिल्म उद्योग को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इसमें रूचि दिखाई है।

मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद फिल्म सिटी का प्रस्ताव तैयार किया गया है। केंद्र सरकार की स्वीकृति के बाद फिल्म सिटी पर काम शुरू कर दिया जाएगा। केंद्र और राज्य में भाजपा सरकार होने की वजह से इसकी स्वीकृत जल्द होने की उम्मीद है। फिल्म सिटी नवा रायपुर में 150 से 200 एकड़ जमीन पर बनाने की तैयारी है। जिन राज्यों में फिल्म सिटी पर काम किया गया है वहां का अध्ययन भी संस्कृति विभाग के अफसरों के द्वारा किया गया है, उसके आधार पर इसे तैयार किया जाएगा।

## घर में सो रहे बुजुर्ग की हत्या

■ बलौदाबाजार 13 अक्टूबर

सिमगा थाना क्षेत्र के ग्राम लांजा में बीती रात एक बुजुर्ग की घर में सोते वक्त हत्या कर दी गई. घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है. मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कार्रवाई कर जांच में जुट गई है. मिली जानकारी के अनुसार, जब शत्रुहन जोशी (उम्र 65 वर्ष) अपने घर में सो रहा था, तब अज्ञात हमलावर घर में घुसे और हमला कर लहूलुहान कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. सूत्रों की माने तो आरोपी और मृतक के घरवालों के बीच पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद हुआ था, जिसकी सूचना सिमगा थाना में भी दी गई थी. लेकिन पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया और मामले को टाल दिया. इस बीच बुजर्ग की हत्या हो गई, जिससे पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया है. घटना की सूचना मिलते ही सिमगा थाना प्रभारी सहित अधिकारी और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है. मामले में पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया है, जिससे पूछताछ जारी है. फिलहाल, मामले की जांच जारी है और पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि हत्या के पीछे असली कारण क्या है।

## छत्तीसगढ़ में 15 नवंबर से शुरू होगी धान खरीदी

**रायपुर 13 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ में किसानों के लिए धान खरीदी एक बड़े त्यौहार जैसा होता है, और इस साल भी राज्य सरकार ने 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू करने की तैयारी कर ली है। खाद्य और कृषि विभाग के अनुसार, इस साल 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। धान खरीदी के लिए प्रदेशभर में 2058 कॉपरेटिव सोसाइटी और 2739 धान उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं, जिससे प्रक्रिया को तेज किया जा सके। किसानों को इस साल भी 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से समर्थन मूल्य मिलेगा, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। सरकार ने धान खरीदी केंद्रों पर किसानों के लिए आवश्यक सुविधाएं, जैसे बैठक व्यवस्था और पेयजल की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं, ताकि किसानों को किसी प्रकार की समस्या न हो।

**किसानों को 3100 रुपये प्रति क्विंटल का मिलेगा समर्थन मूल्य**

## हां,मैंने बाबा सिद्दीकी को मारा है: लॉरेंस बिश्नोई गैंग

**मुंबई 13 अक्टूबर।** एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में इस वक्त की बड़ी खबर सामने आई है। लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने बाबा सिद्दीकी के हत्या की जिम्मेदारी ली है। बिश्नोई गैंग ने फेसबुक पोस्ट कर इस हत्याकांड की जिम्मेदारी ली है। पोस्ट सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस पोस्ट में गैंग ने दावा किया है कि वे सलमान खान से कोई युद्ध नहीं चाहते थे, लेकिन बाबा की हत्या की वजह उनके दाऊद इब्राहीम और अनुज थापन के साथ जुड़ाव था।

## नकली दवा के नाम पर मेडिकल स्टोर संचालकों से उगाही, पांच गिरफ्तार

■ दुर्ग 13 अक्टूबर

दवा दुकानों में छापेमारी कर नकली दवा के नाम पर दवाओं की सैंपलिंग लेकर दुकान संचालकों को धमकाने और उगाही करने वाले पांच फर्जी ड्रग इंस्पेक्टर पकड़े गए हैं. पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. धमधा थाना प्रभारी पीडी चंद्रा ने बताया कि ग्राम धुमा धमधा निवासी रघुनंदन प्रसाद वर्मा (68 वर्ष) ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह खेती-किसानी का काम करता है. उसके बेटे दिलेंद्र कुमार वर्मा ने तीन साल पहले लाइसेंस लेकर घर में मेडिकल दुकान खोली थी. गुरुवार दोपहर वह ग्राम सिलपट्टी में दशगात्र



कार्यक्रम में शामिल होने गया था.

उस दौरान दुकान में बैठे लड़के ने बताया कि एक शख्स ने कॉल कर खुद को ड्रग इंस्पेक्टर बताते हुए बिना लाइसेंस के दवा दुकान चलाने पर कार्यवाई के लिए धमकाने लगा. इसके साथ ही खैरागढ़ कलेक्टोरेट में मिलने के लिए बुलाया है.

बेटे से बात खत्म होने के बाद रधुनंदन ने बहू को कॉल किया. उसने बताया कि स्कार्पियों (सीजी 17 केएच 8580) में पांच लोग सवार होकर घर आए और खुद को ड्रग इंस्पेक्टर बताकर मेडिकल दुकान में घुस गए. और बिना लाइसेंस दुकान चलाने पर जेल भेजने की धमकी लेने लगे. इसके साथ जाते समय कुछ दवाएं सैम्पल के लिए साथ ले गए.

इसके बाद जब शाम को घर पहुंचा तो ग्राम खैरझिटी निवासी वैद्यराज जोहन लाल वर्मा से मुलाकात हुई. जब उन्हें घटनाक्रम बताया तो उन्होंने ने भी स्कार्पियों में सवार होकर 5 लोग आए, खुद को ड्रग इंस्पेक्टर बताए और आयुर्वेदिक दवाओं के दो डिब्बे अपने साथ ले गए. बुजुर्ग की शिकायत के बाद पुलिस ने 5 आरोपियों की पहचान पंडरिया कवर्धा निवासी मनीष जंघेल, भूषण वर्मा, तारन वर्मा, टाकेश्वर जंघेल, अतेनमणी अंचित के रूप में हुई।

## रेल हादसे तो होते रहते हैं: ललन

**पटना 13 अक्टूबर।** मैसूर से चलकर दरभंगा आने वाले बागमती एक्सप्रेस हादसे के सवाल पर जेडीयू के सांसद और जेडीयू कोटे से मंत्री ललन सिंह ने गैरजिम्मेदारी भरा जवाब दिया. उन्होंने कहा कि ट्रेन हादसे तो होते रहते हैं. लगातार हो रहे ट्रेन हादसे की वजह से रेलवे पर सवाल भी खड़े होने लगे हैं.'साजिश के कारण ट्रेन हादसे' बता दें कि मीडिया कर्मियों ने पटना में ललन सिंह से मैसूर दरभंगा हादसे पर प्रतिक्रिया लेनी चाही तो उन्होंने बिना किसी लागलपेट के इसे साजिश करार दिया. उन्होंने कहा कि देश में ट्रेनों हादसों की साजिशें रची जा रही है. इसके लिए उन्होंने उदाहरण भी दिये.




कावरपेट्टई स्टेशन पर मैसूर-दरभंगा बागबमती एक्सप्रेस रुकी हुई मालगाड़ी से टकरा गई थी. इस हादसे के कारण ट्रेन के 12 डिब्बे डिरेल हो गए. कम से कम 19 यात्री घायल हो गए. बचाव अभियान जोरों पर चलाया गया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया.ट्रैक पर मिल चुके हैं संदिग्ध सामान- आए दिन ट्रेन हादसे की खबरें मीडिया में सुर्खियों में रहती हैं. ये भी सच है कि इस बीच ट्रैक पर कभी गैस सिलेंडर, तो कभी ट्रैक पर आयरन रॉड रखकर ट्रेन को डिरेल करने की साजिश को नाकाम किया गया है. ऐसे कई हादसे हुए हैं जिनकी जांच रेलवे कर रहा है. लेकिन जिस तरह से केंद्रीय मंत्री ने जवाब दिया वह ठीक नहीं कहा जा सकता.रेलवे भरोसे की सवारी भारत में रेलवे में प्रतिदिन करोड़ों यात्री सफर करते हैं. जब एक मंत्री इस तरह का बयान देंगे तो आम यात्री किस भरोसे ट्रेनों में सफर करेंगे? कभी नैतिकता के आधार पर रेल मंत्री के पद से इस्तीफा देने वाले नीतीश के मंत्री के ऐसे बयान पर सवाल उठना भी लाजमी है।

## एक नजर

### अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर बाइक सवार की मौत

**भिलाई 13 अक्टूबर।** अज्ञात वाहन चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एक्टिवा चालक को जमकर टक्कर मार दी। इससे एक्टिवा चालक युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। मौके पर पहुंची पद्मनाभपुर थाना पुलिस ने शव को जिला अस्पताल के मर्चुरी पहुंचाया पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 194 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है पद्मनाभपुर टीआई अंबिका प्रसाद ध्रुव ने बताया कि देर रात सुभाष नगर वार्ड 42 दुर्गा मंदिर के पास रहने वाला नीरज नागवंशी (25 वर्ष) एक्टिवा से आरटीओ कार्यालय मेन रोड के सामने से अपने घर की ओर जा रहा था।

### जिला पंचायत चुनाव की चर्चा सुबह से शुरू होती है चाय पीने वाली दुकानों में



**कवर्धा 13 अक्टूबर।** रविवार की सुबह मां महामाया मंदिर के पास और भोजली तालाब के पास और पोड़ी में प्रकाश कुंभकार टी रेस्टोरेंट और देवांगन चाय दुकानों में चर्चा हर दिन होती हुई दिखती है की आखिर कौन लड़ेगा जिला पंचायत चुनाव । ओबीसी से दावेदारों की लंबी लिस्ट है हर सुबह नए नाम और पुराने नाम को लेकर चर्चा जोरों से होती है । पूर्व विधायक प्रत्याशी रवि चंद्रवंशी , जिला बीजेपी उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी , जनपद सदस्य राम कुमार सिन्हा , सरपंच संघ अध्यक्ष और पांडातराई बीजेपी संगठन में महामंत्री प्रदीप गोस्वामी , जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष मनीराम साहू सहित ओबीसी में बहुत लंबी लिस्ट है लेकिन सामान्य से पूर्व शक्कर कारखाना अध्यक्ष रघुराज सिंह ठाकुर , युवा बीजेपी नेता पीयूष ठाकुर की चर्चा जोरों हो रही है । पल पल बदल रहा है समीकरण और खासकर बीजेपी में दावेदारियो की लंबी लिस्ट के कारण मंथन बहुत होगा । जिला बीजेपी महामंत्री संतोष पटेल ने कहा की ईमानदार और निष्ठावान कार्यकर्ता को पार्टी टिकट देगी । वैसे जिला पंचायत एक , जिला दो , जिला तीन , जिला चार , जिला पांच , जिला सात , जिला नो , जिला दस ,जिला ग्यारह , जिला तेरह को लेकर मार्केट में खूब चर्चा है ।

### हवन और पूर्णाहुति के बाद कन्या भोज,लंगर में प्रसाद ग्रहण कर निहाल हुए माता के भक्त

**दुर्ग 13 अक्टूबर।** शारदीय नवरात्र के अवसर पर माता तालाब स्थित मरार पारा पोटिया में सूरज नव युवक दुर्गा उत्सव समिति समिति द्वारा आयोजन किया गया। जिसमें करीब तीन हजार लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान समिति के सदस्य और स्थानीय कार्यकर्ता भोजन सामग्री के प्रबंध और व्यवस्था को लेकर सक्रिय रहे।सूरज नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष ने बताया कि लंगर के आयोजन में समिति के सदस्यों व स्थानीय कार्यकर्ताओ ने भूमिका निभाई।



**भिलाई, 13 अक्टूबर।** आनंदी माता मंदिर सेक्टर-7 में नवमी की रात्रि किया गया ज्योत-जवारा विसर्जन।



**कवर्धा।** महामाया मां दुर्गा मां संतोषी मंदिर से ज्योति ज्वारा विसर्जन।



**कवर्धा।** मां दुर्गा की विदाई में शामिल हुए गांव सिंघनपुरी के श्रद्धालु।

## निधन

### योगेश्वर पटेल



**उतई।** समाज सेवी हसदा खिसोरा निवासी श्री योगेश्वर पटेल प्रचार सचिव मरार पटेल समाज राजिम राज का आकस्मिक निधन दिनांक 13/10/2024 को हो गया है। । आप कर्मचारी प्रकोष्ठ मरार समाज के सक्रिय साथी प्रदेश महासचिव/प्रचार सचिव कम. प्र. महासंघ श्री खुमानचंद पटेल (शिक्षक) के पिता जी थे।

# बीएसपी ने ग्रेट इंडिया टैलेंट फाउंडेशन को सौंपी स्कूल संचालन की जिम्मेदारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 13 अक्टूबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा संचालित सेक्टर 06 और सेक्टर 11 खुर्सीपार स्थित भिलाई इस्पात विकास विद्यालयों के संचालन की जिम्मेदारी सेल-बीएसपी के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार द्वारा, अक्षय पात्र और ग्रेट इंडिया टैलेंट फाउंडेशन (अक्षय पात्र फाउंडेशन की एक सहयोगी संस्था) के रीजनल प्रेसिडेंट स्वामी व्योमपाद को 11 अक्टूबर को भिलाई इस्पात विकास विद्यालय, सेक्टर 06 में सौंपी गई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र एवं अक्षय पात्र की सहयोगी संस्था ग्रेट इंडिया टैलेंट फाउंडेशन के बीच, विगत महीने एक एमओयू (मेमोरेंडम ऑफ़ अंडरस्टैंडिंग) साइन किए गया था। इस एमओयू के अनुसार भिलाई इस्पात विकास विद्यालय स्कूलों के सम्पूर्ण प्रबंधन का कार्य, देशव्यापी संस्था अक्षय पात्र फाउंडेशन की एक सहयोगी संस्था ÷ग्रेट इंडिया टैलेंट फाउंडेशन÷ द्वारा संचालित किया जाएगा। मान्यता प्राप्त यह संस्था, त्रिपुरा बेंगलुरु, हैदराबाद, भुवनेश्वर सहित कई शहरों में भी शिक्षण संस्थानो का संचालन कर रही है, इसलिए इस संस्था को यह




महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। इस दौरान कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भिलाई इस्पात विकास विद्यालयों से निकलने वाले छात्रों में नैतिकता और मूल्यों की भावना हमेशा बनी रहेगी। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि ग्रेट इंडिया टैलेंट फाउंडेशन इन विद्यालयों को चलाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेगा। क्षेत्रीय अध्यक्ष (अक्षय पात्र एवं ग्रेट इंडिया टैलेंट फाउंडेशन) व्योमपद दास ने कहा कि हम यह सुनिश्चित करेंगे कि बीआईवीवी स्कूल सफलतापूर्वक संचालित हों। हम अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे और ईमानदारी से काम करेंगे ताकि हम इस जिम्मेदारी को पूरा कर सकें। इस अवसर पर, भिलाई इस्पात संयंत्र की ओर से कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, महाप्रबंधक शिवराजन नायर, महाप्रबंधक (शिक्षा) श्रीमती शिखा दुबे, उप महाप्रबंधक मनीष पन्त, वरिष्ठ प्रबंधक सुशील कुमार कामड़े तथा उप प्रबंधक के के वर्मा मौजूद रहे। साथ ही बीएसपी शिक्षा विभाग की ओर से प्रधानाध्यापक बालासुब्रमण्यम, प्रधानाध्यापिका श्रीमती पद्मजा नंदकुमार उपस्थित थीं। साथ ही अक्षय पात्र की ओर से रीजनल प्रेसिडेंट (अक्षय पात्र एवं ग्रेट इंडिया टैलेंट फाउंडेशन) स्वामी व्योमपाद दास, अनुराग पनवरिया, श्रीमती वृंदा अनिल कुमार, श्रीमती मंजरी उपस्थित थीं।

# ई-ट्राइसिकल लेने बिलासपुर से पहुंचे भैरो बाबा स्वरूप दिव्यांग ने विधायक रिकेश का माना आभार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 13 अक्टूबर।** शारदीय नवरात्रि नवमी तिथि पर माता दुर्गा के आखिरी स्वरूप मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना के पश्चात नौ दिनों तक मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि-विधान के साथ लोकांगन में पूजा करने के बाद आज कन्या पूजन करते हुए वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने 9 कन्याओं को शिक्षा के लिए 10-10 हजार का चेक और भैरो बाबा पूजन स्वरूप बिलासपुर जिला के मस्तूरी गांव के दिव्यांग को ई सायकल प्रदान की है। गौरतलब हो कि बिलासपुर के राजेश सोनी के परिवार की रोजी रोटी एक छोटे से नाश्ता सेंटर से चलती है। पोलियो से ग्रसित राजेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के एक्स हेंडल पर विधायक रिकेश सेन से ई ट्रायसिकल के लिए गुहार लगाई। राजेश के दिए फोन नंबर पर बात करने पर मालूम हुआ कि वह पिछले



4 वर्ष से शासन की योजना में ई ट्रायसिकल के लिए आवेदन करता रहा है लेकिन उसे आज तक ई ट्रायसिकल नहीं मिली। उसने विधायक रिकेश सेन को न्यूज़ में देखा और एक अखबार में छपी न्यूज को ट्वीट कर विधायक से मदद की गुहार लगा दी। राजेश ने बताया कि वह आर्थिक रूप से परेशान है तथा ई ट्रायसिकल खरीदने अक्षम होने से उसे अपने नाश्ता सेंटर का सामान बाजार से लाने में काफी दिक्कत होती है। आज बिलासपुर से लोकांगन पहुंचा राजेश ई ट्रायसिकल देख काफी खुश हुआ और विधायक का आभार जताया। इसी तरह वैशाली नगर विधानसभा की 9 छात्राओं ने आगामी शिक्षा के लिए परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के लिए सहायतार्थ आवेदन दिया था। विधायक रिकेश सेन ने मुख्यमंत्री कन्या शिक्षा योजना के तहत सभी छात्राओं को 10-10 हजार का चेक नवमी के दिन प्रदान किया।

## विद्यार्थी ने सांसद को भेंट की मॉडर्न आर्ट की नयनाभिराम पेन्टिंग



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 11 अक्टूबर।** सांसद विजय बघेल द्वारा ललित कला अकादमी रीजनल सेन्टर की स्थापना के लिए किए जा रहे भागीरथ प्रयास हेतु प्रख्यात मॉडर्न आर्ट चित्रकार डी.एस.विद्यार्थी ने उन्हें नयनाभिराम पेन्टिंग भेंट दी। पेंटिंग में उन्होंने भगवान हनुमान द्वारा समुद्र को लांघने वाले दृश्य का चित्रांकन किया है। इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी विमान भट्टाचार्य, चित्रकार बी.एल.सोनी, रंगकर्मी विजय शर्मा, प्रसिद्ध मूर्तिकार मोहन बराल, वीरेन्द्र पटनायक, साहित्यकार मेनका वर्मा, रूपा साहू, पी.एल. जेना, लल्लेश्वरी साहू, यश दलवी, कांता देवी तथा ललित कला में छत्तीसगढ़ से प्रथम बोर्ड मेम्बर डॉ.अंकुश देवांगन उपस्थित थे।

## गणतंत्र दिवस परेड के लिए स्वयंसेविका काजल का चयन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 13 अक्टूबर।** इंदिरा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय वैशाली नगर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 2 की स्वयं सेविका कुमारी काजल निषाद कक्षा बीए द्वितीय वर्ष ने सर्वप्रथम महाविद्यालय स्तर पर अपना स्थान बनाते हुए जिला स्तर की प्रतियोगिता में आगे बढ़ी जो की साइंस कॉलेज दुर्ग में आयोजित थी। वैशाली नगर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती अलका मेश्राम एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ चांदनी मरकाम ने प्रसन्नता जताई कि इन परीक्षाओं में पास करते हुए कुमारी काजल निषाद ने प्री आरडीसी परेड जो की पटना में 10 नवंबर से आयोजित होने वाला है उसमें अपना स्थान पक्का किया। वह प्री आरडीसी में भी अपने इसी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए दिल्ली के 26 जनवरी में आयोजित होने वाले कर्तव्य पथ में अपना स्थान सुनिश्चित करेगी।

# मेडिकल संचालक को धमकी देने वाला गिरपफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई 13 अक्टूबर।** धमधा थाना क्षेत्र ड्रग इंस्पेक्टर का झांसा देकर मेड्रिकल संचालक को धमकी देकर मिलने बुलाने वाले पांच लोगों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 204, 3(5), 331(1), 351 (4) के तहत कार्रवाई किया है धमधा टीआई पी. डी. चन्द्रा ने बताया कि ग्राम धुमा निवासी रघुनंदन प्रसाद वर्मा किसानी का काम करता है। शिकायत किया है कि उसका बेटा दिलेन्द्र कुमार वर्मा का तीन साल पहले से मेडिकल स्टोर्स का लायसेंस बनाकर ग्राम चीचा में हंसु मेडिकल स्टोर्स संचालित करता है कुछ दिन पहले दवाई



लाकर बेटा घर में रखा था कि 10 अक्टूबर को दशगात्र में ग्राम सिलपट्टी पीड़ित गया था घर पर बहू कंचन वर्मा बच्चो के साथ थी बेटा मेडिकल दुकान चीचा गया था मोबाइल धारक ने कॉल कर स्वयं को ड्रग इस्पेक्टर बताते हुए। बिना लायसेंस की दवा बेचने का आरोप लगाकर कार्रवाई की धमकी दे रहा था। मोबाइल धारक ने पीड़ित को खैरागढ़ कलेक्टर कार्यालय में मिलने की बात कही। परेशान पीड़ित तुरंत अपनी बहू कंचन को फोन कर जानकारी लेने पर स्कार्पियों सीजी 17 के एच 8580 में पांच लोग घर में घुसकर कमरे में दवाई के डिब्बों को चेक करने की जानकारी दी। जब पीड़ित घर लौटा तब शाम को ग्राम खैरझिटी निवासी वैद्यराज जोहन लाल वर्मा बताया कि घर में स्कार्पियों में सवार मनीष जंघेल, भूषण वर्मा, तारन वर्मा, टाकेश्वर जंघेल, अतेनमणी अंचित सभी ग्राम पण्डरिया निवासी है।

# बालिकाओं की शिक्षा,सुरक्षा व सशक्तिकरण के बिना विकास संभव ही नहीं है:उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा 13 अक्टूबर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ''बेटी बचाओ-हृपढ़ाओ'' कार्यक्रम अंतर्गत नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर कन्या पूजन का भव्य आयोजन कबीरधाम में किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य बेटियों के प्रति सम्मान को बढ़ाने एवं शिक्षा को प्रोत्साहन देना था। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा अपने सह परिवार सम्मिलित होकर कन्याओं का पूजन फूल माला, कुम-कुम चंदन चुनरी श्रृंगार के साथ दीप प्रज्वलित कर कन्या भोज का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने माता स्वरूप कन्याओं के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद भी प्राप्त किया। कन्या पूजन कार्यक्रम में सभी अतिथियों ने अलग-अलग क्षेत्रों से बड़ी संख्या में आए कन्याओं की पूजा अर्चना कर उन्हें स्वयं भोजन परोसा। माँ आदिशक्ति स्वरूपा बालिकाओं का कार्यक्रम में उत्साह एवं हर्ष उल्लास से पूरा कार्यक्रम सजा रहा, कार्यक्रम में अतिथियों ने विभाग के आयोजन को खूब सराहा।



कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री द्वारा बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना आज के समय की तत्कालीन जरुरत है क्योकि देश एवं समाज में बालिकाओं की रक्षा, शिक्षा और सशक्तिकरण के बिना विकास किसी भी कीमत पर संभव नही है। ''बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं '' योजना बालिकाओं के उत्थान के लिये महत्वपूर्ण है। बेटियों की सर्वांगीण विकास और आत्मसम्मान की सुरक्षा हम सबकी जिम्मेदारी है।

कन्या पूजन एवं कन्या भोज कार्यक्रम में उप-मुख्यमंत्री के साथ उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रष्मि शर्मा, पूर्व विधायक डॉ सियाराम साहू, श्री अनिल ठाकूर, श्री कैलाश चन्द्रवंशी, चंद्रप्रकाष चन्द्रवंशी, श्री उमंग पाण्डेय, सभापति नगर पालिका कवर्धा, गोपाल साहू, श्री अजय ठाकुर खिलेश्वर साहू, अजित चंद्रवंशी, सतविंदर पाहुजा, श्रीमती मधु तिवारी, विजय लक्ष्मी तिवारी, वेदकुमारी चौबे, सुषमा चंद्रवंशी, निशा साहू ने उत्साह से मां नवदुर्गा स्वरूपा कन्याओं का श्रृंगार कर पूजन किया और भोजन कराया सभी की भागीदारी से कार्यक्रम में अलग ही हर्षोउल्लास का माहौल दिख रहा था। कन्या पूजन कार्यक्रम में गोपाल वर्मा जिला कलेक्टर एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों ने उपस्थित होकर बालिकाओं के प्रति संम्मान व्यक्त किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने आनन्द कुमार तिवारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, श्री महेन्द्र गुप्ता सहायक संचालक शिक्षा विभाग, संजय जायसवाल विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कवर्धा, श्रीमति विवेका हैरिस बाल विकास सेवा परियोजना अधिकारी कवर्धा, बृजेष कुमार सोनी बाल विकास सेवा परियोजना अधिकारी कुण्डा, नमन देषमुख बाल विकास सेवा परियोजना अधिकारी चिल्फी, सत्यनारायण राठौर जिला बाल संरक्षण अधिकारी, सुश्री नीतिका डडसेना, संरक्षण अधिकारी नवा बिहान, श्रीमति सरोज शर्मा, श्रीमति पायल पाण्डेय, श्रीमति मनीषा चंद्रवंषी एवं एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना कवर्धा, दषरंगपुर, बोड़ला के सेक्टर पर्यवेक्षक, आंगनबाडी कार्यकर्ता सहायिका बहनें, मिषन वात्सल्य एवं सखी वन स्टॉप सेंटर के अधिकारी कर्मचारी का विशेष योगदान रहा।

## समाचार संक्षेप

### मचांदुर में धूमधाम से मनाई गई विजयादशमी



**उतई 13 अक्टूबर।** विजयदशमी दशहरा पर्व को प्रति वर्ष भांति इस वर्ष सुभाष नव युवक मंडल समिति एवं समस्त ग्रामवासी मचांदुर के द्वारा मनाया गया।विजयदशमी पर शनिवार को शीतला प्रांगण में शाम 6.30 बजे से रामलीला कि मंचन हुआ।।पुलिस और प्रशासन ने दशहरा पर्व के लिए सभी तैयारियां की गई थी। शीतला मैदान में 30 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन कयी गयी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सरपंच दिलीप साहू,उपसरपंच गजेन्द्र साहू,प्रवीण यदु,फलेंद्र सिंह राजपूत,अशोक देवांगन,सीताराम यादव,तामेश्वर साहू,बैशाखुराम साहू,लक्ष्मी नारायण साहू,नागेश्वर साहू,दिलीप पटेल,गोपाल साहू,अशोक साहू,रामस्वरूप देवांगन,अरुण निषाद,प्रशांत पटेल,परमेश्वर ठाकुर,देवा यादव,सोनू यादव,महेश्वर गोस्वामी,तुकाराम साहू,हेमचंद साहू,नेमु यादव,मन्नू यादव,भागी यादव,मोनू पटेल,देवनारायण पटेल,मुकेश साहू,रिखी पटेल,अजय साहू,गुलाब यादव,सुखराम पटेल,बीरेंद्र साहू,रामसुंदर यादव,टिलेश साहू,सहित आसपास के गांवों के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### एसपी जितेंद्र शुक्ला ने किया शस्त्र पूजन



**भिलाई 13 अक्टूबर।** विजयदशमी पर दुर्ग पुलिस लाइन के शस्त्रागार में एसपी जितेंद्र शुक्ला ने पत्नी संगीता शुक्ला व अन्य अधिकारियों के साथ शस्त्र पूजन किया इस अवसर पर एसपी ने कहा कि शस्त्र पूजन बुराई का अंत और अच्छाई की जीत का संकल्प है मां भवानी से आशीर्वाद मांगा कि सभी तरह की बुराइयों का अंत हो, ताकि एक अपराध और भयमुक्त समाज की स्थापना हो सके दुर्ग एसपी जितेंद्र व पत्नी ने सबसे पहले माता दुर्गा की पूजा की और उसके बाद शस्त्रों की पूजा कर यज्ञ में आहूति देकर सभी के लिए सुख-समृद्धि की कामना की पूरे विधि विधान से शस्त्र पूजन संपन्न होने के बाद एसपी और पुलिस अधिकारियों ने हवाई फायरिंग कर समस्त अधिकारी व कर्मचारियों को की शुभकामनाएं दीं इसके बाद वाहन शाखा में वाहनों की भी पूजा की गई पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी से लेकर सिपाहियों तक व एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत गुजरात राज्य से आए हुए पुलिस के अधिकारी व कर्मचारियों ने भी शस्त्र पूजा में हिस्सा लेकर शस्त्रों की पूजा कर माता से आशीर्वाद लिया विजयदशमी के दिन पुलिस लाइन में शस्त्र पूजा के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे। इस दौरान एएसपी सुखनंदन राठौर, एएसपी वेदव्रत सिरमौर, एएसपी अभिषेक झा, दुर्ग सीएसपी चिराग जैन, भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी, छावनी सीएसपी हरीश पाटिल एसडीओपी आशीष बंछोर, क्राइम डीएसपी हेमप्रकाश नायक, लाइन डीएसपी चंद्रप्रकाश तिवारी सहित अन्य अधिकारियों ने भी शस्त्र पूजन कर यज्ञ में आहूति दी।

### अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने रक्षित शस्त्रों की विधि विधान से पूजा की



**कवर्धा 13 अक्टूबर।** कबीरधाम जिले के न्यू पुलिस लाइन रक्षित केंद्र में विजयदशमी पर्व के शुभ अवसर पर शस्त्रागार कवर्धा में प्रातः10:30 बजे पूरे विधि - विधान से अस्त्र - शस्त्रों की पूजा अर्चना अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल द्वारा किया गया। शस्त्र पूजा में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बोडला श्री संजय तिवारी, उप. पुलिस अधीक्षक श्री प्रतीक चतुर्वेदी, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी संजय ध्रुव, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी सतीश कुमार धुर्वे, रक्षित निरीक्षक श्री महेश्वर सिंह एवं रक्षित केंद्र के समस्त अधिकारी कर्मचारी शस्त्र पूजा में सम्मिलित होकर किसी भी निर्दोष पर शस्त्र का कभी भी उपयोग न करने तथा असहाय आम जनों की हर संभव मदद कर उनकी रक्षा करने, असामाजिक तत्वों पर लगाम लगाने तथा अपराधियों के विरुद्ध उचित वैधानिक कार्यवाही कर सलाखों के भीतर पहुंचा कर जिले को अपराध मुक्त बनाने का संकल्प कबीरधाम पुलिस के द्वारा लिया गया, साथ ही जिले में शांति व्यवस्था, आपसी भाईचारा बना रहे के लिए शांति हवन कर जिले वासियों के खुशहाली की कामना करते हुए विजयदशमी की समस्त अधिकारी कर्मचारियों एवं जिले वासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। उपस्थित स्टाफ को प्रसाद का वितरण किया गया, तथा पूजित शस्त्रों से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, उप. पुलिस अधीक्षक एवं समस्त राजपत्रित अधिकारी व रक्षित निरीक्षक के द्वारा हर्ष फायर भी किया गया साथ ही जिले के समस्त थाना एवं चौकी में भी पुलिस अधीक्षक श्री राजेश कुमार अग्रवाल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेंद्र बघेल के मार्गदर्शन में शस्त्र पूजन का आयोजन थाना परिसर के शस्त्रागार में आयोजित किया गया है।

# बुराई को त्याग कर सत्य की राह अपनाने प्रेरित करता है विजयादशमी पर्वः मुख्यमंत्री

**रायपुर 13 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज विजयादशमी पर्व के अवसर पर श्री दूधाधारी मठ रावणभाठा के दशहरा मैदान में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि विजयादशमी का पर्व बुराई को त्याग कर सत्य की राह अपनाने प्रेरित करता है । मुख्यमंत्री ने रावण भाठा दशहरा मैदान के सौंदर्यीकरण और उसे व्यवस्थित करने के लिए 50 लाख रुपये की राशि की घोषणा की। रावण दहन कार्यक्रम से पहले मुख्यमंत्री श्री साय ने भगवान बालाजी की आरती में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मैं आज रावण भाठा के विशाल मैदान में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में उपस्थित आप सभी लोगों के साथ-साथ पूरे प्रदेश की जनता को विजयादशमी पर्व की



बहुत-बहुत बधाई देता हूँ। मैं सार्वजनिक दशहरा उत्सव समिति का इस कार्यक्रम में आमंत्रण के लिये आभार व्यक्त करता हूँ। मुझे यहां आकर बहुत प्रसन्नता हो रही है। मुझे जानकारी दी गयी है कि इस मैदान पर दशहरा पर्व पर रावण दहन कार्यक्रम का यह 170वां वर्ष है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विजयादशमी का त्योहार असत्य पर सत्य की जीत का त्योहार है। यह बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है। छत्तीसगढ़ माता कौशल्या की भूमि है और भगवान राम का ननिहाल है। इस वर्ष विजयादशमी पर्व बहुत खास है क्योंकि इस बार भगवान श्री राम भव्य मंदिर में प्रतिष्ठित हुए हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि विजयादशमी पर्व पर हमें काम, क्रोध, लोभ, मद और मत्सर रूपी मन के रावण का वध करने की जरूरत है। विश्व मे शांति और भाईचारे की स्थापना के लिए आवश्यक है कि हम अपने अंदर के रावण का वध करें । हमें छत्तीसगढ़ में राम-राज स्थापित करना है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने विजयादशमी पर्व में सम्मिलित होते हुए श्री दूधाधारी मठ रावण भाठा के दशहरा मैदान के सौंदर्यीकरण और व्यवस्थित करने के लिए 50 लाख रुपये की राशि प्रदाय करने की घोषणा की। सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि रावण भाठा में यह 170 साल पुराना दशहरा मैदान है। यह गौरवशाली और वैभवशाली दशहरा पर्व है जिसे दूधाधारी मठ द्वारा हर वर्ष आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि हम हमारे देश की पुरानी विरासत को सहेजते हुए विकास के पथ पर अग्रसर हों। नौ दिन नवरात्रि पर्व मनाया गया है। माता दुर्गा और प्रभु श्रीराम से प्रार्थना है कि वे सभी के जीवन में खुशहाली लायें। इस अवसर पर सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व सांसद श्री सुनील सोनी, पूर्व मंत्री व विधायक श्री कवासी लखमा, श्री अंजय शुक्ला, श्री सुभाष तिवारी, श्री मनोज वर्मा, श्री सुशील ओझा, श्री उमेश गुप्ता, श्री आकाश विग सहित सार्वजनिक दशहरा उत्सव समिति के सदस्य व विशाल जनसमूह उपस्थित था।

## एक नजर

### मंत्रों में होता है शुभ शक्ति का संयोगः मुनि सुधाकर



**रायपुर 13 अक्टूबर।** लाल गंगा पटवा भवन, टैगोर नगर में आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनिश्री सुधाकर जी व मुनिश्री नरेश कुमार जी के सान्निध्य में आज दिनांक 13/10/2024 रविवार को तेरापंथ युवक परिषद्, रायपुर द्वारा पंच गंठी प्रबल पंचपरमेष्ठी आत्मरक्षा कवच अनुष्ठान का आयोजन किया गया। मुनिश्री सुधाकर जी ने कहा कि यह एक ऐसा अनुष्ठान है जिसमें हमने बनाया एक ऐसा धागा जो आत्मरक्षा एवं शरीर रक्षा कवच का कार्य करेगा जो है महामंत्राधिराज नमस्कार महामंत्र पर आधारित। अनुष्ठान के सहयोगी श्री श्रीचंद सुरेन्द्र कुमार जी चौरड़िया ( रितु-विपुल-सुचिता चौरड़िया ) रहे। अनुष्ठान में उपस्थित अनुष्ठान आराधकों द्वारा पंच गंठी धागे का निमार्ण अपने या अपने परिजन हेतु किया गया।

### पुलिस ने गुम महिला को तलाश कर परिवारजनो के सुपुर्द किया



**राजनांदगांव 13 अक्टूबर।** ईश्वर यादव पिता भोला यादव उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम डिलापहरी पुलिस चैकी सुकुलदैहान जिला राजनांदगांव दिनांक 11.10.24 को चैकी सुकुलदैहान उपस्थित आकर जुबानी रिपोर्ट दर्ज कराया था कि दिनांक 10.100.24 को प्रातः लगभग 10:00 बजे इनकी पत्नि श्रीमती पार्वती यादव उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम डिलापहरी जिला राजनांदगांव जिनसे माह अप्रैल 2024 में विवाह हुआ है ,घर से बिना बताये कंही चली गई है। जो आज दिनांक तक घर वापस नही आयी है। जिनका आसपास के ग्रामों एवं रिश्तेदारो में पता तलाश किया कोई पता नही चला की रिपोर्ट पर पुलिस चैकी सुकुलदैहान में गुमइंसान क्रमांक 79/2024 कायम कर पता तलाश मे लिया गया था। जो दिनांक 12.10.2024 को अपने चाचा सुरेन्द्र यादव पिता राधेलाल यादव साथ चैकी हाजीर आई जिसे पुछताछ कर कथन लिया गया। जिसके द्वारा अपने उपर कोई अप्रिय घटना नही घटीत होना बाया। बाद गुमशुदी श्रीमति पावर्ती यादव पति इश्वर यादव को उनके चाचा सुरेन्द्र यादव को सुपुर्दनामा पर दिया गया।

### केमिस्ट्री में कई लोगों को कराई थीं डॉक्टरेट

**राजनांदगांव , 11 अक्टूबर ।** नगर सहित जिले में केमिस्ट्री जैसे विषय पर महारत हासिल डॉ. हेमलता



मोहबे आज रात लगभग 9.15 बजे इस दुनिया में नहीं रहीं । कार्डियक अरेस्ट की वजह से आज संस्कारधानी ने एक महान शिक्षाविद को खो दिया । उनके असामयिक निधन की खबर सुन उनके अनन्य शिष्यों सहित नगर के गणमान्य नागरिक उनके बल्देव बाग स्थिति निवास में उमड़ पड़े । वे नगर के जाने माने एम डी डॉक्टर रमेश मोहबे एवं चंद्र शेखर मोहबे ( मुन्ना भैया )की बहन थीं।संस्कारधानी नगरी में आज एक बड़ी शिक्षाविद के चले जाने से शोक का वातावरण निर्मित हो गया । जानी - मानी केमिस्ट्री की विशेषज्ञ और शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय , विज्ञान महाविद्यालय रायपुर की पूर्व प्राचार्य डॉ . हेमलता मोहबे ने अपने जीवनकाल में शिक्षा के प्रति अपने कर्तव्यों का भलीभांति निर्वहन किया । महाविद्यालय में अध्यापन कार्य के साथ ही उन्होंने हजारों छात्र - छात्राओं का कुशलता पूर्वक मार्गदर्शन करते हुए उन्हें शिक्षा जगत में सेवा करने हेतु प्रेरणा प्रदान की । दिवंगत डॉ. मोहबे ने आजीवन अध्ययन - अध्यापन से सतत संबंध रखते हुए दर्जनों विद्यार्थियों को रसायन शास्त्र में पीएचडी की उपाधि दिलाने में मेंटर की भूमिका का भी निर्वहन किया । आज अचानक चले जाने से राजनांदगांव नगर स्तब्ध है । दिवंगत मोहबे मैडम ने अपने पीछे भाई डॉ .रमेश मोहबे, डॉ .चंद्रशेखर मोहबे , राजेश मोहबे , डॉ. उषा , डॉ .संध्या ,बहन डॉ.मीना , भतीजे डॉ. सौरभ , डॉ. अभिनव , भतीजी डॉ. सुरभि , डॉ. समष्टि एवं सृष्टि का भरा - पूरा परिवार छोड़ गईं । उनकी देवलोक गमन यात्रा कल 12 अक्टूबर शनिवार को दोपहर 2. 30 बजे लखोली मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी ।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने भंवरमरा में चलाया सदस्यता अभियान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 13 अक्टूबर।** संपूर्ण देश में भाजपा की पुरानी सदस्यता समाप्त कर नए सिरे से सदस्य बनाए जाने की कड़ी में जिला भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा लगातार प्रयास रत है। इसी कड़ी में ग्राम भंवरमरा में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोहम्मद इरफान शेख के नेतृत्व में सदस्यता अभियान चलाया गया। श्री शेख के नेतृत्व में चली अभियान के दौरान मोर्चा के अन्य सदस्य पदाधिकारी गण के अलावा गांव के प्रमुख लोग विशेष रूप से उपस्थित थे। मुहिम के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाजपा के रीति नीति पर विश्वास करते हुए सदस्य बनना और बनाना मंजूर किया। भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे संगठन पर्व सदस्यता अभियान के परिपालन में ग्राम भंवरमरा में गत दिवस 10 अक्टूबर 2024 को अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा बूथ क्रमांक 153 व 154 में सदस्यता अभियान चलाया गया। जिसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया सदस्यता अभियान के दौरान गांव में मिले जैसे माहौल रहा। ग्रामीणों ने अपने बारी बारी से अपनी सदस्यता



भाजपा के रूप में ग्रहण किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्री रमेश पटेल, दक्षिण मंडल अध्यक्ष श्री तरुण लहरवानी, महामंत्री श्री हकीम खान, गोलू गुप्ता, भाजयुमो दक्षिण मंडल अध्यक्ष भाई प्रखर श्रीवास्तव, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष मो. इरफ़ान शेख, महामत्री श्री ज़हीर अब्बास, उपाध्यक्ष हेरि जोसेफ, असलम खान, मंडल अध्यक्ष नदीम बड़गुजर, सलीम कुरैशी, अफसर खान, भुरू बड़गुजर, अरशद अली, तबरेज खान, अहमद खान, बबलू साहू, ग्राम भवरमरा के बूथ क्रमांक 153 एवं 154 की सरपंच प्रेमलता साहू, पूर्व उप सरपंच दिलीप कुमार साहू, शक्ति केंद्र सहसंयोजक, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार साहू, बूथ अध्यक्ष मनीराम गुप्ता, भारतीय जनता पार्टी के सदस्य महेश साहू, रामकुमार साहू, भोलाराम साहू, माकन सोनकर, गिरवर साहू, राजेश यादव, सोहन सिंह, रामकुमार गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, राकेश साहू, कौशल साहू, अजय साहू, मिथिलेश देवांगन, गणपत मानिकपुरी, मोहनलाल साहू, पूर्व प्रधान पाठक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भंवरमरा कोमल साहू, ईश्वर सोनकर, उमेश साहू, छबील, दिलीप सिन्हा, संतराम विश्वकर्मा, पुखराज साहू, माखन सोनकर, सुजाता मानिकपुरी, सक्रीय कार्यकर्ता एवं ग्राम के समस्त भारतीय जनता पार्टी के सदस्य वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे। समवेत तौर से अल्पसंख्यक मोर्चा के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण मौजूद थे ।

## समाचार संक्षेप

### नगर निगम क्षेत्र में अधिकारियों की साठ-गांठ से हो रहे अतिक्रमण



**राजनांदगांव 13 अक्टूबर ।** नगर निगम क्षेत्र में अतिक्रमण की बाढ़ आ गई है और यह सब भाजपा शासनकाल में हो रहे हैं तो बात अजीब लगती है नगर निगम अधिकारियों को चढ़ोतरी देकर अतिक्रमणकारियों खुलेआम अतिक्रमण कर रहे हैं और कार्यवाही करने वाले अधिकारी एसी रूम में आराम कर रहे है। इन सब को देख देख कर लग रहे हैं। कि राजनांदगांव में प्रशासन नाम की कोई चीज नहीं रही गई है। विश्वस्त सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शांतिनगर, वार्ड नं.-06, में गली नंबर- 04 व गली नंबर- 05 के बीच स्थित नहर-नाली रोड में 1). मोहन चंदेल, 2). चुन्नू लाल सिन्हा, 3). कामता प्रसाद साहू जो शासकीय भूमि पर अवैध तरीके से कॉलम-दीवाल का पक्का ढाँचा निर्मित कर दिये हैं, जिससे वार्डवासियों के आने-जाने में परेशानी हो रही है, एवं दुपहिया / चारपहिया वाहन का आवागमन बाधित हो रहा है। यह कि 1). मोहन चंदेल, 2). चुन्नू लाल सिन्हा, 3). कामता प्रसाद साहू तीनों शासकीय कर्मचारी हैं, जो कि जान-बूझकर लोगों को परेशान करने की नियत से ऐसा कृत्य कर रहें हैं। यह कि, मोहन चंदेल के द्वारा अपने घर के वृक्ष को काटकर कर, रोड-रास्ता पर ही रख देते हैं, और अपनी निजी वाहनों को भी रोड-रास्ता में रख देता है। यह कि चुन्नू लाल सिन्हा ने अतिक्रमण के उद्देश्य से शासकीय भूमि रोड-रास्ता पर मकान निर्माण करने हेतु कॉलम गड्ढा खोद दिया है एवं कामता प्रसाद साहू जो कि जिलाधीश महोदय राजनांदगांव का वाहन चालक है। शासकीय भूमि पर पक्का निर्माण कर लिया है जिसमें छत ढलाई बांकि है। यह कि, तीनों शासकीय कर्मचारी रहते हुये, शासन के नियमों का उल्लंघन करते हुये अतिक्रमण कर रहें हैं। ज्ञात है कि नहर-नाली का सीमांकन राजस्व विभाग के द्वारा किया गया है जिसमें नहर-नाली की कुल चौड़ाई 66 फुट है जिस पर अतिक्रमण किया जा रहा है। चुन्नू लाल एवं कामता प्रसाद के द्वारा नगर निगम राजनांदगांव से भवन अनुज्ञा भी प्राप्त नहीं किया गया है एवं छत्तीसगढ़ भूमि विकास अधिनियम के नियमों का उल्लंघन करते हुये भवन निर्माण किया जा रहा है।

### पंच परिवर्तन से समाज परिवर्तन



**राजनांदगांव 13 अक्टूबर।** उसके पश्चात मुख्य वक्ता श्री विश्वास जलताड़े जी ने कहां की संघ के शताब्दी वर्ष में शाखा एवं कार्य का विस्तार , दृढ़ीकरण और संघ की शाखा को प्रत्येक मंडल , गांव एवं नगर की प्रत्येक बस्ती में हो , इसके लिए स्वयंसेवकों को प्रयासरत रहना है ! 2025 में जब हम संघ का शताब्दी वर्ष मनाएंगे तब इन पंच परिवर्तन सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी जागरण , पर्यावरण एवं नागरिक शिष्टाचार के कार्य को गति देने का आह्वान सभी कार्यकर्ताओं से अपेक्षित है ! उन्होंने कहा कि समाज परिवर्तन की दिशा में प्रत्येक व्यक्ति को सामाजिक कार्य से जुड़ना एवं सब को मिलकर देश और समाज को आगे बढ़ने का कार्य करना है ! उनके मार्गदर्शन के पश्चात नगर में स्वयंसेवकों ने पथ संचलन निकाला , जिसका नगर वासियों ने कई स्थानों पर स्वयं सेवकों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

# विजयादशमी पर्व पर विधि विधान से की गई शस्त्रों की पूजा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 13 अक्टूबर।** विजयदशमी पर्व के शुभ अवसर पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी राजनांदगांव पुलिस लाईन-शस्त्रागार में प्रात 10:00 बजे पूरे विधि-विधान से अस्त्र-शस्त्रों की पूजा अर्चना आईजी राजनांदगांव रेंज श्री दीपक कुमार झा एवं एसपी राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग द्वारा किया गया। शस्त्र पूजा में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स श्री मुकेश ठाकुर, नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक, उप पुलिस अधीक्षक श्री दिलीप सिंह सिसोदिया, उप पुलिस अधीक्षक ऑप्स श्री अजीत ओगरे, उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती तनुप्रिया ठाकुर, एवं थाना प्रभारी कोतवाली, बसंतपुर, लालबाग, सोमनी, तुमड़ीबोड़, रक्षित निरीक्षक श्री लोकेश कसेर व रक्षित केन्द्र के अधिकारी कर्मचारी, पूजा में शामिल हुए और किसी निर्दोष पर शस्त्र का कभी भी उपयोग न करने तथा असहाय आम जनों की रक्षा करने का संकल्प राजनांदगांव पुलिस द्वारा लिया गया। उपस्थित स्टाफ को प्रसाद का वितरण किया गया। इसके अलावा जिले के समस्त थाना/चौकी/कैम्पों में भी शस्त्र पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। थाना प्रभारियों ने स्टाफ की मौजूदगी में शस्त्रपूजन किया।



## ग्रीनआर्मी ने किया पॉलीथिन रूपी रावण का दहन

**रायपुर 13 अक्टूबर।** दशहरा के पावन अवसर पर आज ग्रीन आर्मी ब्राम्हण पारा जोन एवं पुरानी बस्ती जोन के संयुक्त तत्वाधान में प्रतिवर्षनुसार इस वर्ष भी पॉलीथिन रूपी रावण का दहन किया गया। मीडिया प्राभारी शशिकान्त यदु ने बताया कि गांव शहर कस्बा के प्रत्येक बाजार में सिंगल यूज़ पॉलीथिन धडल्ले से उपयोग किया जा रहा है। ऐसी प्लास्टिक जो सिर्फ एक ही बार इस्तेमाल के लायक को उसे सिंगल यूज प्लास्टिक कहा जाता है। जैसे प्लास्टिक की थैलियां प्याले प्लेट छोटी बोतलें, स्ट्रॉ और कुछ पाउच सिंगल यूज प्लास्टिक हैं। दरअसल आधी से ज्यादा इस तरह की प्लास्टिक पेट्रोलियम आधारित उत्पाद होते हैं। इनके उत्पादन पर खर्च बहुत कम आता है। यही वजह है कि रोजाना के बिजनेस और कारोबारी इकाइयों में इसका इस्तेमाल खूब होता है। स्वच्छ भारत अभियान् में पॉलीथीन सबसे बड़ी बाधा है इसीलिए लोगों से प्लास्टिक मुक्त भारत की मुहिम में योगदान देने के लिए बाजार से खरीदारी के लिए पॉलीथीन के बजाय कपड़े का थैला इस्तेमाल करने ग्रीन आर्मी संस्था अपील कर रही है। प्लास्टिक की एक थैली को नष्ट होने में 20 से 1000 साल तक लग जाते हैं जबकि एक प्लास्टिक की बोतल को 450 साल प्लास्टिक कप को 50 साल और प्लास्टिक की परत वाले पेपर कप को नष्ट होने में करीब 30 साल लगते हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण बिगड़ता पर्यावरण विश्व के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय है ऐसे में प्लास्टिक से पैदा होने वाले प्रदूषण को रोकना एक बहुत बड़ी समस्या बनकर उभरी है प्रत्येक साल कई लाख टन प्लास्टिक उत्पादन हो रहा है और इंसान, जानवर जलिय जिव जन्तु सभी बिमार हो रहे है।

# ग्राम सभा में अपनी बात रख सकते हैं ग्रामवासीः वैष्णव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 13 अक्टूबर।** जनपद क्षेत्र ग्राम पंचायत रानीतरई आश्रित ग्राम आलीखुटा में विगत दिनों ग्राम सभा आयोजित की गई। अतिथि के रूप में पूर्व जनपद सदस्य योगेन्द्र दास वैष्णव शामिल होकर ग्राम सभा की समस्याओं तथा क्षेत्र के विकास के संबंध में सरपंच डॉ. राजेन्द्र साहु व सदस्यों से मिलकर चर्चा की। इसके बाद पूर्व जनपद सदस्य श्री वैष्णव एवं जनपद प्रतिनिधि ने स्मार्ट टीवी सौंपा। पूर्व जनपद सदस्य वैष्णव ने ग्राम सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राज्यसभा व लोकसभा देश का सबसे बड़े ग्राम सभा कहलाता है। पंचायती राज अधिनियम में सबसे बड़े सभा ग्राम सभा है जिसके महत्व को समझना जानना चाहिए किसी मंत्री, नेताओं, कलेक्टर अधिकारी के पास जाने




जरूरत नही है आप सभी ग्राम सभा में अपने बात रख सकते हैं, परिणाम देर आएगा लेकिन आएगा सभी को धैर्य रखना जरूरत है। शासन की योजना में एक साथ सभी को लाभ मिलना संभव नहीं। केन्द्र सरकार व राज्य सरकार के नियम के अनुरूप जिला तथा ग्राम विकास के साथ साथ व्यक्तिगत योजनाएं ग्राम सभा में अनुमोदन होना अनिवार्य है बिना अनुमोदन के भारत के संविधान खिलाफ होगा। आज के इस आयोजित ग्राम सभा में सरपंच, उपसरपंच, सचिव, ग्रामीवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# विद्युत आपूर्ति नियमित होने से उपभोक्ताओं में खुशी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 13 अक्टूबर।** नगर निगम, अस्पताल, विधुत विभाग, राजस्व , पुलिस विभाग से आम जनता का अकसर सीधा वास्ता पडता है पर विभाग प्रमुखो की आम जनता से दूरी अथवा संवादहीनता ही समस्याओ व आक्रोश को जन्म देती है। इन विभागो मे अगर कोई अधिकारी आम जनता के बीच अफसरवाला रोल छोडकर समस्या को जानकर उसके लिये पहल करता है तो जनता उसे पदस्थापना के दौरान उसकी सराहना करते हुए सिर आंखो पर बैठाती है। वही रवानगी अथवा सेवानिवृत्त के बाद भी उसे चौक चौराहो मे चर्चा के दौरान गाहे बगाहे याद करती है। राजनांदगांव शहर में नियमित विधुत आपूर्ति होने से अब शहर की जनता को राहत मिल रही है।शहर मे तीन पावर टान्सफार्मर फेल होने से आम जनता को अघोषित विद्युत व्यवधान का सामना करना पड़ रहा था। जिसके चलते लोगों



मे यह शिकायत आम हो चली थी कि उनकी समस्या की सुनवाई नही हो रही है। पर्याप्त विधुत आपूर्ति न होने से पूर्व के अधिकारी की लापरवाही की चर्चा चौक चौराहो पर होती रही और अखबारो की सुरखियां भी बनी।जिसके चलते राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर पर नाराजगी के चलते उनका अन्ततःस्थानांतरण किया गया। नए अधिकारी आर के गोस्वामी की मिलनसारिता व जनता के प्रति जवाबदेही को देखकर उन्हे राजनांदगांव संभाग का कार्यपालन अभियंता पुनःपदस्थ किया गया है। नए अधिकारी कार्यपालन अभियंता आरके गोस्वामी ने पदभार ग्रहण करते ही आम जनता से बातचीत कर अव्यवस्था को जानकर उच्चाधिकारियो से बात कर योजनाबद्ध तरीके से अपनी स्थापना के 15 दिन में ही नया पावर ट्रांसफार्मर लगाकर सुचारू रूप से मेंटेनेंस कर विद्युत व्यवस्था की सप्लाई की पहल की है। राजनांदगांव नगरनिगम क्षेत्र के बजरंगपुर नवागांव सब स्टेशन, कंचन बॉग सब स्टेशन ,आरके नगर सब स्टेशन में नये पावर ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं। जिससे इस सबस्टेशन के अन्तर्गत बिजली सप्लाई नियमित हो रही है और बार बार इन क्षेत्र में विद्युत अव्यवस्था का सामना उपभोक्ताओ को नहीं करना पड़ रहा है। इससे आम जनता के बीच बेहतर सन्देश गया है। राजनांदगांव संभाग के कार्यपालन अभियंता आरके गोस्वामी ने कहा कि विद्युत विभाग जनता के बीच का अपना विभाग है और वह हमेशा यह मानते है कि जनता जब समय पर अपना कर पटाती है तो हमारी भी उसे बेहतर विधुत सेवा देने की पहल करनी चाहिये। उन्होने कहा कि इस पहल के लिये उन्हे क्षेत्र के कई उपभोक्ताओ ने काल कर धन्यवाद दिया है। उन्होने फिर दोहराया कि वह राजनांदगांव संभाग के उपभोक्ताओ के लिये हमेशा सतत विद्युत आपूर्ति हमेशा मिले, इसके लिए वह कटिबध्द है। उन्होने बताया कि दशहरा के बाद दीपावली के समय भी विधुत आपूर्ति नियमित हो ,इसके लिए भी आम जनता को जानकारी देकर विधुत मेंटेनेंस की तैयारी की जा रही है। आगामी मार्च तक राजनांदगांव संभाग के अन्य क्षेत्र में जो भी विधुत की समस्याएं हैं ।उसको दुरुस्त करने के लिए बेहतर पहल की जाएगी।

# सीईओ जिला पंचायत ने की महत्वपूर्ण योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 13 अक्टूबर ।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित सभी महत्वपूर्ण योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद पंचायतों के सीईओ वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने जैम पोर्टल में पंजीयन करने कहा। पंजीयन में तकनीकी समस्या होने पर उच्च कार्यालय से संपर्क करने के निर्देश दिए। उन्होंने ट्राईसिकल एवं अन्य सामग्री की खरीदी नियमानुसार जैम पोर्टल से करने कहा। सीईओ जिला पंचायत ने दशहरा महोत्सव के दूसरे दिन ग्रामों में स्वच्छता अभियान चलाने, ग्रामों में महिला समूह, स्वच्छता दीदी, ग्रामवासी, ग्राम प्रमुख के साथ मिलकर सफाई हेतु निरीक्षण करने एवं गंदगी पाये जाने की स्थिति में पंचायत सचिवों एवं संबंधितों पर जुर्माना लगाने की कार्रवाई करने निर्देशित किया। बैठक में पौधरोपण कार्य एवं प्रगति, अन्य पिछड़ा वर्ग सर्वे कार्य, जल शक्ति अभियान, कृषि एवं उद्यानिकी, महात्मा गांधी नरेगा, स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं अन्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।



संपादकीय

# एक हार और राजनीति का माहौल बदल गया

कोई इस बात पर यकीन शायद ही करे कि एक हार से किसी देश की राजनीति का माहौल बदल जाता है। और कहीं न होता हो लेकिन भारत में ऐसा होता है, होता रहता है। एक हार और एक जीत से देश की राजनीति का पूरा माहौल बदल जाता है। लोकसभा चुनाव कुछ महीने पहले ही तो हुए हैं, एनडीए की सरकार बनी, भाजपा को बहुमत नहीं मिला तो कांग्रेस की खुशी की ठिकाना नहीं रहा कि देखो हमने भाजपा को बहुमत से पहले रोक दिया। विपक्ष के हौसले बुलंद हो गए थे कि इस कमजोर सरकार को हम कभी भी गिरा देंगे। अगले कुछ महीने में देश में विपक्ष की सरकार बन जाएगी। भाजपा को बहुमत नहीं मिलने से कांग्रेस सहित विपक्ष बहुत उत्साहित था कि अब भाजपा के पतन के दिन आ गए हैं, अब उसको केंद्र में हराया जा सकता है, उसे केंद्र से हटाया जा सकता है। राहुल गांधी का अहंकार तो संसद व संसद के बाहर उनके सिर चढ़कर बोल रहा था। 99 सीट जीतकर वह ऐसा व्यवहार कर रहे थे जैसे केंद्र में कांग्रेस की बहुमत वाली सरकार बन गई है। राहुल गांधी और विपक्ष इसी अहंकार में डूबे रहे कि हमने मोदी को हरा दिया। वह भूल गए कि भाजपा व पीएम मोदी अपनी गलतियों से सबक लेते हैं और तैयारी करते हैं जोरदार पलटवार करने का। कांग्रेस और विपक्ष बड़ी बड़ी बाते करते रहे और भाजपा व मोदी अगले दो चुनाव की तैयारी करते रहे। कांग्रेस तो मानकर चल रही थी कि हमने लोकसभा में भाजपा को हरा दिया है तो हरियाणा व जम्मू कश्मीर में तो हम आसानी से हरा देंगे। दोनों राज्य की जनता तो भाजपा से नाराज है, वह भाजपा को हरा देगी और विकल्प के रूप में कांग्रेस को ही चुनेगी। कांग्रेस और विपक्ष की यह गलतफहमी तब दूर हो गई जब भाजपा ने तीसरी बार हरियाणा में चुनाव जीत लिया।कांग्रेस को समझ नहीं आया कि जनता ने उसे कैसे मौका नहीं दिया। अपनी हार के लिए वह तरह तरह के बहाने बना रही है। कांग्रेस को यह भी पता नहीं था कि इस हार के कारण उसे राज्यों में क्या नुकसान होने वाला है। किसी भी पार्टी के नेतृत्व जब दूरदर्शी नहीं होता हैतो होता वही है जो कांग्रेस के साथ हुआ। खुद के सफलता के शिखर पर महसूस कर रही कांग्रेस को एक राज्य में हार के कारण फिर वही पहुंच गई है,वह जहां पर तीन राज्यों छत्तीसगढ़, राजस्थान, मप्र का चुनाव हारने के बाद थी। विपक्ष के नेता उसे बता रहे हैं कि वह क्यों हार गई। कोई कह रहा है कि गठबंधन के साथ चुनाव लड़ी होती तो यह हाल नहीं होता, कोई कह रहा है कि कांग्रेस को जीता हुआ चुनाव हारने की आदत है। कोई कह रहा है कि कांग्रेस स्वीकार करना चाहिए कि वह अकेले भाजपा को नहीं हरा सकती। यूपी में तो अखिलेश यादव ने दस उपचुनाव के लिए कांग्रेस से बिना पूछे छह प्रत्याशी घोषित कर दिए। आप जिसकी हरियाणा में जमानत जब्त हो गई वह कह रही है कि वह दिल्ली विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी। यानी लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस जो विपक्ष पर भारी पड़ रही थी अब जब वह हरियाणा में चुनाव हार गई है तो विपक्ष उस पर अगले चुनाव में सीटों के बंटवारे को लेकर भारी पड़ सकता है। जो जम्मू कश्मीर में नेकां ने किया वही महाराष्ट्र में एनसीपी पवार व शिवसेना उध्दव ठाकरे महाराष्ट्र में करने वाले हैं और झारखंड में सोरेन करने वाले हैं। आने वाले दिनों में जहां भी चुनाव होंगे वहीं विपक्ष के दलों की कोशिश यही होगी कि कांग्रेस को कम से कम सीटें दी जाएं और खुद ज्यादा से ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ें। ताकि चुनाव के बाद सरकार बनने पर कांग्रेस सरकार में ज्यादा हिस्सेदारी का दावा न कर सके तथा भविष्य में सरकार की निर्भरता भी उस पर ज्यादा न रहे। नेकां के फारूक अब्दुल्ला व उमर अब्दुल्ला ने यही किया है। उसने कांग्रेस को कम सीटें दी इससे कांग्रेस कम सीटों पर जीत सकी। इससे वह सरकार में ज्यादा हिस्सेदारी का दावा नहीं कर सकती। जो लोग जीते हैं, वह अपने या नेकां के कारण जीते हैं तो वह भी दिल्ली के कांग्रेस नेताओं की बात नहीं मान रहे हैं। कांग्रेस कुछ करती है तो वह नेकां में शामिल हो जाएंगे और कांग्रेस के पास कोई विधायक तक नहीं रह जाएगा। नेकां का रवैया भी कांग्रेस के साथ ठीक नहीं है, उसने कांग्रेस का समर्थन करने के लिए 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया था कि यदि वह 24 घंटे में सरकार बनाने के लिए समर्थन नहीं करती है तो नेकां सरकार बनाने के लिए दूसरे लोगों से समर्थन जुटाएगी। नेकां कांग्रेस को बता रही है कि आप यहां पर कुछ नहीं हो, जो कुछ हमारी बदौलत हो, हम जैसा चाहते हैं, वैसा करते रहो नहीं तो हम जैसा चाहेंगे हम वैसा कर सकते हैं। कांग्रेस वर्तमान जितनी मजबूर जम्मू कश्मीर है, आने वाले दिनों में उतनी ही मजबूर महाराष्ट्र,झारखंड, दिल्ली आदि राज्यों में मजबूर नजर आ सकती है। कई राज्यों में उसकी स्थिति तो पहले से कमजोर है, अब हरियाणा में हार के बाद और कमजोर होने वाली है। हरियाणा में हार के बाद राहुल गांधी की बोलती बंद हो गई है। कोई नेता चुनाव के दौरान बड़ी बड़ी बातें करता है तो उसकी हालत राहुल गांधी की ही तरह हो जाती है क्योंकि चुनाव हारने पर सब खूब मजाक उड़ाते हैं। इसलिए नेताओं को चुनाव के समय सोचसमझ कर बोलना चाहिए, हवा में नही उड़ना चाहिए कि हम जीत रहे हैं।

पर्व

ललित गर्ग

# दशहरा शक्ति की साधना, कर्म एवं नवसृजन का पर्व





भारतीय त्योहार एवं मेले जहां संस्कृति के अभिन्न अंग हैं वहीं प्रेरणाओं से भी जुड़े हैं। एक ऐसा ही अनूठा पर्व है दशहरा। भारत के लगभग सभी भागों में दशहरे का पर्व एक महान् उत्सव के रूप में मनाया जाता है, जिसे विजयदशमी भी कहा जाता है। यह पर्व बुराइयों से संघर्ष का प्रतीक पर्व है, यह पर्व देश की सांस्कृतिक चेतना एवं राष्ट्रीयता को नवऊर्जा देने का भी पर्व है। आज भी अंधेरों से संघर्ष करने के लिये इस प्रेरक एवं प्रेरणादायी पर्व की संस्कृति को जीवंत बनाने की जरूरत है। बहुत कठिन है यह बुराइयों से संघर्ष करने का सफर। बहुत कठिन है तेजस्विता की यह साधना। बहुत जटिल है स्व-अस्तित्व एवं स्व-पहचान को ऊंच शिखर देना। आखिर कैसे संघर्ष करें घर में छिपी बुराइयों से, जब हर घर आंगण में रावण-ही-रावण पैदा हो रहे हो, चाहे भ्रष्टाचार के रूप में हो, चाहे राजनीतिक अपराधीकरण के रूप में, चाहे साम्प्रदायिक विद्वेष फैलाने वालों के रूप में हो, चाहे राष्ट्र को तोड़ने वाले आतंकवाद के रूप में हो, चाहे शिक्षा, चिकित्सा एवं न्याय को व्यापार बनाने वालों के रूप में। यह उत्सव प्रतिवर्ष मनाते हुए जहां शक्ति की कामना की जाती है, वहीं राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों की ओर ध्यान खींचा जाता है। इससे नई प्रेरणा, नई ताजगी, नई शक्ति एवं नई दिशाएं मिलती है।

दशहरा भारत का 'राष्ट्रीय त्योहार' है। रामलीला में जगह-जगह रावण वध का प्रदर्शन होता है। क्षत्रियों के यहाँ शस्त्र की पूजा होती है। ब्रज के मन्दिरों में इस दिन विशेष दर्शन होते हैं। इस दिन नीलकंठ का दर्शन बहुत शुभ माना जाता है। यह त्योहार क्षत्रियों का माना जाता है। इसमें अपराजिता देवी की पूजा होती है। यह पूजन भी सर्वसुख देने वाला है। दशहरा या विजयादशमी नवरात्रि के बाद दसवें दिन मनाया जाता है। भगवान श्रीराम शक्ति की देवी मां दुर्गा के भक्त थे, उन्होंने युद्ध के दौरान पहले नौ दिनों तक मां दुर्गा की पूजा की, इसके बाद भाई लक्ष्मण, भक्त हनुमान, और बंदरों की सेना के साथ एक बड़ा युद्ध लड़कर दसवें दिन दुष्ट रावण का वध किया। सीता को छुड़ाया। इसलिए विजयादशमी बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य और अंधकार पर प्रकाश का एक बहुत ही प्रेरणा का पर्व है। इस दिन रावण, उसके भाई कुम्भकर्ण और पुत्र मेघनाद के पुतले खुली जगह में जलाए जाते हैं।

दशहरा पर्व कृषि उत्सव के रूप में भी मनाया जाता है। भारत कृषि प्रधान देश है। जब किसान अपने खेत में सुनहरी फसल उगाकर अनाज रूपी संपत्ति घर लाता है तो उसके उल्लास और उमंग का पारावार नहीं रहता। महाराष्ट्र में इस अवसर पर सिलंगण के नाम से सामाजिक महोत्सव के रूप में भी इसको मनाया जाता है। भारत के अतिरिक्त अन्य देशों में भी राजाओं के युद्ध प्रयाण के लिए यही ऋतु निश्चित एवं सर्वाधिक अनुकूल थी। शमी पूजा भी प्राचीन है। वैदिक यज्ञों के लिए शमी वृक्ष में उगे अश्वत्थ (पीपल) की दो टहनियों (अरणियों) से अग्नि उत्पन्न की जाती थी। अग्नि शक्ति एवं साहस की द्योतक है, शमी की लकड़ी के कुंदे अग्नि उत्पत्ति में सहायक होते हैं। जहाँ अग्नि एवं शमी की पवित्रता एवं उपयोगिता की ओर मंत्रसिक्त संकेत हैं। इस उत्सव का सम्बंध नवरात्र से भी है क्योंकि इसमें महिषासुर के विरोध में देवी के साहसपूर्ण कृत्यों का भी उल्लेख होता है और नवरात्र के उपरांत ही यह उत्सव होता है।

दशहरा शक्ति की साधना, कर्म एवं पूजा का भी पर्व है। इसी दिन लोग नया कार्य प्रारम्भ करते हैं, शस्त्र-पूजा की जाती है। प्राचीन काल में राजा लोग इस दिन विजय की प्रार्थना कर रण-यात्रा के लिए प्रस्थान करते थे। भगवान श्रीराम की विजय के रूप में मनाया जाए अथवा दुर्गा पूजा के रूप में, दोनों ही रूपों में यह शक्ति-पूजा का पर्व है, शस्त्र पूजन की तिथि है। दशहरा का पर्व दस प्रकार के पापों- काम, क्रोध, लोभ, मोह मद, मत्सर, अहंकार, आलस्य, हिंसा और चोरी के परित्याग की सद्प्रेरणा प्रदान करता है। आज दशहरा का पर्व मनाते हुए सबसे बड़ी जरूरत भीतर के रावण को जलाने की है। क्योंकि ईमानदार प्रयत्नों का सफर कैसे बढ़े आगे जब शुरूआत में ही लगने लगे कि जो काम मैं अब तक नहीं कर सका, भला दूसरों को भी हम कैसे करने दें? कितना बौना चिन्तन है आदमी के मन का कि मैं तो बुरा हूं ही पर दूसरा भी कोई अच्छा न बने। इस बौने चिन्तन के रावण को जलाना जरूरी है।

दशहरे का सांस्कृतिक पहलू भी है। यह देश की सांस्कृतिक एकता और अखण्डता को जोड़ने का पर्व भी है। इस वर्ष का विजयादशमी पर्व इसलिये विशेष है, क्योंकि इस पर्व की सकारात्मक क्रांतिकारी ऊर्जा से न केवल राष्ट्र में सक्रिय नकारात्मक एवं अराष्ट्रीय ताकतों को सख्त संदेश दिया जाना है बल्कि पडौसी पाकिस्तान-चीन आदि देशों की कुचेष्टाओं के लिये ललकारा एवं सावधान भी किया जाना है। आजादी के अमृत काल में राष्ट्र को शताब्दी वर्ष के लिये सशक्त किया जाना है। मूलभूत आस्थाओं एवं राष्ट्रीयता के दृढ़ीकरण के साथ देश में जो नई चेतना आई है, वह एक शक्तिशाली नेतृत्व का जीवंत साक्ष्य है। राष्ट्रीयता, स्व-पहचान, स्वदेशी-भावना, हिन्दू-संस्कृति के ऊर्जा के अक्षय स्त्रोतों की खोज में जो प्रयत्न किया जा रहा है, वह अभूतपूर्व है। जन-आकांक्षा के अनुरूप राष्ट्र को जिस युगीन परिवेश में प्रस्तुति दी जा रही है, वह असाधारण है।

दशहरा शक्ति की साधना, कर्म, नवसृजन एवं पूजा का भी पर्व है। पिछले आठ दशकों में लगातार हिन्दू-संस्कृति को कमजोर करने की राजनीतिक चालें होती रही है। दरअसल हिन्दू धर्म नहीं, विचार है, संस्कृति है। हिन्दू राष्ट्र होने का अर्थ धर्म से न होकर हिन्दू संस्कृति के सर्वग्राही भाव से है। हिन्दू संस्कृति उदारता का अन्तर्निहित शंखनाद है क्योंकि पूरे विश्व में यह अकेली संस्कृति है जो बहुविचारवाद यानी सभी धर्म, विचार एवं संस्कृतियों को स्वयं में समेटे हैं। चार्वाक जैसे भौतिकवादी विचारक को भी इस देश ने ऋषि की उपाधि दी गई जिसने कहा था कि 'ऋणं कृत्व घृतं पीवेत' अर्थात जो भी है वह आज है, कल किसने देखा है इसलिए आज को भरपूर ढंग से जीना चाहिए और कर्जा लेकर भी अगर यह करना पड़े तो करना चाहिए। इसके साथ ही हमारे ऋषियों ने हमें यह उपदेश भी दिया कि 'सत्यं बूर्यात न बूर्यात सत्यं अप्रियं' अर्थात सच बोलो मगर कड़वा सच मत बोलो।

हिन्दू संस्कृति की यही महानता और विशेषता रही है कि प्रिय सत्य की वकालत तो करती है मगर इसके कटु होने पर निषेध करने को भी कहती है। यह हिन्दू संस्कृति अहिंसा की संस्कृति है पर जरूरत पड़ने पर शस्त्र उठाकर स्व-रक्षा की बात भी कहती है। हिन्दू शब्द से ही स्वराष्ट्र का बोध होता है जो कि हिन्दू संस्कृति के वृहद स्वरूप का ही सौपान है। इसी विचारधारा को बल देने का सशक्त माध्यम है विजयादशमी पर्व। मराठा रत्न शिवाजी ने भी औरंगजेब के विरुद्ध इसी दिन प्रस्थान करके हिन्दू धर्म का रक्षण किया था। भारतीय इतिहास में अनेक उदाहरण हैं जब हिन्दू राजा इस दिन विजय-प्रस्थान करते थे। ऐसा माना गया है कि शत्रु पर विजय पाने के लिए इसी समय प्रस्थान करना चाहिए। इस दिन श्रवण नक्षत्र का योग और भी अधिक शुभ माना गया है।

स्कंदपुराण के अनुसार गंगा दशहरे के दिन व्यक्ति को किसी भी पवित्र नदी पर जाकर स्नान, ध्यान तथा दान करना चाहिए। इससे वह अपने सभी पापों से मुक्ति पाता है। इस गंगा दशहरे पर स्वयं को पापों को धोने के साथ-साथ जरूरत जन-जन के मनों को भी मांजने की है। जरूरत उन अंधेरी गलियों को बुहारने की है ताकि बाद में आने वाली पीढ़ी कभी अपने लक्ष्य से न भटक जाये। जरूरत है सत्य की तलाश शुरू करने की जहां न तर्क हो, न सन्देह हो, न जल्दबाजी हो, न ऊहापोह हो, न स्वार्थों का सौदा हो और न दिमागी बैशाखियों का सहारा हो। वहां हम स्वयं सत्य खोजें। मनुष्य मनुष्य को जोड़े। दशहरा एक चुनौती बनना चाहिए उन लोगों के लिये जो अकर्मण्य, आलसी, निठल्ले, हताश, सत्वहीन बनकर सिर्फ सफलता की ऊंचाइयों के सपने देखते हैं पर अपनी दुर्बलताओं को मिटाकर नयी जीवनशैली की शुरूआत का संकल्प नहीं स्वीकारते। दशहरे का उत्सव धर्म की रक्षा,शक्ति का प्रदर्शन और शक्ति का समन्वय का प्रतीक है। इसके अलावा दशहरा नकारात्मक शक्तियों के ऊपर सकारात्मक शक्तियों के जीत का प्रतीक है।

**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट**
**25 आईपी एक्सटेंशन,**
**पटपड़गंज, दिल्ली-92**
**फोनः- 22727486, 9811051133**

## आज का राशिफल

मेष राशिः आज किसी रुके हुए कार्य को पूरा करने में बड़ों की सलाह लेना उचित रहेगा। नवविवाहित लोगों के जीवन में खुशियों का आगमन होगा। युवाओं के लिए सफलता के नए दरवाजे खुलेंगे। आपको बच्चों के साथ कुछ समय बिताने का मौका मिलेगा, जिससे वे बहुत खुश होंगे। लवमेट के रिश्ते में और मधुरता बढ़ेगी। माता को पुष्प अर्पित करें, बच्चों की तरक्की होगी।

वृष राशिः आज आपका मन आनंदित रहेगा। जो लोग स्टेशनरी का कार्य करते हैं, उनको आज उम्मीद से अधिक लाभ होने वाला है। पिता जी आपको आज कोई जरूरत का सामान गिफ्ट करेंगे। आज आपको स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से छुटकारा मिलेगा। आज आपका दिन बडें बुजुर्गों के साथ बीतेगा। कारोबार में आ रही समस्याएं समाप्त होंगी। मां दुर्गा की आरती करें, घर में सुख-समृद्धि बनी रहेगी।

मिथुन राशिः आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। जो लोग राजनीति से जुड़े हैं, उन्हें कोई बड़ी जिम्मेदारी मिलेगी, आज लोगों के बीच आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी। छोटे स्तर पर व्यापार करने वालों को बड़ा लाभ होगा। लवमेट के लिए आज का दिन रिश्तों में मिठास बढ़ाने वाला रहेगा। मां दुर्गा को नारियल अर्पित करें, कार्यक्षेत्र में तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे।

कर्क राशिः आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको संभलकर फैसले लेने की जरूरत है। अगर आप खुद का बिजनेस करते हैं, तो आपको किसी से भी बात करते समय अपने शब्दों पर ध्यान देना चाहिए। आपको किसी काम में भाई का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षकों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज व्यापार में रोज की अपेक्षा ज्यादा लाभ होगा, जिससे आपका मन पूरे दिन प्रसन्न रहेगा। माता के सामने घी का दीपक जलायें, कारोबार में बरकत होगी।

सिंह राशिः आज के दिन आप हर तरह से चिंता मुक्त रहेंगे। महिलाओं के लिए दिन बड़ा ही अच्छा रहेगा। कॉमर्स फील्ड से जुड़े छात्रों को कुछ अच्छा सीखने को मिलेगा। नौकरी कर रहे लोगों का आज पदोन्नति होने के योग बने हुए हैं। आज आपको व्यापार में आर्थिक लाभ होने की सम्भावना है। अगर आप वाहन लेने का मन बना रहे है तो आज का दिन अच्छा है। कन्या का आशीर्वाद लें, समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

कन्या राशिः आज हर कोई आपके साथ चलने की कोशिश करेगा। जो लोग कोर्ट-कचहरी के मामलो से जुड़े हैं, उनके कार्य आज समय से पूरे हो जाएंगे। आपको ऑफिस में मिले नये प्रोजेक्ट को पूरा करने में जूनियर्स का सहयोग मिलेगा। आज घर पर किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन करेंगे। माता महागौरी के मंत्र का जप करें, तरक्की के नये रास्ते खुलेंगे।

तुला राशिः आज आपके रूके हुए जरूरी काम समय से पूरे हो जाएंगे। जो लोग थियेटर से जुड़े हैं, उन्हें आज सुनहरे अवसर मिलने वाले है। राजनीति से जुड़े लोगों को आज नई जिम्मेदारी मिलने वाली हैं। आज आपके दाम्पत्य रिश्तें में मधुरता आयेगी। जो लोग नौकरी कर रहें हैं, उनके प्रमोशन होने के योग बने हुए हैं। आज बच्चों के साथ शाम को घर पर गेम खेलकर समय व्यतीत करेंगे। हल्दी का तिलक लगायें, भाग्य का साथ मिलता रहेगा।

वृश्चिक राशिः आज पूरे दिन आपके मन में प्रसन्नता बनी रहेगी। अगर आप कोई नया करोबार शुरू करने के बारे में सोच रहे हैं, तो परिवार वालों का सहयोग मिलेगा। आज आपका ध्यान किसी घरेलू कार्य को पूरा करने पर लगेगा। आज आपको घर के बुजुर्गों के सेहत का खास ख्याल रखने की जरूरत है। आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। माता के दर्शन करें, जीवन में खुशियां बनी रहेंगी।

धनु राशिः आज आपको जीवन में नया मुकाम प्राप्त होगा। जो लोग फैशन डिजाइनर हैं, आज उनके दिमाग में अच्छे क्रिएटिव थॉट आयेंगे। आज आपके द्वारा किये गए सामाजिक कामों की तारीफ होगी। ट्रांसपोर्ट के कार्यों से जुड़े लोगों को मुनाफा होगा। दाम्पत्य जीवन में चल रही नोक-झोंक आज समाप्त हो जायेगी। माता को नारियल अर्पित करें, आपकी बिजनेस से रिलेटेड समस्याएं दूर होगी।

मकर राशिः आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। जो लोग बिजनेसमैन हैं, उन्हें आज किसी यात्रा पर जाना पड़ सकता है। अगर लम्बे समय से किसी बात को लेकर परेशान हैं तो उसे जीवनसाथी के साथ शेयर करे, मन को शांति मिलेगी। किसी को बिना सोचे-समझे पैसा उधार देने से बचें। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। लवमेट से उपहार मिलेगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। गाय को रोटी खिलाएं, कार्यों में सफलता मिलेगी।

कुंभ राशिः आज आपका दिन बहुत अच्छा रहने वाला है। जो लोग लेखक हैं, आज उनके विचारों का सम्मान होगा। आज सोशल मीडिया पर एक्टिव रहना आपके लिए बहुत फायदेमंद साबित होगा। आज आपकी बात किसी पुराने दोस्त से होगी। अविवाहितो को आज विवाह के अच्छे प्रस्ताव आयेंगे। बच्चे आज पढ़ाई से ज्यादा खेलने में ध्यान लगायेंगें। धर्मस्थल पर रुई के बत्ती का दान करें, तरक्की के नये मार्ग मिलेंगे।

मीन राशः आज आप अपने सोचे हुये कार्यों को जल्दी पूरा करने में सफल होंगे। इस राशि के जो लोग लोहे का बिज़नेस करते हैं, आज उनको उम्मीद से अधिक मुनाफा होगा। भाई से आज आपको कोई उपहार मिलेगा। इस राशि के जो लोग सरकारी नौकरी कर रहे हैं, उन्हें कोई खुशखबरी मिलेगी। जमीन-जायदाद से जुड़े मामलों का समाधान निकलेगा। बड़ों का आशीर्वाद लें, आर्थिक स्थिति बेहतर होगी।

## मोदी का विरोध करना ही विपक्षी गठबंधन को भारी पड़ा



हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा को अप्रत्याशित सफलता मिलने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस को आईना दिखाया है। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को सही समय पर उचित सलाह दी है कि उसे खुद को खत्म कर लेना चाहिए। वर्षों पहले महात्मा गांधी ने भी कांग्रेस को यही सलाह दी थी। लेकिन कांग्रेस है कि मानती ही नहीं। कांग्रेस तो खत्म नहीं हुई लेकिन अब देश को खत्म करने की साजिश में जुटी है। लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि होती है। जनता कांग्रेस को लगातार नकारती आ रही है। चुनावी रण में चित हो जाने के बाद उसका जोर नहीं चलता तो वह समाज को बांटने के काम में लग गई है। कांग्रेस का एजेंडा नफरत और जहर फैलाना है, वोटों के चक्कर में कांग्रेस हिन्दुओं को बांटना चाहती है। हरियाणा इसका जीता-जागता उदाहरण है, जिसके नतीजे देश के मूड को दर्शाते हैं। हरियाणा के लोगों ने कांग्रेस को आईना दिखा दिया। कांग्रेस के पास इस समय विरोध करने का कोई मुद्दा नहीं है तो उसने अपना चुनावी फॉर्मूला 'मुसलमानों को डराओ और हिन्दुओं को बांटो' का जुमला तैयार कर लिया है। कांग्रेस मुस्लिम जातियों की बात नहीं करती क्योंकि इससे उसके वोटबैंक के बिखरने का खतरा होता है लेकिन हिन्दुओं को जातियों में बांटती है क्योंकि हिन्दुओं की एकजुटता से कांग्रेस को डर लगता है। कांग्रेस की इसी नब्ज को पकड़ते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने उस पर समाज में जहर घोलने का आरोप लगाया है। मोदी के तेवर, मोदी की आवाज और मोदी के अंदाज में एक बार फिर पुरानी खनक दिखाई दी। ऐसा लगा जैसे मोदी का आत्मविश्वास अब ऊंचाई पर है। हरियाणा चुनाव में कांग्रेस की 'एकला चलो' रणनीति काम नहीं आई। आइ.एन.डी.आई. गठबंधन दलों को साथ लेकर चुनाव न लड़ने का फैसला गलत साबित हुआ। चुनाव परिणाम को लेकर विपक्षी आई.एन.डी.आई. गठबंधन की पार्टियां लगातार कांग्रेस पर टिप्पणी कर रही है। कांग्रेस की रणनीति पर सवाल उठा रहे हैं। शिवसेना (यूबीटी) और सीपीआई जैसी पार्टियों के नेताओं ने खुलकर कांग्रेस की रणनीति की आलोचना की है।

हरियाणा चुनाव के नतीजे बताते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता न तो कम हुई है, न देश का मूड बदला है और न ही कांग्रेस भाजपा को जीतने से रोक पाई है। लोकसभा चुनाव में सीटें कुछ कम होने से कांगेस मुगालते में थी कि भाजपा ढलान पर है। इसी को देखते हुए उसने मुसलमानों के वोट पाने के लिए हिंदुओं को आपस में बांटने का काम शुरू किया था। ये अलग बात है कि उसका यह दांव उस पर उलटा पड़ गया। हरियाणा में भाजपा को सब वर्गों के वोट मिले और इससे भाजपा में एक नया विश्वास जागृत हुआ है और एंटी-मोदी मोर्चे का आत्मविश्वास हिल गया है। इसका असर महाराष्ट्र, झारखंड, उत्तरप्रदेश और दिल्ली में देखने को मिल रहा है। महाराष्ट्र में कांग्रेस लोकसभा चुनाव नतीजों के आधार पर ज्यादा सीटों पर दावा ठोंक रही थी, लेकिन हरियाणा के चुनाव नतीजों ने बाजी पलट दी। कांग्रेस की बारगेनिंग खत्म हो गई। अब उद्धव ठाकरे इस बात का दबाव बना रहे हैं कि उन्हें महाविकास अघाड़ी की तरफसे मुख्यमंत्री पद का दावेदार घोषित किया जाए, चुनाव उनके नेतृत्व में लड़ा जाए। उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव ने 10 विधानसभा उपचुनावों में 6 सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों का एकतरफा ऐलान कर दिया। अखिलेश यादव को ये बात तो लोकसभा चुनाव के दौरान ही समझ आ गई थी कि उत्तर प्रदेश में गठबंधन का फायदा समाजवादी पार्टी को कम कांग्रेस को ज्यादा हुआ है। मध्य प्रदेश और हरियाणा में कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी को एक भी सीट नहीं दी। नीतीश कुमार से लेकर अरविंद केजरीवाल और अखिलेश यादव के इंडिया गठबंधन में सीट बंटवारे की मांग को नजरअंदाज करती रही. मध्य प्रदेश के चुनाव में सपा की इच्छा कांग्रेस के साथ मिलकर लड़ने की थी, लेकिन कांग्रेस नेता कमलनाथ अति आत्मविश्वास में थे. उन्होंने समाजवादी पार्टी को साथ लेने से मना कर दिया था और अखिलेश यादव के नाम पर बड़बोलेपन वाला बयान भी दे दिया था. इसके चलते अखिलेश यादव ने मध्य प्रदेश में आधी से ज्यादा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार दिए और जमकर रैलियां की. कांग्रेस ने मध्य प्रदेश में वापसी करना तो दूर छत्तीसगढ़ और राजस्थान की सत्ता भी गंवा दिया. कांग्रेस के आत्मनिर्भर बनने के चक्कर में नीतीश कुमार ने इंडिया गठबंधन का साथ छोड़ दिया. इतना ही नहीं टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने भी खुद को विपक्षी एकता से अलग कर लिया. नीतीश कुमार और आरएलडी प्रमुख जयंत चौधरी ने बीजेपी नेतृत्व वाले एनडीए का हिस्सा बन गए. आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने भी अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया था, लेकिन बाद में पंजाब को छोड़कर दिल्ली, हरियाणा सहित देश के बाकी राज्यों में गठबंधन कर लिया था. कांग्रेस ने यह 2023 के चुनाव में मात खाने के बाद लिया था. सपा के साथ भी सीट शेयरिंग पर जिद छोड़कर 17 सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला किया। अखिलेश यादव कांग्रेस को जवाब तो देना चाहते थे, वो सही मौके के इंतजार में थे। हरियाणा के चुनाव नतीजों ने मौका दे दिया और अखिलेश ने उसे लपक लिया। उधर, दिल्ली में आम आदमी पार्टी ने ऐलान कर दिया कि विधानसभा चुनाव में कोई गठबंधन नहीं होगा।

**मनोज कुमार अग्रवाल**
**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

चिंतन

तनवीर जाफरी

# ईवीएम संदिग्धता : या इलाही ये माजरा क्या है?






हरियाणा विधानसभा चुनाव के अप्रत्याशित परिणामों ने पूरे देश के न केवल सभी प्रमुख एजेंसीज़ द्वारा किये गए एक्ज़िट पोल्स को बुरी तरह झुठला दिया बल्कि बड़े बड़े राजनैतिक विश्लेषकों को भी हैरानी में डाल दिया। मज़े की बात तो यह कि केवल कांग्रेस पार्टी ही हरियाणा में सत्ता में वापसी की उमीदों को लेकर गदगद नहीं थी बल्कि स्वयं भाजपा भी यह एहसास था कि किसान आंदोलन,अग्निवीर योजना व पहलवानों जैसे ज्वलंत मुद्दे उठने के बाद राज्य में होने जा रहे विधानसभा चुनाव में इनके अलावा भाजपा को दस वर्ष की सत्ता विरोधी लहर का भी सामना करना पड़ सकता है। इसी संभावना के तहत भाजपा ने लगभग 35 प्रतिशत वर्तमान विधायकों के टिकट काट दिए थे। टिकट कटने वालों में कई मंत्री भी शामिल थे। इस क़वायद के बावजूद 12 में से 9 मंत्री चुनाव में पराजित हो गये। हद तो यह है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और डिप्टी स्पीकर रणबीर सिंह गंगवा की सीटों को भी बदल दिया गया था। इन सबके बावजूद नायब सैनी और अनिल विज जैसे नेताओं को भी मामूली मतों से ही जीत हासिल हुई। राज्य में 10 विधानसभा सीटें ऐसी हैं, जहां बीजेपी की जीत का अंतर 5 हज़ार से भी कम है।

आठ अक्टूबर को जब सुबह मतगणना शुरू हुई उस समय एग्ज़िट पोल द्वारा घोषित पूर्वानुमानों के अनुरूप ही कांग्रेस की भारी जीत के रुझान सामने आने लगे। बताया गया कि बैलट पेपर की गिनती में कांग्रेस तेज़ी से आगे जा रही थी परन्तु जैसे ही ई वी एम के मतों की गिनती शुरू हुई आंकड़ों ने उसी तेज़ी से करवट लेना शुरू कर दिया। उसी समय पूरे देश के सोशल मीडिया पर यह संदेह ज़ाहिर किया जाने लगा कि क्या भाजपा द्वारा फिर 'खेला ' कर दिया गया ? और शाम होते होते भाजपा राज्य की कुल 90 विधानसभा सीटों में से 48 पर जीत दर्ज करने व ज़रूरी बहुमत हासिल करने की ओर बढ़ चली। जबकि एक्ज़िट पोल के अनुसार 50 से 65 सीटें जीतने की उम्मीद रखने वाली कांग्रेस को मात्र 37 सीटों पर ही संतोष करना पड़ा। इन चुनाव परिणामों ने निश्चित रूप से सभी को हैरान इसलिये भी कर दिया क्योंकि राज्य से भाजपा की हरियाणा में सत्ता से बिदाई की रिपोर्ट्स केवल मीडिया आधारित नहीं थी बल्कि स्वयं अनेक सरकारी एजेंसीज़ ने भी यही फ़ीड बैक दिया था। इसीलिये भाजपा के पक्ष में आये इन अप्रत्याशित परिणामों को लेकर संदेह पैदा होना स्वभाविक भी था। और इसतरह निशाने पर एक बार फिर ई वी एम आ गयी। कांग्रेस ने सीधा आरोप लगाया कि हरियाणा चुनाव में कई जगह ई वी एम को हैक किया गया है। यह सवाल भी उठा कि अनेक ई वी एम इंडिकेटर में बैटरी की मात्रा 90 व 95 त्न तक दिखा रही थी जबकि मतदान के अंतिम समय में प्रायः ई वी एम की बैटरी चार्जिंग की मात्रा 60 से 70त्न के बीच या इससे भी कम ही हुआ करती है। कांग्रेस का आरोप है कि जहां जहां ई वी एम में बैटरी कम थी उनमें प्रायः कांग्रेस को बढ़त मिली है। इस आरोप का सीधा अर्थ है कि ई वी एम को बदल दिया गया। कांग्रेस द्वारा 20 सीटों पर इसतरह की गड़बड़ी होने की शिकायत दर्ज की गई है।

सवाल यह है कि जब राहुल गांधी ने 17 मार्च को भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन के समय मुंबई में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा था कि 'राजा की आत्मा ईवीएम में है' , उस समय केवल राहुल गांधी ही नहीं बल्कि एम के स्टालिन व फ़ारूक़ अब्दुल्ला जैसे अनेक बड़े नेताओं ने भी ईवीएम का मुद्दा उठाया था। और उस समय सभी का ई वी एम को लेकर एक ही स्वर था कि यदि उनकी सरकार आएगी तो वे ईवीएम को हटा देंगे। सवाल यह है कि आज जबकि हरियाणा के साथ साथ जम्मू कश्मीर विधान सभा के भी चुनाव परिणाम आये हैं। और जम्मू कश्मीर में फ़ारूक़ अब्दुल्ला की नेशनल कॉफ़्रेंस व कांग्रेस गठबंधन को स्पष्ट बहुमत मिला जबकि हरियाणा में भाजपा को जीत मिली। ऐसे में यदि कांग्रेस के नेता हरियाणा में ई वी एम की कार्यप्रणाली में त्रुटियां निकाल रहे हैं तो फिर जम्मू कश्मीर विधानसभा परिणामों से सहमत क्यों ? पिछले लोकसभा चुनावों में इण्डिया गठबंधन ने बेहतर प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश व हरियाणा में भी अच्छा प्रदर्शन रहा। उस समय भी किसी ने ई वी एम पर इतना दोष नहीं मढ़ा। कर्नाटक में जीते तो भी ई वी एम ठीक थी ?

और इन सबसे बड़ी बात यह कि जब विपक्षी दलों के नेता ई वी एम को ही ग़लत बताते हैं फिर आख़िर अब तक पूरे विपक्ष ने मिलकर ई वी एम के विरुद्ध संयुक्त रूप से कोई बड़ा आंदोलन क्यों नहीं किया ? यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट के कई वरिष्ठ वकीलों व सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा चलाये जा रहे ई वी एम विरोधी आंदोलन का भी किसी राजनैतिक दल ने खुलकर साथ नहीं दिया ? यदि वास्तव में ई वी एम निष्पक्ष चुनाव प्रभावित करने की क्षमता रखती है तो निश्चित रूप से यह लोकतंत्र के लिये घातक है। सभी राजनैतिक दलों को राष्ट्रीय स्तर पर इसका विरोध करना चाहिये। यहाँ तक कि यदि सत्ता पक्ष के भी कई वरिष्ठ नेता,तकनीकी एक्सपर्ट और पूरा विपक्ष ई वी एम से चुनाव नहीं चाहता तो इसके द्वारा होने वाले चुनावों का बहिष्कार तक किया जाना चाहिये। क्योंकि सच तो यह है कि ई वी एम पर शुरुआती संदेह की ऊँगली तो भाजपा नेता लाल कृष्ण आडवाणी व सुब्रमण्यम स्वामी द्वारा ही उठाई गयी थी। वैसे भी इसकी संदिग्धता को लेकर इसलिये भी सवाल उठते रहते हैं कि आख़िर दुनिया के अनेक आधुनिक देशों ने इसका प्रचलन अपने देशों में क्यों बंद कर दिया ? और आधुनिक होने के बावजूद ऐसे देशों में आज भी चुनाव बैलट पेपर द्वारा ही क्यों कराये जाते हैं ? ई वी एम की संदिग्धता को लेकर स्थिति स्पष्ट,पारदर्शी व सर्वस्वीकार्य होनी चाहिये। बेईमानी पर आधारित लोकतंत्र वास्तविक लोकतंत्र का परिचायक नहीं हो सकता।

### मंदिर के प्रवेश द्वार पर सशस्त्र जवानों ने हर्ष फायर कर दी सलामी, माईजी की डोली को विदा करने बड़ी संख्या में उमड़े श्रद्धालु

# बस्तर दशहरे में शामिल होने मां दंतेश्वरी की डोली-छत्र हुई रवाना

- विधायक, कलेक्टर, एसपी समेत उपस्थित श्रद्धालुओं ने देवी की पूजा-अर्चना की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 13 अक्टूबर।** शुक्रवार को शारदीय नवरात्र के महानवमीं की शाम परंपरानुसार मां दंतेश्वरी व मां मावली माता की डोली व छत्र बस्तर दशहरा में शामिल होने रवाना हुई। इस दौरान देवी मां को विदा करने बड़ी संख्या में भक्त जुटे थे।

पहली बार ऐसा हुआ जब डोली अष्टमी तिथि की जगह नवमीं पर रवाना की गई। सर्वप्रथम संध्या पहर 3 बजे डोली को पटसार से बाहर प्रवेश द्वार पर लाया गया जहां पुलिस के 5 सशस्त्र जवानों द्वारा परंपरानुसार हर्ष फायर कर सलामी दी गई। तदोपरांत मंदिर के पुजारी एवं मंदिर के सेवादारों द्वारा डोली को कांधों पर लेकर मंदिर से करीब 1 किलोमीटर दूर डंकनी पुल उस पार सीईओ बंगला के सामने स्थित माईजी के चबूतरे तक लाया गया। आदिवासी नर्तक दलों के ढोल नृत्य और गाजे-बाजे की धुन पर नाचते गाते डोली को विदाई दी जा रही थी। माईजी के चबूतरे पर लाकर डोली को रखा गया।

जहां पहले से ही मौजूद टेंपल कमेटी के पदेन अध्यक्ष, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, पुलिस अधीक्षक, गौरव राय, एसडीएम जयंत नाहटा, डोली का इंतजार कर रहे थे। चबूतरा स्थल पर नगर की महिलाओं द्वारा भव्य रंगोली सजाया गया था। डोली को चबूतरा स्थल पर लाकर रखा गया। विधायक चैतराम अटामी, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी एवं एसपी गौरव राय ने डोली की पूजा अर्चना की। पूर्व विधायक देवती कर्मा, महिला आयोग की सदस्य ओजस्वी मंडावी समेत सैकड़ों भक्तों ने भी डोली की पूजा अर्चना की। जिसके बाद फूलों से सजी वाहन पर देवी की डोली एवं छत्र को रखकर विदा किया गया। मंदिर के पुजारी, सेवादार, मंदिर समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य भी वाहन पर सवार होकर डोली के साथ गए। डोली विदाई रस्म को देखने, माईजी की पूजा अर्चना करने एवं डोली का स्पर्श करने बहुतायात में भक्तगण भी मौजूद थे। माता को विदाई देते वक्त मां के भक्तजन जय मां दंतेश्वरी देवी, मां दुर्गा की जय हो, जय माता दी के जयकारे लगा रहे थे।

मां दंतेश्वरी आज जगदलपुर पहुंचेगी जहां मावली परघाव समेत विविध कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी और लकड़ी के रथ पर सवार होकर दशहरा भ्रमण पर निकलेंगी। बस्तर दशहरा कार्यक्रम में शिरकत करने के बाद माईजी की डोली परंपरानुसार 19 अक्टूबर को वापस अपने धाम के लिए रवाना हो जाएगी 20 अक्टूबर की शाम डोली को ससम्मान आंवराभाटा से दंतेश्वरी मंदिर तक गाजे बाजे के साथ पहुंचाया जाएगा।



# सिक्यूरिटी गार्ड पर जानलेवा हमला करने वाले गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**किरंदुल, 13 अक्टूबर।** पुलिस अधीक्षक दन्तेवाडा गौरव राय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (नक्सल ऑप्स) स्मृतिक राजनाला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आर के बर्मन के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस किरन्दुल कपिल चंद्रा के मार्गदर्शन में शहर की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु निरीक्षक थाना प्रभारी प्रहलाद कुमार साहू द्वारा टीम बनाकर रात में पेट्रोलिंग की जा रही है। इसी क्रम में 10 अक्टूबर को रात्रि एल एंड टी कंपनी से लोहा चोरी कर ले जा रहे 03 चोरों को ड्यूटी पर तैनात सिक्युरिटी गार्डों द्वारा पकड़ने की कोशिश किये तो उनके उपर तीनों चोरों द्वारा लोहे के रॉड/सरिया व चाकू से हमला कर दिए जिससे गार्ड अनुज कुमार गुप्ता पिता के. चन्द्र गुप्ता उम्र-22 वर्ष, पता-मेन मार्केट किरन्दुल चोटिल हो गया है की जरिये मोबाइल फोन से सूचना मिलने पर तत्काल थाना प्रभारी प्रहलाद साहू द्वारा पेट्रोलिंग पार्टी के साथ घटनास्थल पहुंचकर तीनों आरोपियों को घेराबंदी कर हिरासत में लेकर थाना लाये व प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना किरन्दुल में अपराध क्रमांक 70/2024 धारा 109, 3(5) बी.एन.एस. कायम कर आरोपियों के द्वारा हमले में प्रयुक्त चाकू व लोहे के सरिया तथा चोरी कर ले जा रहे सामग्री 06 नग मोटा लंबा सरिया व सेंट्रिंग करने का छोटा जैक राड 08 नग को जप्त कर आरोपियों भीमाराम ओयामी पिता कामा ओयामी उम्र-25 वर्ष, मुददा ओयामी पिता कामा ओयामी उम्र 22 वर्ष, छन्नू ओयामी पिता स्व. हिंगो ओयामी उम्र-19 वर्ष सभी निवासी सरपंचपारा खुटेपाल थाना कुआकोण्डा, जिला दंतेवाड़ा (छ.ग.) को 11 अक्टूबर को विधिवत गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना उनके परिजनों को दिया गया व न्यायालय के समक्ष पेश कर आदेशानुसार तीनों आरोपियों को जेल भेजा गया। पूर्व में भी इसमे से दो आरोपी-भीमाराम ओयामी व मुददा ओयामी हत्या के जुर्म में थाना कुआकोंडा के अपराध क्रमांक 04/2019 धारा 302, 34 भादवि में जेल जा चुके हैं। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद कुमार साहू, सहायक उप निरीक्षक के. सीमाचल, उत्तम कुमार ध्रुव, प्र.आ.देव गौर, आरक्षक ओम प्रकाश वट्टी, देव लाल सिदार एवं एल एंड टी कंपनी के सिक्युरिटी गार्ड/पीड़ित अनुज कुमार गुप्ता व हिमांशु कुमार गुप्ता की मत्वपूर्ण भूमिका रही।

## एक नजर

### निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 77 मरीजों का किया गया उपचार



**किरंदुल, 13 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया कम्पनी (एएम/एनएस) द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र पटेलपारा-किरंदुल बस्ती में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 85 आगंतुकों में से 77 मरीजों का उपचार किया गया, उन्हें निःशुल्क दवाइयों के साथ साथ पैथोलॉजिकल जांच की सुविधाएं भी प्रदान की गईं, जिनमें शुगर लेवल, ब्लड प्रेशर, मलेरिया आदि की जाँच शामिल है। एएम/एनएस इंडिया कंपनी लगातार सामाजिक कार्य कर रही है। कंपनी द्वारा वंचितों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही, आदिवासी क्षेत्रों में सामाजिक कल्याण, युवा उत्थान, स्पोर्ट्स, शिक्षा एवं रोजगार को भी प्राथमिकता दी जा रही है। कंपनी का उद्देश्य न केवल स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाना है, बल्कि समग्र सामाजिक विकास के लिए एक सकारात्मक बदलाव लाना भी है। कंपनी निरंतर अपने सामाजिक कार्यों से ग्रामीण और आदिवासी समुदायों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए प्रयासरत है।

### बाजे-गाजे के साथ झूमते नाचते लोग देवी प्रतिमा को लेकर पहुंचे नदी घाट

# धूमधाम के साथ जगत-जननी मां दुर्गा की प्रतिमाओं का किया गया विसर्जन

- देर रात तक चलता रहा विसर्जन का दौर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 13 अक्टूबर।** मां भगवती के नौ अवतारों की पूरे नौ दिनों तक विधि विधान से पूजा अर्चना करने के बाद विजयादशमी के दिन मां दुर्गा जी की प्रतिमाओं का विसर्जन विभिन्न समितियों द्वारा धूमधाम के साथ किया गया। नगर के अलावा अन्य क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में डंकनी नदी घाट पर दुर्गा प्रतिमाएं विसर्जन के लिए लायी गई। सुरक्षा की दृष्टि से डंकनी नदी घाट पर जवानों एवं गोताखोरों को तैनात किया गया था। पालिका द्वारा नदी घाट पर प्रकाश की भी माकूल व्यवस्था की गई थी।

नवरात्र के समापन उपरांत दशमी को दशहरा के दिन परंपरानुसार मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला बीती शाम से शुरू हुआ जो देर रात तक अनवरत चलता रहा। नगर के विभिन्न दुर्गोत्सव समितियों द्वारा सुसज्जित ट्रेक्टर, ट्रक व पिकअप वाहन में माता को विराजमान कर गाजे-बाजे के साथ भक्त झुमते-नाचते, थिरकते, रंग गुलाल से सराबोर होकर मां शेरोवाली भवानी मां के जयकारे लगाते नदी घाट पहुंचे जहां अंतिम बार पूजा अर्चना व आरती कर माता को नम आंखों से विदा करते डंकनी नदी की बीच जलधारा में ले जाकर प्रतिमाओं को ससम्मान विसर्जित किया। इस दौरान नदी घाट पर मां दुर्गा विसर्जन को देखने लोगों की भारी भीड़ जूटी थी। दुर्गा चौक कालोनी एवं कैलाशनगर में विराजित मां दुर्गा की प्रतिमाओं का दशमी तिथि को विसर्जन किया गया वहीं आंवराभाटा दुर्गा मंच में विराजी मां भगवती की प्रतिमा का विसर्जन आज किया जाएगा जिसकी तैयारियों में समिति के लोग सुबह से जुटे हुए हैं। नगर के अलावा बचेली, भांसी, गीदम समेत अंचल के विभिन्न क्षेत्रों से भी दुर्गा प्रतिमाएं विसर्जन के लिए डंकनी घाट लाए गए थे।



# एएम-एनएस इंडिया की पहल से होंगे युवाओं के सपने साकार

### क्रिकेट किट से आएगी प्रतिभा में निखार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**किरंदुल, 13 अक्टूबर।** एएम/एनएस इंडिया द्वारा अपने कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) पहल प्रोजेक्ट ÷उड़ान÷ के तहत युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और समर्थन देने के उद्देश्य से सुकमा क्षेत्र में कक्षा नौवीं के छात्र और उभरते क्रिकेटर नजीर खान को एक पूरी क्रिकेट किट प्रदान की है। यह पहल नजीर के अंडर-19 बस्तर संभाग क्रिकेट टीम में चयनित होने पर प्रदान की गयी। इस कार्यक्रम में उपस्थित सेक्शन प्रभारी महेश डागा, लीड फइनेंस दीपक गुप्ता और एएम/एनएस इंडिया की सीएसआर टीम द्वारा नजीर को यह क्रिकेट किट प्रदान किया गया। इस अवसर पर सभी उपस्थित लोगों ने नजीर की खेल प्रतिभा को सराहा और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

एएम/एनएस इंडिया के प्रोजेक्ट उड़ान का उद्देश्य युवा खिलाड़ियों को संसाधन और अवसर प्रदान करना है, ताकि वे अपने खेल के सपनों को पूरा कर सकें। एएम/एनएस इंडिया लिमिटेड स्थानीय प्रतिभाओं के विकास में योगदान देकर, नजीर जैसे खिलाड़ियों के लिए उत्कृष्टता की ओर अग्रसर होने का मार्ग प्रशस्त करने का निरन्तर प्रयास कर रहा है। यह कदम न केवल नजीर की प्रतिभा की पहचान है, बल्कि यह ग्रामीण, आदिवासी एवं स्थानीय समुदाय में अन्य युवा एथलीटों के लिए भी विकास और अवसरों को बढ़ावा देने की दिशा में एएम/एनएस इंडिया का एक महत्वपूर्ण कदम है।

# भवन निर्माण स्थलों पर योजना से संबंधित जानकारी देने वाला बोर्ड ही नहीं दिखता

- योजना से जुड़ी संबंधी बोर्ड नहीं लगाए जाने से आमजनों को यह पता नहीं लग पाता कि किस प्रयोजन से तथा कौन से विभाग से बनाया जा रहा है भवन, भवन की क्या होगी उपयोगिता, जनता को पता नहीं लग पाता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 13 अक्टूबर।** जिले के अलग अलग जनपदों में जितने भी सरकारी निर्माण कार्य चल रहे हैं उनमें किसी में भी योजना से संबंधी बोर्ड निर्माण स्थल पर नहीं लगाए गए हैं बगैर प्राक्कलन बोर्ड के निर्माण कार्य चल रहा है। क्षेत्र की आम जनता को यह पता ही नहीं लग पा रहा कि आखिर किस योजना के तहत भवन बन रहे हैं? कौन इसे बना रहा है? भवन की कुल लागत क्या है? जबकि कायदे से प्रशासन को बोर्ड लगाकर जनता को यह जानकारी देना होता है कि फलां योजना के तहत आपके गांव, मोहल्ले तथा शहर में अमूक निर्माण कार्य हो रहे हैं। जनता को भी यह जानने का पूरा अधिकार है।

दंतेवाड़ा, कटेकल्याण, गीदम हो या कुआकोंडा हर क्षेत्र में कहीं ना कहीं कोई ना योजना से संबंधित नए भवनों का निर्माण हो रहा है। कहीं अधूरा है तो कहीं कार्य पूर्ण हो गया है। कोई कार्य पिछले सरकारों के समय से चल रहा है तो कोई नई सरकार के आने के बाद शुरू हुआ है। उदाहरण स्वरूप देखें तो चितालंका में करोडों की लागत से आयुर्वेद कार्यालय एवं पालिक्लिनिक का निर्माण कार्य चल रहा है मगर निर्माण स्थल पर आज तक प्राक्कलन बोर्ड नहीं लगाया गया है। इसी तरह दंतेवाडा नगर के अंदर कैलाशनगर वार्ड में भी दिव्यांगों से संबंधित एक बड़ा सा भवन निर्माण हो रहा है यहां भी प्राक्कलन बोर्ड नहीं लगा है। भवनें तो कई क्षेत्रों में बन रही है मगर इन निर्माणाधीन भवनों के सामने कोई प्राक्कलन बोर्ड नहीं लगाया जा रहा है जिससे स्थानीय जनता को यह पता ही नहीं लग पा रहा है कि भवन किस नाम से बन रहा है? कौन से विभाग द्वारा बनाया जा रहा है? कौन इसका ठेकेदार है? किस मद से बनाया जा रहा है? कितनी राशि में यह बिल्डिंग बन रही है? भवन पूर्ण होने का समय क्या है? नियमतः निर्माण कार्य शुरू होने से पहले ही प्राक्कलन बोर्ड लगाये जाने चाहिए। लेकिन दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा जिले में ऐसा बिलकुल भी नहीं हो रहा। दर्जनों ऐसे योजनाएं हैं, जहां कार्य खत्म होने के बाद भी वहां सूचना बोर्ड नजर नहीं आता।

# छह प्रकरणों में कलेक्टर ने की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उत्तर बस्तर कांकेर 13 अक्टूबर।** कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत् प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए सर्प काटने, नदी, तालाब तथा बांध में डूबने से मौत होने के 06 प्रकरणों के लिए 24 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत किए हैं। पखांजूर तहसील के पी व्ही 130 छोटे कापसी निवासी रणवीर सीमांत दास और बिहान सीमांत दास की सर्प काटने से मौत होने पर सीमांत दास तथा कनिका दास को 4-4 लाख रुपए, ग्राम अंजाडी निवासी 55 वर्षीय सुकलू ध्रुवा की नदी में डूबने से मृत्यु होने पर बुधनी बाई ध्रुवा को 4 लाख रूपए की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार दुर्गुकोंदल तहसील के ग्राम पुजारीपारा निवासी 80 वर्षीय खोरिन बाई यादव की सर्प काटने से मौत होने पर मोहन लाल के लिए 4 लाख रूपए तथा ग्राम हाटकोंदल निवासी 58 वर्षीय रजनाथ नरेटी की बांध के पानी में डूबने से मौत होने पर नरसो बाई के लिए 4 लाख रूपए और सरोना तहसील के ग्राम भिरौद निवासी 62 वर्षीय गणेश राम की तालाब ने डूबने से मौत होने पर सदाबाई के लिए 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई है।

### रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण के लिए काउंसिलिंग 14 को

जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कांकेर एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था भानुप्रतापपुर में 25-25 सीटों में डोमेस्टिक डाटा एंट्री आपरेटर कोर्स में निःशुल्क प्रशिक्षण प्रारंभ किया जा रहा है। महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कांकेर के प्राचार्य ने बताया कि प्रशिक्षण के लिये 14 अक्टूबर को उक्त संबंधित आई.टी.आई. में प्रातः 11 बजे काउंसलिंग का आयोजन किया जाएगा। जिले के ऐसे युवा जिनकी उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक है जो इस प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहते हैं। वे शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची, आधार कार्ड, 04 पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ निर्धारित समय में काउंसिलिंग के लिए उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

### कर्तव्य में लापरवाही बरतने के कारण पंचायत सचिव डिमरापाल गनपत नागेश निलंबित

**किरंदुल, 13 अक्टूबर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बस्तर द्वारा जनपद पंचायत बकावण्ड के अर्न्तगत ग्राम पंचायत डिमरापाल के सचिव गनपत नागेश को कर्तव्य में लापरवाही बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। उन्होंने सीईओ जनपद पंचायत बकावण्ड से प्राप्त जांच प्रतिवेदन के अनुसार ग्राम पंचायत डिमरापाल के सचिव गनपत नागेश के द्वारा स्थानीय संपरीक्षा से आडिट नहीं कराने, त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन हेतु मतदाता सूची तैयार/पुनरीक्षण कार्य नहीं कराए जाने, मूलभूत योजना एवं 15वें वित्त आयोग की राशि का गबन किए जाने सहित विगत 08 माह में मात्र 04 से 05 दिवस ही ग्राम पंचायत में उपस्थित रहने एवं योजनाओं से संबंधित जानकारी पूछने पर अभद्र व्यवहार किए जाने के कारण गनपत नागेश सचिव ग्राम पंचायत डिमरापाल जनपद पंचायत बकावण्ड को उच्चाधिकारी के आदेश निर्देशों की अवहेलना अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में उदासीनता, लापरवाही बरतने तथा छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 72 के तहत ग्राम पंचायत सचिव के विहित कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन नहीं करने के फ्लस्वरूप गनपत नागेश सचिव ग्राम पंचायत डिमरापाल जनपद पंचायत बकावण्ड को छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम 1999 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

### करेलघाटी के राक्षस डोंगरी में नवरात्रि की धूम, नारायणपुर के हेमंत संचेती ने कराया भंडारे का आयोजन

# विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद कलश विसर्जन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नारायणपुर, 13 अक्टूबर।** घोर नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ के प्रवेश द्वारा में स्थित करेलघाटी माता मावली मंदिर में नवरात्री के आज नवमी के दिन विधि-विधान से माता के नाम से जलाए गए ज्योति कलश का विसर्जन मोदुरगुंडा धोड्गी नाला में भक्तो ने किया। नक्सलियों और पुलिस की गोलियों से गूंजने वाली अबूझमाड़ की हसीन वादियाँ में माता रानी के जयकारे की गूंज नवरात्रि के 9 दिनों तक इन वादियों में सुनाई देने लगी जो इस इलाके में शांति बहाली की ओर कदम बढ़ाने ने अहम कड़ी साबित होगी। वही रिपोर्टर हेमंत संचेती द्वारा माता के भक्तो के लिए भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे सैकड़ो भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया। जहा रहता था नक्सलियों का भय और आतंक, जहा की वादियों में सिर्फगोलियों की आवाज गूंजा करती थी वहा कि वादियों में नवरात्रि के 9 दिनों सिर्फ और सिर्फमाता रानी के जयकारे और भजन देते है सुनाई जो बया करता है कि जिस तरह भगवान राम ने राक्षसों का किया था अंत वैसे ही भय और आतंक का हो रहा है अंत।

नारायणपुर जिले के नक्सलियों के गढ़ कहे जाने वाले अबूझमाड़ के प्रवेश द्वारा करेलघाटी जिसे राक्स हाड़ा (राक्षस डोंगरी) के नाम से जाना व पहचाना जाता है कहा जाता है कि जब भगवान राम को वनवास हुआ था तब भगवान राम इसी दंडकारण्य में अपने वनवास के 14 वर्ष बिताए थे इस दौरान दंडकारण्य में अत्याचार करने वाले राक्षसों का वध भगवान राम ने किया था जिनकी हड्डियों का ढांचा के अस्तित्व आज भी इस करेल घाटी में नजर आते है वही इस करेल घाटी में स्थित माता मावली के मंदिर में इस नवरात्रि में श्रधालुओ द्वारा ज्योति कलश जलाया गया और 9 दिनों तक माता की भक्ति आरधना की गई। आज नवमी के दिन आसपास के लगभग 10 गाँवो के लोग कलश विसर्जन कार्यकर्म में शामिल हुए और भक्तिभावना के साथ माता रानी के जयकारे लगाए। पहले नक्सलियों के भय के चलते इस मंदिर में पूजा अर्चना नहीं के बराबर होती थी लेकिन अब माता के भक्तो ने भय और दहशत को दरकिनार कर माता रानी की पूजा अर्चना करने पहुचने लगे है। वही नारायणपुर जिले के हेमंत संचेती पिछले पांच वर्षो से नवरात्रि के अवसर पर भंडारे का आयोजन करते आ रहे है इस वर्ष भी कि यहाँ पर भंडारे का आयोजन कर भक्तो के भय को कम करने की कोशिश कर लोगो में विश्वास जगाने का काम किया जा रहा है। करेलघाटी में कलश विसर्जन और जसजीत गाने पहुंचे युवतियों ने कहा कि बचपन से अपने माता पिता के साथ नवरात्रि में आते रहे है पहले काफी घना जंगल हुआ करता था आने में डर लगता था लेकिन अब ऐसा नहीं है। नवरात्रि में 9 दिनों तक माता रानी की भक्ति और भजन में भय कही रहता ही नही और पूरा माहौल भक्तिमय हो जाता है। नारायण यादव ने कहा कि पहले करेलघाट में नवरात्रि में दीपक जलाने आते थे घना जंगल और भय का माहौल था धीरे धीरे जंगल कम हुआ और भय में भी कमी आई। जिसके बाद मनोकामना ज्योत जलाने भक्तजन आने लगे। वही नारायणपुर के हेमंत संचेती द्वारा पिछले पांच वर्षो से नवरात्रि के प्रारंभ से लेकर समाप्ति तक समिति को आयोजन करने पूरा मदद किया जाता है और अंतिम दिवस भंडारे का आयोजन कर माता रानी के भक्तजनों को प्रसाद पूरी भक्तिभाव से खिलाया जाता है।



# रायगढ़ में विकास का नया अध्याय लिखने किया जा रहा कार्य: वित्त मंत्री

## रायगढ़ निगम क्षेत्र में लगभग 5 करोड़ की लागत से बनने वाली 11 सड़क निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 13 अक्टूबर।** वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने रायगढ़ निगम क्षेत्र में 4 करोड़ 95 लाख 91 हजार रुपए की लागत ने बनने वाली 10 डामरीकृत सड़क एवं एक सीसी सड़क निर्माण कार्य का आज भूमि पूजन किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में हो रहे निर्माण कार्यों के लिए वार्डवासियों को बधाई देते हुए कहा कि यहां सड़क निर्माण के कार्य किए जा रहे है इससे जनसामान्य को आवागमन में सुविधा मिलेगी। उन्होंने निर्माण कार्य को लेकर निगम अधिकारी एवं संबंधित ठेकेदार को उच्च गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।



वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। इससे क्षेत्र के विकास, आधारभूत संरचना को मजबूती मिलने के साथ लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि रायगढ़ में विकास का नया अध्याय लिखने के लिए सतत रूप से कार्य के साथ यह प्रयास आगे भी जारी रहेगा। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि क्षेत्र के छोटी-बड़ी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के साथ सभी के सहयोग से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शासन सभी के हितों को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है, जिसमें धान का समर्थन मूल्य, महतारी वंदन जैसे विभिन्न योजनाओं के संचालन के साथ ही अधोसंरचना विकास के कार्य किए जा रहे है।

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल, विद्युत, सड़क, चिकित्सा जैसे मूलभूत विकास के साथ ही नई पीढ़ी को भी ऊंचाई तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। अब तक संभाग मुख्यालय में ही प्रयास विद्यालय का संचालन किया जाता था, लेकिन रायगढ़ पहला जिला है जहां प्रयास विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। यहां पढ़ाई के साथ ही आवासीय सुविधाएं उपलब्ध है। जहां इंजीनियरिंग, मेडिकल, लॉ जैसे विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करवायी जाती है। उन्होंने जनसामान्य को संबोधित करते हुए कहा कि अपने बच्चों को प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रयास विद्यालय में प्रवेश दिलाएं ताकि हमारा प्रयास सफल हो और बच्चों का भविष्य उज्जवल हो सके। इसी प्रकार हार्टीकल्चर कालेज के लिए 24 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिल चुकी है। साथ ही राष्ट्रीय स्तर के लाईब्रेरी की सुविधा उपलब्ध कराने नालंदा परिसर की स्थापना की जाएगी। जहां युवा विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी आसानी से कर पायेंगे। महापौर श्रीमती जानकी काटजू ने रायगढ़ के विकास में सतत् रूप से सहयोग के लिए वित्त मंत्री श्री चौधरी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने पूर्व में निगम क्षेत्र के अंतर्गत कराए गए विकास कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य श्री शेख सलीम नियारिया, श्री रमेश भगत पार्षद, पार्षद श्री सुभाष पांडेय, श्री पंकज कंकरवाल, श्री उमेश अग्रवाल, श्री विजय अग्रवाल, श्री गुरूपाल भल्ला, श्री रत्थू गुप्ता, श्री महेश शुक्ला, श्री अशोक यादव, श्री पदुमलाल प्रजापति, श्रीमती रिमझिम मुक्ति प्रसाद, श्री जीवन पटेल, श्री नवल पटेल, पूर्व एल्डरमेन श्री चंद्रशेखर चौधरी, श्री कौशलेश मिश्रा, निगम कमिश्नर श्री सुनील कुमार चंद्रवंशी, उपायुक्त श्री सुतीक्षण यादव, कार्यपालन अभियंता श्री अमरेश लोहिया सहित निगम के अधिकारी कर्मचारी, जनप्रतिनिधिगण एवं वार्डवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम स्थल छातामुड़ा बस्ती में 32 लाख 15 हजार रुपए की लागत से वार्ड क्रमांक 41 छातामुड़ा मेन गेट से बस्ती तक डामरीकृत सड़क निर्माण, 15 लाख रुपए की लागत से वार्ड क्रमांक 41 मेन रोड से सहदेव पाली बस्ती तक सीसी सड़क निर्माण, 50 लाख रुपए लागत से वार्ड क्रमांक 42 अमलीभौना प्राथमिक शाला से बाबा धाम मुख्य मार्ग से बस्ती तक डामरीकृत सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया।

## एक नजर

### रेडक्रॉस में निर्वाचन के लिए सदस्यों की सूची चस्पा

**रायगढ़, 13 अक्टूबर।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी छत्तीसगढ़ राज्य शाखा रायपुर के अनुसार जिला प्रबंध समिति रायगढ़ का निर्वाचन कर गठन किया जाना है। सचिव/मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, जिला-शाखा रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि निर्वाचन के लिए वोट देने हेतु संरक्षक, उप संरक्षक एवं आजीवन सदस्यों की सूची सूचना पटल कार्यालय भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, रायगढ़ में चस्पा किया गया है एवं रायगढ़ एनआईसी के वेबसाईट में अपलोड की गई है। आवश्यकतानुसार सदस्यता पंजी सूची कार्यालय के सूचना पटल एवं एनआईसी की वेबसाईट में अवलोकन कर सकते है।

### ठेकेदार से 10 हजार रुपए छीनकर भागा

**महासमुंद 13 अक्टूबर।** मौहारीभाठा में एक ठेकेदार से 10 हजार रुपए छीन लिया गया। पुलिस ने शिकायत पर जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को ललित कुमार सिंह ने बताया कि वह मौहारीभांठा में रहता है। वही पास में ही उनका ऑफिस है, जहां वह ठेकेदारी करता है। वह ऑफिस के पास चेन माउंटेन ऑपरेटर को पेमेंट करने के लिए हाथ में 10 हजार रुपए रखा था। तभी उनके पहचान का राजेश शर्मा आया और 10 हजार रुपए छीनकर भाग गया। प्रार्थी मूलतः बलिया उत्तर प्रदेश का निवासी है। वर्तमान में वह मौहारीभाठा कलेक्टर ऑफिस के पीछे विक्की ठाकुर के यहां किराए के मकान में रहता है। आरोपी राजेश शर्मा ग्राम खम्हारिया बेमेतरा का बताया जा रहा है। प्रार्थी की आरोपी से जान पहचान है। घटना के बाद उनका फोन बंद बताया जा रहा है। प्रार्थी की रिपोर्ट के बाद प्रारंभिक विवेचना में दोनों के बीच लेन-देन का विवाद होने की बात सामने आ रही है। पुलिस आरोपी की पतासाजी में जुट गई है।

### पुण्यतिथि पर किया लोहिया का स्मरण

**महासमुंद 13 अक्टूबर।** समाजवादी चिंतक, जननायक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. राममनोहर लोहिया की पुण्यतिथि मनाई गई। स्थानीय लोहिया चौक में पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। दाऊलाल चंद्राकर ने कहा कि स्वतंत्र भारत की राजनीति और चिंतन धारा पर जिन गिने-चुने लोगों के व्यक्तित्व का गहरा असर हुआ है, उनमें डॉ. राम मनोहर लोहिया प्रमुख रहे हैं। भारत के स्वतंत्रता युद्ध के आखिरी दौर में उनकी भूमिका बड़ी महत्वपूर्ण रही है। कहा कि भारतीय राजनीति और आजादी की लड़ाई में सक्रिय भूमिका निभाने वाले डॉ. राम मनोहर लोहिया का पूरा जीवन उतार-चढ़ाव से भरा है। आज उनके आदर्श और नाम पर देश में हम सक्रिय हैं।

# बिना ड्यूटी पर आए पगार पा रहे हैं आरएमए स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत से मरीज परेशान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 13 अक्टूबर।** जिले में बिना ड्युटी पर आए ही एक आरएमए जो खुद को डॉक्टर बताते हैं पगार पा रहे है। पूरा मामला आवापल्ली अस्पताल का है। जहाँ उसुर विकासखंड के बीएमओ की मिलीभगत से आरएमए अपनी ड्युटी से नदारद रहते हैं। इतना ही नहीं लंबे समय तक ड्युटी से गायब रहने के बाद उपस्थिति पंजी में भी दस्तखत कर देते है। मतलब आप समझ सकते हैं कि नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में स्वास्थ्य विभाग में कैसा गोलमाल चल रहा है। हालांकि बीएमओ साहब सभी कर्मचारियों के लिए ऐसी मेहरबानी नहीं दिखाते है। कोई दूसरा कर्मचारी गायब रहे तो उसको नोटिस जारी कर दिया जाता है या फिर उसकी तनख्वाह काट दी जाती है। जबकि बीएमओ के चहेते आरएमए गिरधरलाल देशलहरे पर कार्रवाई करना तो दूर मामले की जांच तक नहीं करा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों के मुताबिक यदि आरएमए का मोबाइल लोकेशन निकाला जाये तो पूरे मामले का खुलासा हो




जायेगा। 4 सितंबर से 17 सितंबर तक ड्युटी से नदारत थे। इस बीच 4 दिन का सीएल लिया है। लेकिन जो सबूत हमारे पास हैं उसके मुताबिक ड्युटी से कई दिनों तक गायब रहने के बाद आरएमए ने अपना दस्तखत किया है। इस तरह से बीजापुर जिले में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी घर बैठे सैलरी लेने का खेल खेल रहें है। इससे शासन प्रशासन की छवि खराब हो रही है साथ ही साथ आदिवासी ग्रामीणों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।

### सीसीटीवी कैमरे की दिशा बदली

आवापल्ली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सीसीटीवी कैमरा लगाया है गया। लेकिन उसकी दिशा बदल दी गई है। इसके पिछे कई चौकाने वाली जानकारी सामने आई है। अस्पताल में कई संदिग्ध गतिविधियों की खबरे आती रहती है। आशंका है कि शायद इसी वजह से सीसीटीवी कैमरा की दिशा बदल दी गई है। ताकि उससे बचा जा सके।

## समाचार संक्षेप

### खाद्य प्रतिष्ठानों का किया गया निरीक्षण



**रायगढ़, 13 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा त्योहार पर्व को ध्यान में रखते हुये लगातार सघन जॉच/निरीक्षण किया जा रहा है। इस दौरान खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत रायगढ़ जिले के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों से जॉच/विश्लेषण हेतु नमूने संकलित किये गये। इन नमूनों को चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से त्वरित जॉच की कार्यवाही किया गया। जिसमें 08 फर्म-सुश्री होटल कबीर चौक, मुन्ना डेयरी जेल परिसर, चॉवला रेस्टोरेंट चक्रधर नगर चौक, नूतन स्टोर चक्रधर नगर चौक, अपना स्टोर बोईरदादर रोड, अलंकार स्वीट्स गोपी टॉकीज रोड, आसुतोष रेस्टोरेन्ट ढिमरापुर चौक, गृहणी स्टोर ढिमरापुर चौक से कुल 40 विभिन्न प्रकार के नमूनें जैसे-बर्फी, लडडू, छेना पुड़ा, जलेबी, चमचम, चोकोबाईट बिस्कुट, दुध पाउडर आदि खाद्य पदार्थों को जॉच/विश्लेषण हेतु लिया गया। जिसमें कुल 35 नमूने मानक पाये गये तथा 05 नमूने अवमानक पाये गये। अवमानक नमूने फर्म-आशुतोष रेस्टोरेन्ट, ढिमरापुर चौक से मिठा चटनी, पेड़ा एवं गृहणी स्टोर, ढिमरापुर चौक से अरहर दाल, शक्कर तथा काबुली चना अवमानक प्राप्त होने पर संबंधित फर्म/प्रतिष्ठान को नोटिस जारी किया गया है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा लगातार सघन जॉच/निरीक्षण की कार्यवाही आगामी माह तक निरंतर जारी रहेगा। उक्त कार्यवाही श्री अंकित गुप्ता, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, श्री शाश्वत तिवारी, नमूना सहायक, श्रीमती सुमन अग्रवाल नमूना सहायक एवं टीम द्वारा किया गया।

### वित्त मंत्री ने समर्पित सेवा के लिए पुलिस शक्ति टीम का किया उत्साहवर्धन



**रायगढ़ 13 अक्टूबर।** नवरात्रि पर्व के दौरान महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन में गठित शक्ति टीम ने अपने समर्पित और प्रभावी प्रयासों से सराहनीय भूमिका निभाई। 03 अक्टूबर को नवरात्रि के प्रारंभ के साथ ही महिला और पुरुष पुलिसकर्मियों की इस विशेष टीम ने दुर्गा पंडालों और गरबा स्थलों पर निरंतर गश्त कर असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी, जिससे महिलाएं निडर होकर नवरात्रि और विजयादशमी का पर्व मना सकीं। टीम के समर्पित सेवा और उत्कृष्ट कार्य को मान्यता देते हुए चंद्र नगर कला और संस्कृति मंच के दुर्गा आयोजन कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी नेशक्ति टीम के सदस्यों को शील्ड प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग कुमार पटेल और अन्य पुलिस अधिकारियों ने भी टीम के प्रयासों की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

### रावण दहन के साथ मैदान में गूंजे जय श्री राम के जयकारे

**महासमुंद 13 अक्टूबर।** रामलीला मंचन के साथ शनिवार देर शाम शुरू हुआ दशहरा महोत्सव रावण दहन के साथ समाप्त हुआ। जय श्री राम के जयकारे से दशहरा मैदान गूंज उठा। रावण वध के साथ ही लोगों ने असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की सत्ता स्थापित होने की बधाई



देते हुए एक-दूसरे से सोनपत्ती की अदला-बदली की। शहर के बागबाहरा रोड स्थित पंडित जयलाल प्रसाद शर्मा दशहरा मैदान में रावण के 35 फीट पुतले का दहन किया गया। रामलीला के दौरान राम-रावण युद्ध का मंचन हुआ और युद्ध समाप्ति के साथ ही रावण के विशालकाय पुतले का दहन किया गया। पश्चात जमकर आतिशबाजी की गई। इस साल बिन बरसात पानी, गोल्डन सेहरा, मोती माला, आकाश चक्र जैसी आतिशबाजी देखने को मिली। कार्यक्रम के दौरान अनेक जनप्रतिनिधि व आमजन मौजूद रहे। रावण भाठा मैदान में स्थापित किए गए रावण के स्थायी पुतले का दशहरा के बाद पुर्नानिर्माण किए जाने की तैयारी है। वर्षों पूर्व तैयार किया गया यह स्थाई पुतला अब जर्जर हो चुका है। इसे दशहरा के पूर्व हटा दिया गया है। अब नगरपालिका द्वारा रावण के नए स्थायी पुतले का निर्माण किया जाएगा। वहीं, शहर में मुख्य दशहरा मैदान सहित शहर के इमलीभाठा सहित कई स्थानों पर रावण दहन किया गया।दशहरा आयोजन समिति की बैठक में पं. जयलाल प्रसाद शर्मा दशहरा मैदान में दशहरा उत्सव आयोजन की रूपरेखा पूर्व में ही तैयार कर ली गई थी। समिति के प्रभारी चंद्रशेखर साहू ने बताया कि कार्यक्रम बेहतर ढंग से संपन्न हुआ। आयोजन को सफल बनाने पं. पंकज तिवारी, भूपेंद्र राठौर, चंद्रशेखर साहू, व्यासनारायण शर्मा, तिलक साव, घनश्याम सोनी, अग्रज शर्मा, परमेश्वर डड़सेना, गोवर्धन प्रधान, महेश मक्कड़, विपिन शर्मा आदि ने सहभागिता निभाई।

# विभाग कार्ययोजना तैयार कर नई समिति बनाएं:कश्यप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 13 अक्टूबर।** सहकारिता मंत्री श्री केदार कश्यप ने गत दिवस राज्य स्तरीय विभागीय समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने सहकारिता विभाग, पशुपालन विभाग एवं मत्स्य विभाग को आगामी छः माह हेतु कार्ययोजना तैयार कर जिले के पैक्स समितियों के समस्त धान उपार्जन केन्द्रों को नवीन समिति, मत्स्य पालन विभाग में उपलब्ध जल क्षेत्रों के आधार पर एवं पशुपालन विभाग में दुधारू पशुओं का आंकलन कर उपलब्धता के आधार पर नवीन सहकारी समिति गठन करने हेतु निर्देशित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार सहकारिता मंत्रालय द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत में बहुउद्देशीय, पैक्स, डेयरी एवं मत्स्य सहकारी समिति गठन करने के उद्देश्य से मार्गदर्शिका (मानक संचालन प्रक्रिया) जारी कर आगामी पांच वर्षों में समस्त ग्राम पंचायतों को पैक्स, डेयरी, मत्स्य एवं वन सहकारी समिति से जोड़ने हेतु लक्ष्य दिया गया है। जिससे आम जनताओं के लिए आवश्यक सभी सेवायें ग्रामीण स्तर पर ही उपलब्ध कराने एवं समिति के माध्यम से सदस्यों की आर्थिक उन्नति सुदृढ़ करने में सहायक होगी। बैठक के दौरान विभाग प्रमुखों द्वारा अवगत कराया गया है कि सहकारिता विभाग में वर्तमान धान उपार्जन उपकेन्द्र को नवीन पैक्स समिति गठन करने संबंधी कार्यायोजना तैयार कर ली गई है। इसी प्रकार पशुपालन एवं मत्स्य पालन विभाग द्वारा भी दुधारू पशुओं का आंकलन एवं सर्वेक्षण तथा मत्स्य विभाग द्वारा उपलब्ध जलक्षेत्रों का सर्वे एवं परीक्षण का कार्य जारी होने की जानकारी दी गई। वन विभाग में भी वर्तमान में कार्यरत वन-धन समिति को सहकारी समिति में परिवर्तित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

सहकारिता विभाग द्वारा जिला रायगढ़ में 34 धान उपार्जन केन्द्रों को नवीन पैक्स समिति गठन करने संबंधी कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। नवीन समिति गठन होने के उपरांत सदस्यों को समय की बचत एवं स्थानीय स्तर पर ही अधिक से अधिक सुविधाएँ प्राप्त होने लगेंगी। पशुपालन विभाग में दुधारू पशुओं के सर्वेक्षण, आकलन के आधार पर कम से कम 11 सदस्यों से प्रति दिन 50 लीटर दुग्ध उत्पादन होने पर नवीन समिति गठन किये जाने का प्रावधान है। समिति प्रस्तावित होने पर पशुपालन विभाग द्वारा सर्वप्रथम ऑनलाईन आवेदन करने के पश्चात् सहकारिता विभाग से संगठक नियुक्ति उपरांत संगठक द्वारा पंजीयन की कार्यवाही कराई जाएगी। इसी प्रकार मत्स्य पालन विभाग द्वारा मत्स्य निरीक्षक के तकनीकी प्रतिवेदन एवं कार्ययोजना प्रमाण पत्र के आधार कम से कम 11 सदस्य एवं पर्याप्त जल क्षेत्र होने पर सहकारी समिति पंजीयन करने का प्रावधान है।

सहकार से समृद्धि योजना के तहत वर्तमान में प्रदेश में 04 जनऔषधी केन्द्र संचालित की जा चुकी है। जिसमें से 01 जनऔषधी केन्द्र जिला रायगढ़ के समिति बरगढ़ भी शामिल है तथा समिति तारापुर में जनऔषधी केन्द्र खोलने की प्रक्रिया जारी है। ग्रामीण क्षेत्रों में जनऔषधी केन्द्र प्रारंभ हो जाने पर स्थानीय स्तर पर लोगों की स्वास्थ का देखभाल एवं स्थानीय स्तर पर औषधी सुलभ हो सकेगा। जिले के सभी पैक्स समितियों में लोक सेवा केन्द्र की स्थापना की गई है। जिसके तहत 35 सेवाओं को शामिल करते हुए आम जनता को स्थानीय स्तर पर ही सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही है। भारत सरकार के द्वारा निर्देशिका में आरआईडीएफ योजना के तहत निर्मित गोदामों को प्रधानमंत्री अन्न भंडारण केन्द्र के रूप में विकसित करने हेतु निर्देशित किया गया है साथ ही जिले के 69 पैक्स समितियों प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्र का भी संचालन किया जा रहा है जिसके माध्यम से कृषि से संबंधित संपूर्ण जानकारी तथा ब्लॉक स्तर के समितियों में किसान सुविधा केन्द्र में मनोरंजन हेतु टीवी, बैठक व्यवस्था की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा निर्मित हर घर नल-जल योजना का संचालन भी पैक्स समितियों के माध्यम से संचालित किये जाने का निर्देश जारी किया गया है।

# घर सबको मिले,प्रयास किया जा रहा

**भोपालपटनम 13 अक्टूबर।** जनपद पंचायत भोपालपटनम के सौजन्य से ग्राम पंचायत भवन गोटाईगुड़ा में प्रधानमंत्री आवास मेला का आयोजन किया गया उक्त आवास मेला में ग्राम पंचायत गोटाईगुड़ा ग्राम पंचायत गोल्लागुड़ा, ग्राम पंचायत गुल्लापेटा एवं ग्राम पंचायत तिमेड के आश्रित सभी ग्रामों से आए हुए हितग्राही एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए इस आवास मेला का मुख्य उद्देश्य शासन की मंशा अनुरूप गुणवत्तापूर्ण एवं समय सीमा के भीतर आवास निर्माण के लिए हितग्राहियों को प्रेरित करना है ग्राम गोटाईगुड़ा में आयोजित इस आवास मेला ÷नावा लोन-नावा अभियान÷ मेरा घर मेरा अभियान को मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित करते हुए क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य बसंत राव ताटी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ सभी पात्र हितग्राही को मिले इसके लिए सरकार प्रयास कर रही है उन्होंने हितग्राहियों से आग्रह करते हुए कहा कि सभी हितग्राही समय सीमा के भीतर अपना आवास पूर्ण करे ताकि आपको पक्के मकान में रहने का सौभाग्य मिले ज़िला पंचायत सदस्य ने कहा कि सभी



हितग्राही अपने स्वीकृत आवास का निर्माण जल्द से जल्द पूरा करे इस कार्य में किसी प्रकार की कोई कोताहि ना बरते आवास मेला के इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत तिमेड़ से नागपुरी सत्यम, झाड़ी संजीव ग्राम पंचायत गोटाईगुड़ा से पलनान्ति राजेश्वरी ग्राम पंचायत गोलागुड़ा से गुरला रघु एवं ग्राम पंचायत गुनलापेटा से रजेश्वरी तामडी को आवास पूर्णता प्रमाण पत्र तथा दस हितग्राहियों को नवीन आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया इस आवास मेला में उपस्थित भा.ज.पा के युवा नेता गिरजा शंकर तामडी ने भी सभा को संबोधित किया उक्त कार्यक्रम में जनपद पंचायत भोपालपटनम के सी.ई.ओ दिलीप उईके ए.डी.ओ. प्रदीप कोर्रम जनपद सदस्य सुनील गुरला गोल्लगुड़ा के सरपंच रमेश पामभोई एवं पंच सरपंच सचिव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### पीएम फसल बीमा: दर्रीडीह के बीमित कृषकों को किया गया पालिसी वितरण




**रायगढ़, 13 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ वर्ष 2024 में धान सिंचित व धान असिंचित, मूँग, उड़द, मक्का, अरहर, मूँगफली फसलों का बीमा जिले के किसानों द्वारा कराया गया है। जिसकी पॉलिसी का प्रमाण पत्र आज धरजमयगढ़ विकासखण्ड के ग्राम-दर्रीडीह के 9 कृषकों को वितरण किया गया। उपस्थित कृषकों में श्री मिनकेतन प्रसाद, श्री तिलाम्बर पटेल, श्री हेमलाल, श्री निरंजन कुमार राठिया, श्री निराकर गुप्ता, श्री सुकदेव यादव, श्री घासीराम प्रधान, श्री अजीत कुमार तिर्की, श्री परमानंद गुप्ता व अन्य उपस्थित कृषकों को 'मेरी पॉलिसी मेरे हाथ' अभियान के तहत पॉलिसी वितरण किया गया। कृषकों को विभागीय योजनाओं, समसमायिक सलाह, किसान क्रेडिट कार्ड, कीट व्याधि में उपचार की जानकारी, वरिष्ठ कृषि विकास.अधिकारी श्री कुंवर किशोर पैंकरा द्वारा दी गई। वितरण समारोह में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्री राजेश भगत, कृषक मित्र श्री रोहित गुप्ता एवं भारतीय कृषि बीमा कंपनी ब्लॉक समन्वयक श्री सुकलाल पटेल उपस्थित रहे।

# नक्सलियों के बिछाए आईईडी में पैर गंवाने वाले नक्सल पीड़ितों को मिला कृत्रिम पैर का सम्बल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 13 अक्टूबर।** वनोपज संग्रहण या खेती कार्य जैसे अपनी दैनिक जीवनचर्या के बीच जंगलों के रास्ते गुजरते समय नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी बमों में ब्लास्ट की अलग-अलग घटनाओं में अपना पैर गंवाकर अपाहिज की दर्दभरी जिंदगी जी रहे बस्तर के ग्रामीणों को मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश व उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा की पहल पर कृत्रिम पैर का संबल मिल रहा है। पहले चरण में नक्सल हिंसा प्रभावित ऐसे 6 लोगों को फिजिकल रेफरल रिहैबिलिटेशन सेंटर समाज कल्याण परिसर माना कैंप रायपुर में कृत्रिम पैर लगाकर चलने की ट्रेनिंग दी गई। आईईडी ब्लास्ट में पैर खोने के बाद से चलने फिरने के लिए दूसरों पर निर्भर हो गए ये लोग अब कृत्रिम पैर पाकर इतने उत्साहित हैं कि खुद अपने पैरों से चलकर आज उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के निवास अपनी खुशी व्यक्त करने पहुंचे।

उल्लेखनीय है कि बस्तर क्षेत्र के लगभग 70 नक्सल पीड़ितों ने बस्तर शांति समिति की पहल पर विगत सितंबर माह में दिल्ली जाकर जंतर मंतर में प्रदर्शन करने के साथ ही केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह तथा राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर उन्हें आप बीती बताते हुए बस्तर में शांति की गुहार लगाई थी। वहीं दिल्ली से लौटकर वे आए तो उपमुख्यमंत्री व गृह मंत्री श्री विजय शर्मा ने अपने निवास कार्यालय में एक-एक पीड़ितों से बात कर उनका हालचाल जाना था और



उनका हौसला बढ़ाया था और आईईडी ब्लास्ट में पैर गवा चुके पीड़ितों के कृत्रिम पैर लगवाने के निर्देश दिए थे।

उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार आईईडी ब्लास्ट में अपने अंग खोने वाले ग्रामीणों का समाज कल्याण विभाग के सहयोग से ऐसे नक्सल हिंसा पीड़ितों को कृत्रिम अंग लगाने की शुरुआत हो गई है। कृत्रिम पैर लगाने के लिए बस्तर से 9 नक्सल पीड़ित का आना तय हुआ था, किंतु व्यक्तिगत कारणों से 3 पीड़ित अभी नहीं पहुंच पाए। इस प्रकार 6 नक्सल पीड़ित गुड्डू लेकाम बीजापुर, अवलम मारा बीजापुर, सुक्की मड़कम सुकमा, सोमली खत्री बीजापुर, खैरकम जोगा बीजापुर, राजाराम बीजापुर को फिजिकल रेफरल रिहैबिलिटेशन सेंटर समाज कल्याण परिसर माना कैंप रायपुर में कृत्रिम पैर लगाए गए।

कृत्रिम पैर लगने के बाद इनकी जिंदगी एक नई करवट ले रही है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के निवास पहुंचे इन नक्सल पीड़ितों ने अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि अब वे अच्छा महसूस कर रहे हैं। कदम-कदम पर किसी और के सहारे की जरूरत नहीं पड़ेगी। जिंदगी में अब आगे बढ़ने और कुछ हासिल करने की सोच सकते हैं। हालांकि नक्सलियों ने जो छीना है उसकी भरपाई नहीं हो सकती। लेकिन छत्तीसगढ़ सरकार की संवेदनशीलता से उन्हें कृत्रिम पैर सुलभ होने के साथ जीवन में नया उत्साह आया है। इसके लिए छत्तीसगढ़ सरकार का आभार व्यक्त किया।

# नवमी पर देवी लीला की डरावनी और भव्य प्रस्तुति

## डमरु वादन व बैगाओं की प्रस्तुति ने किया मंत्रमुग्ध

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 13 अक्टूबर।** भाटापारा रामलीला मंचन में नौंवे दिवस पर देवी लीला की भव्य मंचन दिखाया गया। जिसमें अहिरावण वध-सतीसुलोचना का मंचन किया गया एवं देवी की बहुत ही शानदार झांकी प्रस्तुत की गई। यह देवी लीला भाटापारा ही नहीं अपितु पूरे छत्तीसगढ़ में अद्भुत रामलीला मंचन के लिए प्रसिद्ध है जिसको देखने के लिए आसपास से लगभग 15000 से ऊपर दर्शक रामलीला मैदान में इकट्ठे होते हैं।आदर्श रामलीला नाटक मंडली 105 में वर्ष के नौवें दिवस में भगवान राम जी की आरती में समाज के विभिन्न वर्गों के लोग शामिल हुए। जिसमें गुप्ता समाज, माहेश्वरी समाज, अग्रवाल समाज, जैन समाज, केशरवानी समाज एवं सदर बाजार व्यापारी संघ उपस्थित थे। प्रकाश मोदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि बाल कलाकारों के अभिनय क्षमता अद्भुत है इन कलाकारों के माता-पिता भी धन्यवाद के पात्र हैं। वल्लभ लाहोटी ने अपने संबोधन में रामलीला समिति को बहुत-बहुत बधाई दिए व 105 वर्ष के मंचन के अपार सफलता की कामना की। सदर बाजार व्यापारी संघ के द्वारा सभी बाल कलाकारों का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। आरती में सतीश अग्रवाल, जगन अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, मनीष बंसल, शिव कुमार दम्मानी, तरुण मूंधड़ा, राजेश झंवर, सुभाष गुप्ता, शिवनारायण गुप्ता प्रकाश मोदी एवं प्रदीप टाटिया व जैन समाज के प्रमुख लोग गरीबा केशरवानी, प्रदीप केशरवानी, राजा केशरवानी गुलाबचंद गोलछा आदि उपस्थित रहे। रामलीला संरक्षक मंडल सदस्य अनिल चांडक, संतोष अग्रवाल, सत्यनारायण जोशी भी उपस्थित रहे। अतिथियों के द्वारा बाद में अहिरावण वध की लीला देखी गई। शानदार प्रस्तुति देवी के दर्शन देवी की झांकी ने दर्शकों को मंत्र मुक्त कर दिया। इस रामलीला में निरंतर नयापन समय के साथ बदलाव को लोगों को काफी प्रशंसा मिली साथ ही प्रेरणादाई भी बताया। व्यवस्था में राहुल जोशी, धनंजय तिवारी, अभिषेक मिश्रा एवं टीम का सहयोग प्रशंसनीय रहा। अहिरावण के रूप में कोमल शर्मा की अदाकारी काफी ज्यादा दर्शकों को सम्मोहित करी एवं तालियां बटोरी। महाकाल मंदिर नगर पालिका के कलाकारों के द्वारा बहुत ही अद्भुत डमरू वादन प्रस्तुत किया गया एवं विभिन्न वेशभूषा में सज कर अलग-अलग तरीके से देवी के भक्ति करने वाले बैगा लोगों का रूप देखकर दर्शकों एवं बच्चों को भय के साथ-साथ आनंद एवं अद्भुत रोमांच का अनुभव हुआ।

## समाचार संक्षेप

### अखंड रामनाम सप्ताह के समापन में सिंधी समाज ने निकाला जुलूस



**तिल्दा-नेवरा, 13 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अखंड राम सप्ताह का समापन जुलूस निकाला गया जो नेवरा सिंधी कैंप स्टेशन तिल्दा होते हुए समापन नेवरा राम सप्ता चौक में हुआ। नगर में कांग्रेस के साथियों सहित राम सप्ताह जुलूस का पुष्पमाला से स्वागत अभिनंदन किया इस अवसर पर कांग्रेस नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी और स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सभी राम नाम संकीर्तन करने वालों का मुंह मीठा कराया और सबको शुद्ध जल पिलाने के साथ अभिनंदन कर स्वागत किया। बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता पदाधिकारी और कार्यकर्ता पहुंचे थे। कांग्रेस नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा की। भगवान राम का आशीर्वाद पाकर हम सब अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

### राजस्व मंत्री ने किए देवी माताओं के दर्शन



**तिल्दा-नेवरा, 13 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राजस्व खेल कूद मंत्री टंक राम वर्मा बलौदा बाजार विधान सभा और प्रदेशवासियों को दुर्गाष्टमी और महानवमी की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर वर्मा ने मां दुर्गा से प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की है। अपने शुभकामना संदेश में उन्होंने कहा है कि शक्ति की उपासना का महापर्व नवरात्रि पूरे देश में नौ दिनों तक भक्तिभाव से मनाया जाता है। इस दौरान देवी के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है। नवरात्रि के आठवें दिन माता शक्ति के आठवें स्वरूप माता महागौरी और नवमी पर देवी सिद्धिदात्रि स्वरुप की पूजा अर्चना की जाती है।

### विजयादशमी पर थाने में की गई शस्त्र पूजा



**भखारा, 13 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विजयादशमी पर्व के पावन अवसर पर भखारा थाना में वर्षो से चली आ रही शस्त्र पूजन की परंपरा का निर्वहन करते हुए शस्त्र पूजन किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी लेखराम ठाकुर ने विधिवत रूप से शस्त्रागार में रखे शस्त्रों और वाहनों का पूजन किया और थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिसकर्मियों के बीच साहस और कर्तव्यनिष्ठा को बढ़ाने का प्रतीक पर्व विजयादशमी है थाना के शस्त्रागार में रखे शस्त्रों और वाहनों की विधिवत साफ-सफाई और पूजा की किया गया इस पूजन का उद्देश्य शस्त्रों के प्रति सम्मान और उनकी देखरेख को बढ़ावा देना है जो पुलिस बल के साहस और शक्ति के प्रतीक होते हैं शस्त्र पूजन कार्यक्रम में थाना प्रभारी लेखराम ठाकुर, मुंशी प्रधान आरक्षक श्यामसुंदर बरिहा, खिनेश साहू, शेखर सिन्हा, त्रिलोकी बघेल, सीताराम नारंग, आरक्षक ईश्वर साहू, खुमान साहू, अवनीश विश्कर्मा, हेमराज नेताम, मिथलेश, महिला आरक्षक खिमेश्वरी साहू, संतोषी साहू, अमृता मत्स्यपाल शामिल रहे।

## एक नजर

### सीएम साय ने गुरुगद्दी की पूजा कर लिया आशीर्वाद



**बलौदाबाजार, 13 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज बाबा गुरू घासीदास की कर्मभूमि एवं सतनामी पंथ के संत अमरदास की तपोभूमि तेलासी धाम में आयोजित गुरु दर्शन मेला में शामिल हुए। उन्होंने गुरु गद्दी की पूजा-अर्चना कर नमन किया और छत्तीसगढ़ वासियों की खुशहाली और तरक्की के लिए कामना की। इस अवसर पर तेलासी पुरी धाम सर्वोच्च गुरु गद्दीनशीन आसम दास साहेब भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री दयाल दास बघेल, टंक राम वर्मा, सांसद जांजगीर चांपा कमलेश जांगड़े, पूर्व विधायक सनम जागड़े, कलेक्टर दीपक सोनी एसपी विजय अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में राजमहन्त, संत और श्रद्धालु गण उपस्थित थे।

**तेलासीपुरी का ऐतिहासिक महत्व:** जिला मुख्यालय बलौदाबाजार से लगभग 40 किलोमीटर दूर भैसा से आरंग मार्ग में ग्राम तेलासी स्थित है। जहां पर बाबा गुरू घासीदास की कर्मभूमि एवं सतनामी पंथ के संत अमर दास की तपोभूमि जिसे स्थानीय लोग तेलासी बाड़ा भी कहते हैं। सतनाम पंथ के लोगों के लिए यह एक महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है। 1840 के लगभग तेलासी बाड़ा का निमार्ण गुरु घासीदास के द्वितीय पुत्र बालक दास द्वारा निर्माण किया गया और उनका तेलासी बाड़ा में जीवन यापन चलता रहा। गुरु बालक दास के मृत्यु के बाद 1911 में तेलासी के साथ 273 एकड़ जमीन गणेशमल के पास गिरवी के द्वारा काबिज किया गया था, जिसे समाज के सर्वोच्च गुरु असकरणदास एवं राजमहंत नैन दास कुर्रे के नेतृत्व 103 समाज के लोग जेल गए थे।

### मुख्यमंत्री साय का हेलीपैड पर हुआ आत्मीय स्वागत



**बलौदाबाजार, 13 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के पलारी विकासखंड में स्थित तेलासी पुरी धाम में आयोजित गुरु दर्शन मेला में आज पहली बार पहुँचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का स्थानीय हैलीपैड में पहुँचने पर आत्मीय स्वागत किया गया। हैलीपेड में जांजगीर चांपा सांसद कमलेश जांगड़े, पूर्व विधायक बिलाईगढ़ सनम जांगड़े, सरपंच रामेश्वर धीवर, समाजिक बंधु, स्थानीय जनप्रतिनिधि गण कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री दयाल दास बघेल, टंक राम वर्मा भी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री ने तेलासी गुरुद्वारा बाड़ा विकास के लिए 3 करोड़ 18 लाख रुपये की दी स्वीकृति

# समाज के अंतिम व्यक्ति का उत्थान ही सरकार का मुख्य ध्येय:सीएम साय

- मंदिर से मुख्य सड़क तक सीसी रोड एवं गैतरा मेन रोड से बोहारडीह नाला तक होगा सड़क निर्माण
- गुरु अमरदास जलाशय का सौंदर्यीकरण एवं तथा अनुसूचित जाति छात्रावास तेलासी में 50 अतिरिक्त सीट के लिए होगा भवन निर्माण
- हम होंगे कामयाब कार्यक्रम अंतर्गत 21 युवाओं को दिया गया नियुक्ति पत्र, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय गुरु दर्शन मेला में हुए शामिल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 13 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में स्थित बाबा गुरु घासीदास जी की कर्मभूमि एवं गुरु अमरदास जी की तपोभूमि तेलासीपुरी धाम में आयोजित गुरु दर्शन मेला कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री ने बाबा गुरु घासीदास एवं गुरु अमरदास जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना कर किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं सर्वोच्च गुरु आसमदास साहेब का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों क़ी मांग पर तेलासी गुरुद्वारा बाड़ा विकास हेतु 3 करोड़ 18 लाख रुपये देने, मुख्य मंदिर से मुख्य सडक तक सीसी रोड एवं गैतरा मेन रोड से बोहारडीह नाला तक सडक निर्माण, गुरु अमरदास जलाशय का सौंदर्यीकरण तथा अनुसचित जाति छात्रावास तेलासी में 50 अतिरिक्त सीट हेतु भवन निर्माण की घोषणा की।

मुख्यमंत्री साय ने विजयादशमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व सत्य की विजय एवं बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। इस दिन रावण के पुतले का दहन किया जाता है। लेकिन हमें काम, क्रोध, मद, लोभ रूपी बुराई पर विजय प्राप्त करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि समाज में छुआछूत और असमानता को दूर करने 18 वीं सदी में बाबा गुरु घासीदास जी अवतरित हुए। उन्होंने दुनिया को मनखे-मनखे एक सामान का सन्देश दिया। हमारी सरकार बाबा गुरु घासीदास जी के बताए मार्ग पर चलते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि समाज के विकास का मूलमंत्र शिक्षा है। समाज में अनपढ़ व्यक्ति भी जीवन जीता है लेकिन शिक्षित और अनपढ़ के जीवन में काफी अंतर होता है। शिक्षित समाज से ही प्रदेश और राष्ट्र का विकास होगा। हमारी सरकार नई राज्य सरकार के गठन के तत्काल बाद मोदी जी की गारंटी को लगातार पूरा कर रही है, जिसमें 21 क्विंटल प्रति एकड़ एवं 3100 रुपये में धान खरीदी, किसानों को बकाया बोनस राशि का भुगतान, 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति, तेंदूपत्ता खरीदी दर बढ़ाकर 5500 रुपये प्रति मानक बोरा किया गया। महतारी वंदन योजना, रामलाला दर्शन योजना सहित अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने कहा कि सतनामी समाज में विजयादशमी के दिन गुरु दर्शन की परम्परा है। गुरु के दर्शन से प्रेरणा लेकर सतनामी समाज आगे बढ़ रहा है। समाज शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़े, सामजिकजन समाज हित में काम करने भावी पीढ़ी को जागृत करें। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास जी का उपदेश समाज को जोड़ने और एकरूपता लाने वाला है। देश में गुरु परम्परा प्रचलित है। गुरुओं के दर्शन से सन्मार्ग मिलता है और सन्मार्ग से ही प्रदेश सुखमय और समृद्ध होगा। कार्यक्रम को सर्वोच्च गुरु आसमदास साहेब जांजगीर-चाम्पा सांसद कमलेश जांगड़े, मुंगेली विधायक पुन्नुलाल मोहले ने भी सम्बोधित किया। कलेक्टर दीपक सोनी ने स्वागत भाषण में जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे कार्यो एवं नवाचारों की जानकारी दी।

### मेधावी छात्रों को सम्मान एवं युवाओं को मिला नियुक्ति पत्र

कार्यक्रम में सतनामी समाज के 12 मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया एवं 21 युवाओं को रोजगार हेतु नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के 2 हितग्राहियों को गैस कनेक्शन एवं 3 हितग्राहियों को राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 10 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र, 5 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड तथा 10 लखपति दीदियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अहिवारा विधयाक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सनम जांगड़े, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, सतनामी समाज के राजमहंत सहित समाज के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# ठेका श्रमिकों की 14 अक्टूबर को होने वाली हड़ताल स्थगित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दल्लीराजहरा, 13 अक्टूबर।** लंबे संघर्ष के बाद आईओसी राजहरा के समस्त ठेका श्रमिकों को परिवार सहित चिकित्सा सुविधा चालू करने पर प्रबंधन और सभी यूनियनों के बीच लगभग दो वर्ष पूर्व आम सहमति हुआ था। किन्तु प्रबंधन और ठेकेदारो के उदासीन रवैया के चलते आज तक भी हमारे बहुत सारे ठेका श्रमिकों को चिकित्सा सुविधा का लाभ नही मिल पा रहा था, और तो और कुछ माइनिंग के ठेका में ठेकेदार द्वारा ओपीडी, आईपीडी चिकित्सा सुविधा दिया जा रहा था उसे भी बंद कर दिया गया।

कई महीने का अस्पताल का बिल नही देने के कारण अस्पताल ने भी चिकित्सा सुविधा बंद कर दिया था। यूनियनों द्वारा इस संबंध मे प्रबंधन को अवगत भी कराया गया किन्तु कोई सुधार नही होने के कारण 14 अक्टूबर को हड़ताल करने का निर्णय लिया गया था। हड़ताल सर पर देख प्रबंधन ने आज खदान सभागार मे सभी यूनियनों का मीटिंग बुलाया और सभी विषयों पर विस्तार से चर्चा हुआ।

प्रबंधन ने बताया कि अस्पताल का बिल भुगतान कर दिया गया है और बिल भुगतान में अब कोई विलंब नही होगा। प्रबंधन ने कुछ विषयों पर समय मांग कर हड़ताल न करने का आग्रह किया। सभी यूनियनों मे आपसी चर्चा कर यह सहमति बनी कि मुद्दों को हल करने के लिये प्रबंधन को 27 अक्टूबर तक का समय देकर हड़ताल स्थगित किया जाये। 27 अक्टूबर तक मुद्दे हल नही होने पर 28 अक्टूबर से आई ओ सी के समस्त कर्मचारियों द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जायेगा। अतः समस्त साथियों को सूचित किया जाता है कि 14 अक्टूबर को हड़ताल नही रहेगा सभी साथी ड्यूटी पर जायेंगे।आज की बैठक में प्रबंधन की ओर से एक्टिंग सीजीएम जयप्रकाश, जीएम शिरपुरकर, मायाराम ठाकुर, विपिन कुमार, पंकज कुमार, धनंजय सिंह, एजीएम एच आर इंगले, शशांक, पटनायक, बघेल एवं अन्य आपरेटिंग अथारिटी, समस्त लेवर आफिसर उपस्थित थे। संयुक्त यूनियन मोर्चा की ओर से एसकेएमएस के कमलजीत सिंह मान, राजेन्द्र बेहरा, तोरणलाल साहू, कुलदीप सिंह, सीटू के प्रकाश सिंह क्षत्रिय, पुरुषोत्तम सिमैया, इंटक के अभयसिंह, तिलक मानकर, बीएमएस के लखनलाल चौधरी, एमपी सिंह, सीएमएस के सोमनाथ उईके, शैलेश कुमार एवं जेएमएम के बसंत रावटे, संजय सिंह उपस्थित थे।

## सुपेला में आतिशबाजी के साथ धूमधाम से मना दशहरा पर्व



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भखारा, 13 अक्टूबर।** नवज्योति नाटय कला समिति सुपेला के तत्वाधान में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व विजयदशमी धूमधाम से रंग बिरंगे पटाखों के साथ आतिशबाजी कर मनाया गया इस रामलीला कार्यक्रम का मंचन भूले बिसरे कलाकारों के द्वारा किया गया जिसे दर्शकों ने खूब सराहा, इस अवसर रामलीला मंडली के प्रभु राम द्वारा रावण वध किया गया तब मंच पर बैठे दर्शकों ने जय-जय राम की जयघोष किया तत्पश्चात एक-दूसरे को रैनी पत्ता भेंटकर भाईचारे और आपसी सौहार्द का परिचय दिया !नवज्योति नाटय कला समिति द्वारा आयोजित रामलीला मंचन कार्यक्रम में प्रभु राम के किरदार में झानेंद्र साहू, लक्ष्मण जतिन कुमार साहू, हनुमान कन्हैयालाल साहू, रावण कुलदीप साहू, कुंभकरण रघुवीर साहू, मेघनाथ विकास कुमार साहू, अहिरावण दयालू राम साहू, विभीषण गगनदीप साहू मुख्य पात्र निभा रहे थे और वहीं संगीत पक्ष में बिसाहू राम यादव, रोहित ध्रुव, संतोष मानिकपुरी, दशरथ साहू, चंद्रिका देवांगन एवं व्यासपीठ में कृष्णदयाल साहू, हितेंद्र साहू रहे, इस अवसर पर ग्राम विकास समिति अध्यक्ष मूलचंद साहू, सचिव द्वारिका राम प्रधान, संरक्षक सोनऊ राम देवांगन, कोषाध्यक्ष दिग्विजयसिंह, पन्नालाल साहू, बलराम साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे!

## किस्टाराम जोन स्तर पर सर्व आदिवासी समाज संगठन प्रतिनिधियों का मनोनयन कार्यक्रम आयोजित

# जैसे जल, जंगल, जमीन पर मालिकाना हक जता रहे हैं, ठीक वैसे ही संस्कृति को बढ़ाने के लिए आगे आएं : सर्व आदिवासी समाज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कोंटा, 13 अक्टूबर।** कोंटा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले किस्टाराम में सर्व आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों के द्वारा बालक आश्रम किस्टाराम के प्रांगण में 14 पंचायत के ग्रामीणों की उपस्थिति में स्व.बिरसा मुंडा की चित्र पटल पर माल्यार्पण कर सर्व आदिवासी समाज पदाधिकारियों के नेतृत्व में जोन स्तर पर मनोनयन संगठन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रत्येक ग्राम के पटेल एवं पुजारियों को सफेद गमछे के साथ सम्मानित कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया, और क्षेत्र में पहली बार सर्व आदिवासी समाज के जिला स्तर एवं ब्लाक इकाई कोंटा पदाधिकारियों के द्वारा किस्टाराम में मनोनयन सभा का आयोजन कर ग्रामीणों को सर्व आदिवासी समाज की एकता, धर्मातरण, अस्तित्व, प्रभुत्व, मूलनिवासियों की परिचय को याद दिलाते हुए, अपनी संस्कृति, आदिवासियों की पहचानियत को पुनः अपनाने के लिए संदेश दिया क्षेत्र के आस पास गांव के ग्राम वासियों को 7 दिवसीय पूर्व व्हाट्स एप ग्रुप में प्रचार प्रसार कर ग्रामीणों को आदिवासी समाज बैठक का न्योता भेजकर 11.10.2024 को बालक आश्रम किस्टाराम के समीप चर्चा कर मनोनयन पदाधिकारी की गठन की गई। जिसकी जिम्मेवारी जोन स्तर की आलम ध्यानाकर्षित करेगी।

**मातृ भाषाओं से सभा को संबोधित किया:** जिला सर्व आदिवासी समाज के सर्वोपरि अध्यक्ष उमेश कुमार सुण्डाम अपनी पैतृक भाषा के तहत कार्यक्रम संबोधन किया जिसके पश्चात क्रमबद्ध में समाज के प्रतिनिधियों के द्वारा मातृ भाषाओं से अपनी संस्कृति एवं मूल निवासियों की पहचानियत को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया कदापि आदिवासियों संस्कृति को नीच ना समझे, आदिवासी शिक्षा के स्तर पर कमजोर एवं पिछड़े हैं, ग्रामीण स्तर के बच्चों को पढ़ाने के लिए अभिभावकों को विशेष जोर देना होगा। इस तरह कार्यक्रम के आखिरी स्पीच पोस्ट मास्टर महेश मरकाम के द्वारा संबोधित कर कार्यक्रम को समापन किया गया।



सर्व आदिवासी समाज जोन संगठन के मनोनयन कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिनिधि मंडल उमेश कुमार सुण्डाम- सर्व आदिवासी समाज अध्यक्ष, लच्छूराम नाग- अध्यक्ष युवा प्रभाग जिला सुकमा, विष्णु कवासी- कोया कुटुमा समाज सुकमा, गणेश मंडावी- अध्यक्ष युवा प्रभाग कोया कुटुमा समाज, वेको हूंगा- पूर्व अध्यक्ष कोया कुटुमा समाज सुकमा, रामदेव बघेल- पू.अ. सर्व आ. सा. युवा प्रभाग, हूंगा मरकाम- ब्लाक अध्यक्ष कवासी कुटुमा समाज, सोमा मरकाम- पूर्व सर्व आदिवासी समाज अध्यक्ष, कट्टम सीताराम- दोरला समाज ब्लाक अध्यक्ष, जोगा कवासी- ब्लाक अध्यक्ष कर्मचारी संघ सुकमा, हंदा सोडी- कोया कुटूमा समाज आदिवासी कोंटा, बोड्डू राजा- जिला उपाध्यक्ष सुकमा, सुन्नम नागेश- जनपद पंचायत कोंटा, सोयम भीमा- संभागीय उपाध्यक्ष, सोयम नागेश- संभागीय प्रवक्ता सुकमा, आस मुकेश- दोरला समाज उपाध्यक्ष ब्लाक ईकाई कोंटा, मड़कम कृष्णा- पूर्व सरपंच ढोंढरा, हपका मारा- सरपंच मरईगुड़ा ग्रामीण महिला, पुरुष, युवक, युवतियां मौजूद रहे।

## एक नजर

### साइंस कालेज के मैदान में रीडिंग जोन बनाये जाने का स्वागत

**रायपुर, 13 अक्टूबर।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष श्रवण सिंह ठाकुर एवं पूर्व सचिव प्रदीप कुमार मिश्रा ने साइंस कॉलेज के मैदान के पास से यूथ हब चौपाटी को हटाने एवं वहां बच्चों और विद्यार्थियों के लिए रीडिंग जोन और प्लाएनिंग जोन विकसित करने के निर्णय का तहे दिल से स्वागत किया है एवं इसके लिए सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं पूर्व मंत्री राजेश मूणत का आभार माना है। दोनों नेताओं ने कहा कि इस क्षेत्र में साइंस कॉलेज, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, नेशनल इंस्टिट्यूट एंड टेक्नोलॉजी जैसे उच्च शैक्षणिक संस्थान स्थापित है। इसे एजुकेशन हब के रूप में और विकसित करने की जरूरत है, जिससे यहां के छात्र-छात्राओं का शैक्षणिक विकास में और अधिक वृध्दि हो, ऐसे शैक्षणिक संस्थाओं के बीच में यूथ हब चौपाटी आ जाने से यहां आसामाजिक तत्वों का और अधिक जमावड़ा शुरू हो गया है, जिससे यहां के छात्र, छात्राओं को विभिन्न प्रकार की असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा था, जिससे यहां का वातावरण लगातार दूषित होता जा रहा था, यहां से यूथ हब चौपाटी के हट जाने एवं एनुकेशन हब मे विद्यार्थियों के लिए रीडिंग जोन की प्लानिंग विकसित होने से छात्रों के लिए बहुत अधिक उपयोगी सिद्ध होगा।

### चेम्बर ने रतन टाटा को दी श्रद्धांजलि



**रायपुर, 13 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि चेम्बर कार्यालय चो.देवीलाल व्यापार उद्योग भवन बाम्बे मार्केट, रायपुर में देश के प्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर चेम्बर पदाधिकारियों, कार्यकरिणी सदस्यों एवं विभिन्न व्यापारिक संघों के प्रतिनिधियों द्वारा रतन टाटा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। चेंबर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने देश के प्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय उद्योग जगत के महानायक रतन टाटा का निधन देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है, उन्होंने न सिर्फ टाटा समूह को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया, बल्कि भारतीय उद्योग को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठा दिलाई। उनके नेतृत्व में टाटा समूह ने कई ऐतिहासिक अधिग्रहण किए और समाज कल्याण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। वे एक सफल उद्योगपति होने के साथ-साथ समाजसेवक भी थे। रतन टाटा की विरासत हमेशा प्रेरणादायक रहेगी, और उनका इस संसार से अलविदा होना देश को गहरे शोक में डाल दिया है। पारवानी ने आगे कहा कि व्यापार एवं उद्योग जगत में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें सदैव याद किया जाता रहेगा।

### हॉस्टल के कमरे से आईपेड पार

**रायपुर, 13 अक्टूबर।** हिदायतुल्ला नेशनल विश्वविद्यालय नया रायपुर के ब्वॉय हॉस्टल के कमरे से अज्ञात चोर ने आईपेड पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर राखी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी नरेन्द्र राठिया 21 वर्ष हिदायतुल्ला नेशनल विश्वविद्यालय के ब्वॉय हास्टल में रहता है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के कमरे में प्रवेश कर टेबल में रखे आईपेड को पार कर दिया। चोरी गए आईपेड की कीमत करीब 30 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर राखी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज क जांच में लिया है।

# समझेगा कौन जागती आंखों के ख्वाब को... हम अपने हादसों के अकेले गवाह हैं...






हरियाणा, जम्मू-कश्मीर दोनों राज्यों के चुनावों में हरियाणा में भाजपा तीसरी बार सरकार बना रही है तो जम्मू-कश्मीर में पूरे 10 साल बाद चुनाव करवाये गये। इस चुनाव में भाजपा जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने, धारा 35 ए लगाने, नेशनल कॉन्फ्रेंस +कांग्रेस इसे वापस लेने के मुद्दे चर्चा में रहे। हालांकि दोनों राज्यों में एक में जीत और एक में हार का विश्लेषण तो यही होता है, मुकाबला बराबरी पर छूटा है।इन चुनावों में नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी चर्चा का केंद्र बने रहे?जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस+ नेशनल कांफ्रेंस के गठ बंधन को जीत मिली तो भाजपा को हरियाणा में तीसरी बार सत्ता में आने का मौका मिला है। कांग्रेस को आत्ममंथन की जरूरत है कि क्यों राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पंजाब, उत्तराखंड की तरह हरि याणा की जीती बाज़ी भी उसने गंवा दी, सैनी केबिनेट के अधिकांश मंत्रियों की हार भी यह बता रही है कि जनता ने भाजपा के काम पर मुहर ही नहीं लगाई है, कोई और ही वजह भाजपा की जीत का कारण बनी, कांग्रेस, सीएम कौन बनेगा हुड्डा या शैलजा इसी विवाद के चलते निपट गई? चुनावों से यह सामने आया है कि भाजपा का साथ देने वाली पार्टियों को अपने भविष्य की चिंता करनी चाहिये। क्योंकि हरियाणा में जेजेपी, जम्मू-कश्मीर में पीडीपी साफ़ हो गई है।एक वक्त् में इन दोनों के साथ मिलकर भाजपा ने सरकारों का गठन किया था।बिहार महाराष्ट्र, झारखंड में भाजपा का साथ जदयू, लोजपा, शिवसेना शिंदे, अजित पवा र एनसीपी दे रहे हैं, अब इन दलों को सोचना है कि वो अपने भविष्य-अस्तित्व को भाजपा से कैसे बचाएं?

### कुछ बड़े मंत्रियों का विभाग बदलेगा...?

छत्तीसगढ़ में 9 महीने पहले बनी विष्णु देव सरकार में अब महसूस किया जा रहा है, सीएम विष्णुदेव




पिछले महीने से कुछ बदले बदले से नजर आ रहे हैं। कुछनये नवले मंत्रियों का व्यवहार, कार्यप्रणाली से आमजन, संघ, भाजपा के लोग भी नाखुश हैं, कुछ की शिका यत पीएम मोदी, एचएम शाह और सीएम तक भी पहुंची है। सूत्र बताते हैं मंत्रिमंडल में रिक्त 2 मंत्रियों को शामिल करना मुश्किल नहीं है, दरअसल कुछ 'बड़े मंत्रियों 'के विभाग बदलने, एकाध मंत्री को हटाने की चर्चा भी जारी है, तबादला, पदोन्नति, बड़बोलेपन के कारण कुछ कि शिकायत भाजपा आलाकमान के पास भी पहुंची है, कुलमिला कर मंत्रिमंडल के पुनर्गठन में कुछ 'बड़ा' होगा ऐसा लगता हैज़?

### बृजमोहन पर 'साय बंधुओं' का साया...!

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में सशस्त्र सेना समा रोह में गये भाई बृजमोहन अग्रवाल ने हथियार उठाकर निशाना लगाने का प्रयास किया..अब निशाने पर कौन था यह तो मोहन भैया ही बता सकते हैंज़? लगातार 8 बार एक ही विधानसभा से विधायक, मप्र से छत्तीसगढ़ तक बनी भाजपा सरकारों में मंत्री रहे भाई मोहन अभी रायपुर के सांसद हैं। छ्ग बनने से लेकर अभी तक आदिवासी नेता साय (नंदकुमार साय, विष्णुदेव साय) दोनों ही मोहन भैया पर भारी पड़ेज़? नया छ्ग राज्य बना तो नेता प्रतिपक्ष के लिये उनका मजबूत दावा था पर नंदकुमार साय को इस पद पर नियुक्त किया गया, उस समय अचानक उपजे विवाद का वे अभी तक खामियाजा भुगत रहे हैं।भूपेश की सरकार जाने के बाद भाजपा की सरकार बनी तो विस में सबसे वरिष्ठ 8 बार लगातार विधायक होने से सीएम के लिये भी उनका दावा बनता था पर विष्णुदेव साय को सीएम बना दिया गया, चलो उनके मंत्रिमंडल में मोहन शामिल हो गये पर वह भी आला कमान को बर्दाश्त नहीं हुआ उन्हें लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बना दिया गया, जाहिर था उन्हें जीतना ही था, रिकार्ड मतों से जीतने के बाद भी उन्हें मोदी मंत्रिमंडल में स्थान नहीं मिला, पहलीबार के सांसद तोखन साहू को स्थान दिया गया, कुल मिलाकर उनके साथ अन्याय ही हुआ, यह चर्चा आम-खास के बीच है।



### बड़ा प्रशासनिक फेरबदल जल्दी...

साय सरकार के 9 महीने के कार्यकाल में सांय-सांय काम होने की बात भाजपा के लोग प्रचारित करते रहते हैं, पर अब सांय-सांय तबा दले होने की भी संभावना से इंकार नहीं हैज्सीएम सचिवालय से लेकर अति रिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव, संचालक स्तर पर भी फेरबदल हो सकता हैज् सूत्र कहते हैं कि प्रतिनियुक्ति से लौटने वाले आईएएस को महत्व पूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है, इधर दो आईपीएस की फील्ड में पदस्थापना होने की भी संभावना है, दोनों अभी नान पुलिस कार्य कर रहे हैं। कुछ एसपी भीबदले जा सकते हैंज़?



### कैप्टन अभिमन्यु दूसरी बार फिर हारे...

हरियाणा में भाजपा की तीसरी बार सरकार बन रही हैं, एक बार जीतकर वित्त मंत्री बनने, लगातार 2 बार हारने वाले कैप्टनअभिमन्यु का छ्ग से नाता है, वे एक समाचार पत्र और न्यूज़ चैनल से मालिक हैं। इस बार के विस चुनाव में उनकी बुरी पराजय की छ्ग में भी जमकर चर्चा है। नारनौंद विधानसभा सीट पर कांग्रेस के जस्सी पेटवार जीत गए हैं।जस्सी पेटवार ने भाजपा के अभिमन्यु को 12578 वोटों से हराया है।कांग्रेस के जस्सी पेटवार को 84801 अभिमन्यु को 72223 वोट मिले।

### और अब बस...

- पापुनि में ईमानदार एसीएस रेणु पिल्ले कोजाँच का जिम्मा देकर क्या किसी को निपटाने की तैयारी हैज़?
- कांग्रेसी मामा के पीछे तो बिष्णुदेव सरकार लगी है पर भांजी दामादों पर मेहर बान क्यों हैज़?
- क्या किसी आदिवासी मंत्री को महत्वपूर्ण विभाग दिया जा रहा हैज़?

# भाजपा सरकार का भ्रष्टाचार सड़कों पर दिख रहा: कांग्रेस

**रायपुर, 13 अक्टूबर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि भाजपा के राज में भ्रष्टाचार की जड़े इतनी गहरी हो गयी हैं कि सरकार का भ्रष्टाचार अब सड़को पर भी दिखने लगा है। परिवहन विभाग ने जबरिया सार्वजनिक उगाही शुरू कर दी है। उच्च पदस्थ सत्ताधीशो के संरक्षण के कारण वसूली बाज अधिकारी इतने निडर और निरंकुश हो गये है कि वसूली के लिये किराये के लठैत भी रखे हुये है। लगभग सभी आर.टी.ओ. अस्थाई चेक पोस्ट बना कर आधा दर्जन से अधिक लठैत हाथों मे लाठियां लेकर वाहनो को रोकते दिख जायेंगे। इन लठैतो की नियुक्ति वेतन आदि की व्यवस्था चेक पोस्ट पर तैनात अधिकारी अपने स्तर पर करते है। रायपुर आर.टी.ओ. ने तो अनुपम नगर में अवैध कार्यालय भी खोल लिया है जहां वसूली की राशि का बंटवारा होता है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि भयादोहन कर अवैध वसूली का आलम यह है कि राजधानी रायपुर से बिलासपुर तक के 115 किलोमीटर की दूरी तय करने में एक ट्रक को 5 स्थानों पर परिवहन विभाग (आर.टी.ओ.) और ट्रेफिक को



इन्ट्री के रूप में अवैध राशि देनी पड़ती है। इस मार्ग में रायपुर आर.टी.ओ. उड़नदस्ता (उरला सिलतरा क्षेत्र में) रायपुर आर.टी.ओ. बैरियर सिमगा, दुर्ग आर.टी.ओ. (नांदघाट पुल के आगे) बिलासपुर आर.टी.ओ. (नारायणपुर) बिलासपुर ट्रेफिक पुलिस (चकरभाठा) में कैंप लगाकर ट्रकों को रोक कर वसूली करते परिवहन विभाग के अधिकारी और लठैत दिख जायेंगे। यदि ट्रक छत्तीसगढ़ की है तो आर.टी.ओ. अमले द्वारा वसूली जाने वाली इंट्री राशि 1500 रू प्रतिमाह होती है। ट्रक छत्तीसगढ़ के बाहर अन्य राज्य की है तो वसूली जाने वाली इन्ट्री राशि दुगनी 3000 रू. प्रतिमाह हो जाती है। इसके अलावा आर.टी.ओ. अमले द्वारा मैकेनिकल फाइन के नाम पर सभी ट्रकों से अनिवार्य 1400 रू.प्रतिमाह की अवैध वसूली की जाती है। यह स्थिति सिर्फ एक मार्ग की नहीं है, सरकारी संरक्षण में वसूली का यह काला कारनामा प्रदेश के सभी मुख्य मार्गों पर लगातार जारी है। रायपुर धमतरी मार्ग पर माना के पास, रायपुर उड़ीसा मार्ग में सरायपाली के पास तथा प्रदेश के सभी सीमाओं पर आर.टी.ओ. अमले द्वारा अवैध वसूली की जा रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि जबरिया की जाने वाली यह अवैध वसूली भाजपा सरकार में ऊंचे पदो पर बैठे राजनैतिक आकाओं के सीधे संरक्षण में चल रही है। प्रतिवाद करने पर वसूली करने वाले स्पष्ट शब्दों में कहते हैं हम क्या करें ऊपर तक पैसा पहुंचाना पड़ता है। इसी वसूली के बल बूते आर.टी.ओ. कर्मचारियों की कमाई वाले क्षेत्रों में पोस्टिंग के लिये लाखों की बोलियां लगाई जाती है।

अधिक बोली लगाने वाला वसूली की राशि अधिक संख्या में पहुंचाने का वचन देने वाला अधिकारी ही मलाईदार पोस्टिंग पाता है। भाजपा सरकार की इसी जबरिया वसूली के कारण अन्य प्रांतो की माल वाहक ट्रकें छत्तीसगढ़ आना ही नहीं चाह रहे या फिर अधिक भाड़ा में आ रहे है। भाजपा सरकार के संरक्षण में चल रही इस अवैध इस वसूली का हर्जाना छत्तीसगढ़ की जनता को महंगे दामों में दैनिक उपयोग की समान खरीद कर उठाना पड़ रहा है।

### कांग्रेस प्रदेश के वातावरण को विषाक्त कर रही : भाजपा

**रायपुर, 13 अक्टूबर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नलिनीश ठोकने ने एनसीआरबी की रिपोर्ट के मद्देनजर कांग्रेस की पिछली भूपेश सरकार पर जमकर निशाना साधा है। ठोकने ने कहा कि प्रदेश में जबसे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा की सरकार सत्ता में आई है, कांग्रेस और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मिथ्या प्रलाप कर करने का टूलकिट एजेंडा चला रहे हैं। कांग्रेसियों को झूठ की राजनीति करने से पहले अपने गिरेबाँ में झाँकना चाहिए, जब कांग्रेस के कुशासन ने कदम-कदम पर लोगों को अपनी जीवनलीला खत्म करने के लिए विवश किया था। कांग्रेस प्रदेश के वातावरण को विषाक्त कर रही है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ठोकने ने कहा कि एनसीआरबी की रिपोर्ट बताती है कि पिछले 5 वर्षों में भूपेश बघेल के राज में छत्तीसगढ़ की क्या दशा और दिशा रही है? कितने लोगों ने अपनी जीवनलीला समाप्त करने के लिए आत्महत्या का रास्ता अपनाया है? किसानों की हितैषी होने का दम भरने वाली पूर्ववर्ती भूपेश सरकार एनसीआरबी की रिपोर्ट देखे जब 500 से अधिक किसानों ने कर्ज के तले दबकर आत्महत्या का रास्ता अपनाया था।

रावण दहन



**रायपुर, 13 अक्टूबर।** सुन्दर नगर कॉलोनी दशहरा मैदान में मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व सांसद सुनील सोनी, पार्षद मृत्युंजय दुबे ने हजारों नागरिकों की उपस्थिति में विजयादशमी की शुभकामनाएं देते हुए रावण का दहन किया। 1 घण्टे की आकर्षक आतिशबाजी का उपस्थित जनता ने आनन्द लिया।

# रामकृष्ण केयर अस्पताल की बीएमटी इकाई में पांचवां सफल बोन मैरो ट्रांसप्लांट

**रायपुर, 13 अक्टूबर।** रामकृष्ण केयर अस्पताल के चिकित्सा निदेशक डॉ. संदीप दवे को रामकृष्ण केयर अस्पताल की बीएमटी इकाई में पांचवां सफल बोन मैरो ट्रांसप्लांट की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। यह बोन मैरो ट्रांसप्लांट सुविधा को उच्चतम सफलता दर और किफायती लागत पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया है।

बीएमटी इकाई के प्रभारी और वरिष्ठ ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. रवि जायसवाल ने बताया कि भिलाई के 59 वर्षीय सज्जन एनीमिया (कम एचबी), गुर्दे की विफलता (बढ़ी हुई क्रिएटिनिन), पीठ दर्द (रीढ़ की हड्डी में दबाव) से पीड़ित थे और जांच के बाद पता चला कि उन्हें मल्टीपल मायलोमा (रक्त कैंसर का एक प्रकार) है, जिसके लिए उन्हें 16 सप्ताह तक साप्ताहिक लक्षित दवाओं और इम्यूनोथेरेपी (डाराटुमुमैब) के संयोजन से उपचार दिया गया। बीमारी के नियंत्रण में आने के बाद बोन मैरो ट्रांसप्लांट करने का निर्णय लिया गया, क्योंकि इससे अधिकतम जीवन दर मिलती है।

इस चुनौती को स्वीकार करते हुए डॉ. रवि जायसवाल (ऑन्कोलॉजिस्ट), डॉ. रूना (ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग) डॉ. विशाल कुमार (क्रिटिकल केयर और ट्रांसप्लांट आईसीयू) और अस्पताल के विभिन्न विभागों ने मिलकर काम किया। इस प्रक्रिया के लिए डॉ. जायसवाल ने बताया कि साइटोटॉक्सिक दवा के संक्रमण से पहले स्वयं के शरीर की स्टेम कोशिकाओं को संरक्षित किया जाता है और संरक्षित स्टेम कोशिकाओं को



रोगियों के शरीर में फिर से संक्रमित किया जाता है। रोगी के अस्थि मज्जा में स्टेम कोशिकाओं को प्रत्यारोपित करने में लगभग 12 दिन लगते हैं। पिछले दो सप्ताह की अवधि रोगी के लिए महत्वपूर्ण थी क्योंकि वह प्रतिरक्षाविहीन अवस्था में था और संक्रमण से ग्रस्त था। चूंकि राज्य में ल्यूकेमिया, लिम्फोमा, मायलोमा के मामले लगातार बढ़ रहे हैं, इसलिए डॉ. जायसवाल और रामकृष्ण केयर अस्पताल में उनकी टीम छत्तीसगढ़ और आसपास के राज्यों के नागरिकों को विश्व स्तरीय कैंसर देखभाल प्रदान करने के लिए लगातार कड़ी मेहनत कर रही है। प्रत्येक अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण मामले में अनूठी चुनौतियां होती हैं और पिछले 8 वर्षों में पर्याप्त अनुभव प्राप्त करने के बाद हम सर्वश्रेष्ठ देने के लिए तैयार हैं, डॉ. जायसवाल ने निष्कर्ष निकाला। रोगी पूरी तरह से ठीक हो गया और 15वें दिन अस्पताल से सफलतापूर्वक छुट्टी दे दी गई।

# रावण दहन कार्यक्रम में शामिल हुए विकास उपाध्याय

**रायपुर, 13 अक्टूबर।** नवरात्रि के बाद दशमी तिथि पर दशहरा के अवसर पर रायपुर पश्चिम के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने रायपुर शहर सहित रायपुर पश्चिम के प्रमुख स्थानों मे रावण दहन कार्यक्रम मे सम्मिलित होकर दशहरा त्यौहार बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। सभी प्रमुख स्थानों में सर्वप्रथम रामलीला का आयोजन किया गया उसके बाद रावण दहन का कार्यक्रम हुआ। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय रायपुर के भाठागांव, हीरापुर, लाखेनगर, मोहबाबाज़ार, टिकरापारा, गुढ़ियारी सहित विभिन्न स्थानों पर आयोजित रावण दहन कार्यक्रम शामिल हुये। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस पार्टी के साथीगण भी उपस्थित थे।

दशहरा हिन्दुओं का एक प्रमुख त्योहार है। अश्विन मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को इसका आयोजन होता है। भगवान राम ने इसी दिन रावण का वध किया था तथा देवी



दुर्गा ने नौ रात्रि एवं दस दिन के युद्ध के उपरान्त महिषासुर पर विजय प्राप्त की थी। इसे असत्य पर सत्य की विजय के रूप में मनाया जाता है। इसीलिये इस दशमी को 'विजयादशमी' के नाम से जाना जाता है।

इस दिन लोग शस्त्र-पूजा भी करते हैं और नया कार्य प्रारम्भ करते है ऐसा विश्वास है कि इस दिन जो कार्य आरम्भ किया जाता है उसमें विजय मिलती है। प्राचीन काल में राजा लोग इस दिन विजय की प्रार्थना कर रण-यात्रा के लिए प्रस्थान करते थे। इस दिन स्थान-स्थान पर मेले लगते हैं। रामलीला का आयोजन होता है। रावण मेघनाद कुभंकरण का विशाल पुतला बनाकर उसे जलाया जाता है। दशहरा अथवा विजयदशमी भगवान राम की विजय के रूप में मनाया जाए अथवा दुर्गा पूजा के रूप में, दोनों ही रूपों में यह शक्ति-पूजा का पर्व है, शस्त्र पूजन की तिथि है। हर्ष और उल्लास तथा विजय का पर्व है। दशहरा का पर्व दस प्रकार के पापों- काम, क्रोध, लोभ, मोह मद, मत्सर, अहंकार, आलस्य, हिंसा और चोरी के परित्याग की सद्प्रेरणा प्रदान करता है।

### टाइल्स दुकान में चोरी, बंदी

**रायपुर, 13 अक्टूबर।** राजधानी के टिकरापारा थाना क्षेत्र में एक टाईल्स दुकान में ताला तोड़कर चोरी हुई है। चोरों ने दुकान के गल्ले में रखे रुपए और मोबाइल और दोपहिया वाहन पार कर दिए। वह चोरी के पैसों से अपने शौक पूरे करने चाहता था। हालांकि इस मामले में पुलिस ने सीसीटीवी के आधार पर एक चोर को गिरफ्तार कर लिया है। मनेंदर सिंह ने टिकरापारा थाने में एफआईआर दर्ज करवाई। जिसमें उन्होंने बताया कि वह लालपुर स्थित ग्लोबल टाईल्स दुकान में मैनेजर का काम करता है। 3 सितंबर की रात 9 बजे वह दुकान बंद करके घर चला गया। अगले दिन सुबह 9 बजे जब वापस आया तब उसके दुकान का ताला टूटा हुआ था। दुकान के अंदर का सामान बिखरा हुआ था। चोर ने दुकान के गल्ले में रखे कुछ कैश, मोबाइल और दोपहिया की चोरी कर ली थी। पुलिस ने आसपास सीसीटीवी कैमरे को चेक किया गया तो उसमें चोर नजर आया। इसके बाद टिकरापारा पुलिस और एंटी क्राइम यूनिट ने इस मामले में एफआईआर दर्ज करते हुए चोर की तलाश की।

# रविवि के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दो माह विलम्ब से पेंशन

**रायपुर, 13 अक्टूबर।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के सेवानिवृत कर्मचारियों को दशहरा पर्व तक पेंशन नहीं मिलने से हो रहा वे तनाव में हैं। दवाई पानी के आदि के लिए भी पैसे नहीं है। उक्त उदगार सेवानिवृत सेक्शन आफिसर एवं कर्मचारी संघ के पूर्व सचिव प्रदीप कुमार मिश्र ने व्यक्त किए हैं। उन्होंने बताया कि विगत दो माह से लगातार पंद्रह-पंद्रह



दिनों के विलम्ब से शिक्षकों और कर्मचारियों को पेंशन मिलने से सभी वर्ग के पेंशन भोगी कर्मचारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इन कर्मचारियों को प्रतिमाह राशन के साथ साथ अपने और अपनी पत्नी की महीने भर की दवाइयों के साथ साथ उन पर आश्रित परिवार के सदस्यों की व्यवस्था कैसे कर रहे है वे ही जानते है। कोई ब्याज में उधार लेकर अपना पेट भर कर घर चला रहा है तो कोई पेंशन मिलने की उम्मीद में उधार पर उधार ले रहा है। ब्याज सहित उधार देने वाला ब्याज और मूलधन नहीं मिलने से उधार देना भी बंद कर दिया है। कर्मचारियों की अपनी नौकरी से सेवानिवृत होते ही घर और समाज में उधार देने से लोग कतराते है। विवि के सेवानिवृत्त कर्मचारियों की हालत बद से बदतर हो गई है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26